






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 270

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 14 जुलाई, 2023


### सीएम योगी ने यूपीपीएससी और यूपीएसएसएससी में चयनित 510 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# यूपी में 6 साल में मिलीं 6 लाख सरकारी नौकरियां: सीएम योगी

### योगी बोले, बंगाल चुनाव में निर्दोष मारे गए, कहा, ये लोग सिर्फ लोकतंत्र का ढिंढोरा पीट रहे, यूपी चुनाव में हिंसा नहीं हुई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में गुरुवार को सीएम योगी ने यूपीपीएससी और यूपीएसएसएससी में चयनित 510 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि बंगाल चुनाव में निर्दोष मारे गए। ये लोग लोकतंत्र का ढिंढोरा पीट रहे है। यूपी में किसी भी चुनाव में हिंसा नहीं हुई हैं। भर्ती से लेकर चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से हो रही है। किसी भी तरह का कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। अब तक यूपी में 6 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि आज सचिवालय प्रशासन के समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। आज प्रदेश में बदलाव दिखाई दे रहा है। कोई सोच नहीं सकता था कि बिजनौर और अंबेडकरनगर से कोई नियुक्ति होगी। कुछ कर गुजरने की तमन्ना होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा कहते हैं कि चुनौतियों से घबराना कैसा, इसको सामना करने के लिए सामर्थ्य पैदा करना होगा। आज तक 6 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। साल 2021 से अब तक डेढ़ साल में 16 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हो चुका है।

#### आज लोगों के घर तक नौकरी पहुंच रही है

इस दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि यूपी पहले भ्रष्टाचार का अड्डा हुआ करता था। मगर, आज योग्यता के चलते लोगों के घर तक नौकरी पहुंच रही हैं। सीएम योगी ने यूपी में कानून व्यवस्था स्थापित करने का काम किया है। पीएम मोदी को पूरा देश बदलना है। मगर, सीएम को उत्तर प्रदेश बदलना है। देश की आजादी के बाद पैदा हुए हम लोग को कुछ करने का अवसर नहीं मिला। लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश की सवा सौ करोड़ लोगों के बारे में बात करते हैं।



#### यूपी में बिना हिंसा पूरी हुई मतदान प्रक्रिया

सीएम ने कहा कि यूपी में पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव और हाल ही में 17 नगर निगम में निकाय चुनाव में बिना हिंसा, बिना बूथ कैप्चरिंग के शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। 6 करोड़ मतदाताओं ने मतदान किया। लेकिन बंगाल में पंचायत चुनाव में मतदान के दिन हिंसा हुई। गणना के दिन भी हिंसा हुई। ये लोग लोकतंत्र का ढिंढोरा पीट रहे हैं।

#### सीएम बोले- ईमानदारी से आप काम करेंगे

उन्होंने कहा कि पिछले 6 साल से ईमानदारी से किए गए काम के चलते यूपी में बदलाव दिखाई दे रहा है। कोरोना काल में तीन बड़े चुनाव होने के बावजूद 55 हजार नियुक्ति पत्र दिए हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि मै खुद अपेक्षा रखता हूं कि जिस ईमानदारी आपकी नियुक्ति हुई है। उसी ईमानदारी आप काम करेंगे। आज नियुक्ति पर कोई ऊंगली नहीं उठा सकता है। आरक्षण का लाभ हर तबके को मिल रहा है।

#### 510 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

योगी ने गुरुवार को यूपी लोक सेवा आयोग और यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से चयनित 510 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसमें सचिवालय प्रशासन विभाग के 199 समीक्षा और सहायक समीक्षा अधिकारी, परिवहन विभाग में 183 कनिष्ठ सहायक और निर्वाचन विभाग में कनिष्ठ सहायक के लिए 128 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला है। नियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि पिछले 6 साल के भीतर लगभग 6 लाख सरकारी भर्ती कर चुके हैं।

#### कभी किसी पीड़ित को परेशान न करें

इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज 510 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला। इनमें 199 समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परिवहन विभाग के कनिष्ठ सहायक निर्वाचन विभाग 128 कन्या सहायक शामिल हैं। हर किसी को उसकी योग्यता के आधार पर ही नियुक्ति मिली है। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि जिस जिस व्यवहार की अपेक्षा आप लोगों से करते थे। उसी तरह से आप लोगों से करे। कभी किसी पीड़ित को परेशान न करिए, सही से व्यवहार करिए। यूपी सरकार पूरी पारदर्शिता के आधार पर चल रही है। उसी की आप लोगों से अपेक्षा है।

#### सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से ज्यादा थी। विगत छह वर्ष में हमारी सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही है। दो करोड़ से अधिक युवाओं को हम लोगों ने स्वरोजगार के साथ जोड़ने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा आयोग बनाने जा रहे हैं। इसके तहत उच्चतर शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा चयन आयोग की प्रक्रिया को जोड़ देंगे। सीएम योगी ने कहा कि संविधान प्रदत्त आरक्षण की सुविधा की लाभ हर तबके को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का संकल्प लिया है। इसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अगर प्रदेश का हर व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में इमानदारी से कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे तो उत्तर प्रदेश को आने वाले समय में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में सफल रहेंगे।

- सीएम योगी बोले, आज यूपी की नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई उंगली नहीं उठा सकता
- नए अधिकारियों को हिदायत, एक फाइल एक टेबल पर तीन दिन से ज्यादा न रहे

समीक्षा, सहायक समीक्षा अधिकारी **199**

परिवहन के **183**

और निर्वाचन के **128** कनिष्ठ सहायकों का हुआ चयन

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव आपने देखा है। जिस दिन मतदान था, उस दिन तो हिंसा के चलते लोगों की मौत हुई ही, मतगणना के दौरान भी लोग मारे गये। पंचायत चुनाव से लेकर निकाय के चुनाव हुए।

#### एक फाइल, एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे

सीएम योगी ने गुरुवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित नव नियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि 2021 से 2023 के बीच में डेढ़ वर्ष के अंदर हमारी सरकार 21 नियुक्ति पत्र कार्यक्रम संपन्न करा चुकी है। इसके तहत लगभग 55,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। सीएम योगी ने नव नियुक्त अधिकारियों को कहा कि प्रदेश भर से जुड़ी हुई समस्याएं किसी ना किसी रूप में आपके पास आएंगी। हमारा प्रयास होना चाहिए एक फाइल, एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे।

### लखनऊ में दिन में छाया अंधेरा, 1 घंटे हुई तेज-बारिश

# मुसीबत : सहारनपुर में आई बाढ़, 40 कॉलोनियों और 45 गांव में भरा पानी

- मथुरा में हर घंटे 2 सेंटीमीटर बढ़ रहा यमुना का जलस्तर, कानपुर में कटरी इलाका खाली कराया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रदेश के अधिकांश शहरों में झमाझम हुई। लखनऊ में दोपहर 12 बजे के बाद दिन में अंधेरा छा गया। करीब 1 घंटे तेज बारिश हुई। वहीं लखनऊ नगर निगम की टीम बारिश को देखते हुए शहर में जर्जर हो चुके भवनों को बुलडोजर को गिरा रही है। सहारनपुर में बारिश से बाढ़ आ गई है। ढमोला और पांवधोई नदी का पानी 40 कॉलोनियों तक पहुंच गया है। 50 हजार लोग प्रभावित हैं। 2 हजार लोगों को राहत शिविर में शिफ्ट किया गया है। 45 गांव भी बाढ़ की जद में हैं। वहीं, मथुरा में यमुना नदी का जलस्तर हर घंटे करीब 2 सेंटीमीटर बढ़ रहा है। कानपुर में गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद कटरी इलाके को खाली करा दिया गया है। लोगों को बाढ़ राहत कैंप में भेजा गया है। मुरादाबाद में बारिश से रेल ट्रैक क्षतिग्रस्त होने की वजह से ट्रेनें रोक दी गई हैं। सीनियर डीसीएम ने कहा, गुरुवार सुबह 4 बजे से रेलवे की टीमें ट्रैक की मरम्मत कर रही है। जल्द ही यातायात दोबारा शुरू किया जाएगा। वहीं, यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण दिल्ली सरकार ने सिंघु बॉर्डर, बदरपुर बॉर्डर, लोनी बॉर्डर और चिल्ला बॉर्डर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दिया है। लोनी बॉर्डर गाजियाबाद में और चिल्ला बॉर्डर नोएडा में लगता है।



#### यूपी में 31 जिलों में बारिश का अलर्ट

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार बारिश के बाद गंगा और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। कानपुर में 35 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। वहीं यूपी में आज भी 31 जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक जिलों में 16 जुलाई तक मूसलाधार बारिश का दौर जारी रहेगा।

#### इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, जमजाथपुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, रामपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी में गरज-चमक के साथ बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

#### यमुना से मंडराया बाढ़ का खतरा

यमुना के जल में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण 40 बाढ़ चौकी को अलर्ट किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक हथिनी कुंड से ढाई लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया है।

## एक्सप्रेस-वे पर 2 किमी रॉन्ग साइड दौड़ी सरकारी इनोवा

- गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने काटा चालान, बस हादसे में ड्राइवर-मालिक जेल भेजे

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रॉन्ग साइड दौड़ती बस की टक्कर से 6 लोगों की मौत के बावजूद वाहन चालक सुधरने को तैयार नहीं हैं। एक सरकारी इनोवा करीब दो ञरू तक रॉन्ग साइड में दौड़ती रही। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने इसका दो हजार रुपए का चालान काटा है। उधर, दो दिन पहले हुए बस हादसे में पुलिस ने उसके ड्राइवर और मालिक को जेल भेज दिया है।

#### चालान काटा गया : पुलिस

गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट करके कहा, 'गाड़ी दिल्ली से एक्सप्रेस-वे की लाइन में आ रही थी, जो गौर ग्रीन पर कट भूल जाने के कारण आगे चली गई थी। उक्त वाहन पुनः रॉन्ग साइड में वापस आ रहा था। गौर ग्रीन कट पर तैनात यातायात कर्मियों द्वारा उक्त वाहन को रोककर चालान कर कार्रवाई की।' उधर, गाजियाबाद पुलिस ने छह लोगों को मौत की नींद सुलाने वाले बस के ड्राइवर प्रेमपाल और मालिक संदीप चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, इस बस के अब तक 15 चालान कट चुके हैं। इसमें तीन चालान रॉन्ग साइड बस चलाने पर हुए हैं। आरोपी ड्राइवर प्रेमपाल पूर्व में बिहार में ऐसा ही हादसा कर चुका है।

#### राज्य संपत्ति अधिकारी के नाम पर है कार

जानकारी के अनुसार, ये इनोवा गाड़ी डॉक्यूमेंट्स में राज्य संपत्ति अधिकारी, उत्तर प्रदेश सरकार के नाम रजिस्टर्ड है। इस पर लखनऊ का नंबर है। संभावना है कि संपत्ति विभाग से ये इनोवा गाजियाबाद के किसी अधिकारी को आवंटित की गई होगी। इस वजह से पुलिस ने महज चालान काटकर इतिश्री कर ली।

## लोक गायिका नेहा सिंह राठौर पर दर्ज हुआ एक और केस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सोनभद्र सीमा से सटे मध्यप्रदेश की सिंगरौली (बैढ़न) पुलिस ने चर्चित लोक गायिका नेहा सिंह समेत तीन लोगों पर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। मामला सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर आपत्तिजनक पोस्ट से जुड़ा है। सिंगरौली के जिला धर्म जागरण प्रमुख प्रेमसागर शर्मा ने ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कर आरएसएस व आदिवासी समुदाय के बीच वैमनस्यता पैदा करने का आरोप लगाते हुए बैढ़न कोतवाली में नामजद तहरीर दिया था। पुलिस ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर सहित तीन अन्य के विरूद्ध धारा 153 ए आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दिया है। फरियादी प्रेमसागर शर्मा (50) निवासी थाना रोड गनियारी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि नेहा सिंह राठौर के साथ हिमांशु कुमार, नरेंद्र सिंह निवासी सीधी (मप्र) की ओर से अपने ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कर आरएसएस व अन्य समुदाय के बीच वैमनस्यता की भावनाएं पैदा की जा रही है।



# दिल्ली में बाढ़ का कहर

### बस-स्टैंड, इमारतें और सड़कें सब कुछ जलमग्न

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हरियाणा के हथनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात हैं। गुरुवार शाम 6 बजे तक यमुना का जलस्तर 208.66 मीटर पर पहुंच गया। यह खतरे के निशान 205 मीटर से 3 मीटर ज्यादा है। यह लेवल स्टेबल बना हुआ है। यमुना वजीराबाद से ओखला तक 22 किमी में है। केंद्रीय जल आयोग को आशंका है कि गुरुवार दोपहर तक जलस्तर 209 मीटर पहुंचने पर ज्यादातर इलाकों में पानी भर जाएगा। यहां एनडीआरएफ की 12 टीमें तैनात की गई हैं। 2,700 राहत शिविर लगाए गए हैं। कई इलाके पानी में डूब गए हैं। 5 से 6 फीट तक पानी भर गया है। यमुना नदी के किनारे बसे निचले इलाकों से 16 हजार से ज्यादा लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दिल्ली सरकार ने एडवाइजरी में कहा कि बाहरी राज्य के लोग दिल्ली में प्रवेश ना करें। सिंघु बॉर्डर, बदरपुर बॉर्डर, लोनी बॉर्डर और चिल्ला बॉर्डर सील कर दिए हैं। भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छोटे वाहनों की एंट्री जारी रहेगी। दिल्ली सरकार ने रविवार तक सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखने के आदेश दिए हैं। बजीराबाद, ओखला और चंद्रावल के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद कर दिए गए है। इससे राजधानी के कई इलाकों में पीने के पानी की किल्लत हो सकती है। उधर, सीएम आवास के 500 मीटर तक जलभराव हो गया है। यमुना बाजार, मजनू का टीला, निगम बोध घाट, मोनेस्ट्री मार्केट, वजीराबाद, गीता कॉलोनी और शाहदरा एरिया इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

#### दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी जारी

यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद गीता कॉलोनी पुश्ता रोड श्मशान घाट से पुराने लोहे के पुल गांधी नगर के रास्ते को डावर्ट कर दिया गया है। राजा राम कोहली मार्ग और मास्टर प्लान से स्वामी विवेकानंद मार्ग और उसके बाद जीटी रोड शाहदरा को जोड़ा गया है।

## सपा ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की, नौ उपाध्यक्ष व चार महासचिव बनाए गए

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की 147 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप की राज्य कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा, बृजेश विश्वकर्मा, श्याम



कृष्ण गुप्ता 'साहू', रामसेवक पाल, तूफानी निषाद, देशराज सिंह जाट, कल्याण यादव, अमित प्रजापति, रामनरेश चौरसिया शामिल किए गए हैं। कार्यकारिणी में चार प्रदेश महासचिव अब्दुल हफीज गॉधी, रामचन्द्र राजभर, गिरीश मथोरिया सेन महेन्द्र चौहान कोषाध्यक्ष निशीथ रंजन शामिल हैं। इनके अलावा 25 विशेष आमंत्रित सदस्य, 108 प्रदेश सचिव तथा 25 कार्यकारिणी सदस्य भी नामित किए गये है।

**अंधेर नगरी** खुद सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, कहा, अधिकारियों के मन में देश की शीर्ष अदालत के प्रति जरा भी सम्मान नहीं

# सुप्रीम कोर्ट की भी नहीं सुन रहे यूपी के अफसर

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

- सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुछ कैदियों की सजा में छूट के संबंध में उसके निर्देशों के अनुपालन में करीब एक साल की देरी पर जताई नाराजगी
- कहा, चार सप्ताह में फैसला नहीं करते हैं, तो राज्य के गृह विभाग के प्रमुख सचिव 29 अगस्त को अगली सुनवाई के दिन कोर्ट में मौजूद रहेंगे
- दो दिन पहले हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भी अपर मुख्य सचिव राजस्व को कोर्ट का आदेश न मानने पर फटकार लगाई थी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ब्यूरोक्रेट्स बेलगाम हो चुके हैं। आम आदमी की बात तो दूर, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की भी परवाह नहीं है। यह चिंता खुद सुप्रीम कोर्ट ने जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुछ कैदियों की सजा में छूट के संबंध में उसके निर्देशों के अनुपालन में करीब एक साल की देरी पर गहरी नाराजगी जताते हुए यह टिप्पणी की। दो दिन पहले हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भी अपर मुख्य सचिव राजस्व को कोर्ट का आदेश न मानने पर फटकार लगाई थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के सरकारी अधिकारियों के मन में देश की शीर्ष अदालत के प्रति जरा भी सम्मान नहीं है। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के गृह सचिव को तलब भी करने की बात कही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर अधिकारी याचिकाकर्ताओं की समय पूर्व रिहाई के सभी लंबित आवेदनों पर चार सप्ताह में फैसला नहीं करते हैं, तो राज्य के गृह विभाग के प्रमुख सचिव 29 अगस्त को अगली सुनवाई के दिन कोर्ट में मौजूद रहेंगे।

#### हमें लगता है कि कुछ कठोर कदम उठाने होंगे

सुप्रीम कोर्ट ने एडिशनल एडवोकेट जनरल अर्धेंदुमौली कुमार प्रसाद से कहा कि आपके राज्य में यही हो रहा है। आपके अफसर जितना अनादर दिखा रहे हैं, हमें लगता है कि कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। पिछले साल कोर्ट पहुंचने वाले 42 दोषियों में से कई को हाईकोर्ट ने माफी याचिका पर फैसले तक रिहा या बरी कर दिया था। सात आवेदन अब भी लंबित हैं।



#### राज्य सरकार ने कहा, कोर्ट का राज्यपाल को डेडलाइन देना सही नहीं होगा

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि सिफारिशों के बाद सजा में छूट पर अंतिम निर्णय राज्यपाल को लेना होता है। कोर्ट का राज्यपाल को डेडलाइन देना सही नहीं होगा। हालांकि, इस पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, 'कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। ऐसे लोग भी हैं, जो करीब 30 वर्षों से परेशान हैं। पिछले साल 16 मई को हमने तीन महीने में निर्णय लेने का निर्देश दिया था। तब भी प्रशासन ने कई कैदियों की याचिका पर अभी तक फैसला नहीं किया है। बरेली जेल में बंद याचिकाकर्ता कैदियों ने बिना छूट 14 साल से अधिक की वास्तविक सजा पूरी कर ली थी।

# अन्ना मवेशियों को गौशालाओं में करें संरक्षित: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में गुरूवार को नगर पालिका, नगर पंचायत एवं डूडा विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कलेटरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क, नाला, नालियों आदि के जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उनको तत्काल पूर्ण कराएं। साथ ही जो कार्य शुरू नहीं हुए हैं, उन कार्यों को शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य शासन की मंशा के अनुरूप गुणवेाापूर्ण होना चाहिए, यह सुनिश्चित कर लें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात का समय चल रहा है। माइक्रो प्लान बनाकर कीटनाशक दवाओं, एंटी लार्वा आदि का फागिंग मशीन के माध्यम से छिड़काव कराएं। नाला, नालियों की लगातार साफ सफाई कराते रहें। कहीं पर जलभराव नहीं होना चाहिए। मच्छरों पर कंट्रोल रहे, डेंगू के अगर कोई केस कहीं पर मिला तो सेबन्धित अधिशासी अधिकारी जिमेदार होंगे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि जो परिक्रमा मार्ग में अन्ना पशु घूमते हैं, उनको गौशाला में बंद कराएं। साथ ही जिनके निजी गोवंश हैं, उनको नोटिस दें कि अगर अपने गोवंश परिक्रमा में छोड़ेंगे तो कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि रानीपुर भट्ट के तालाब में लाइटिंग लगाई जाए। बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। ट्रैफिक चैराहा के सुंदरीकरण कार्य को जो शेष है, उसे तेजी से कराकर पूर्ण कराएं। एमआरएफ सेंटर हाई मास्क सीतापुर में सरयू नाला निर्माण आदि के कार्य में भी प्रगति कराएं। बल्दाऊ गंज में पेयजल के लिए जो बोर कराया जाना है, उस पर अपर जिलाधिकारी वि एवं राजस्व से कहा कि उप जिलाधिकारी कर्वी व जल संस्थान की टीम बनाकर सर्वे कराकर यह कार्य कराएं। उन्होंने मानिकपुर नगर पंचायत के अंतर्गत शिवनगर में बोरिंग घाटी में पंप हाउस, जेसीबी क्रय करने आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की। नगर पंचायत राजापुर के कार्यों पर अधिशासी अधिकारी से कहा कि लूप लाइन चैराहा के सुंदरीकरण के कार्य का प्रस्ताव बनाकर तत्काल कार्य शुरू कराएं, जो कार्य निर्माणाधीन है उन्हें समय सीमा के अंदर कराया जाए। नगर पंचायत मऊ की समीक्षा पर अधिशासी अधिकारी से कहा कि जो कार्य कराए जाने हैं, उसमें सभी कार्यों के टेंडर कराकर कार्य शुरू कराएं। कार्यालय में जो कार्य शेष है उसको पूर्ण कराकर कार्यालय का संचालन कराएं।

इसके बाद जिलाधिकारी ने डूडा के कार्यों की समीक्षा करते हुए अपर उप जिलाधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा से कहा कि टेंडर प्रक्रिया कराकर जो कार्य स्वीकृत हुए हैं, उन पर निर्माण कार्य शुरू कराएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास शहरी पीएम स्वनिधि योजना आदि की भी समीक्षा की।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उपजिलाधिकारी राम जन्म यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिसद कर्वी लाल जी यादव, राजापुर बीएन कुशवाहा, मऊ बालकृष्ण गौतम, मानिकपुर भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

# अपराधियों के खिलाफ न्यायालयों में करें प्रभावी पैरवी: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुला की उपस्थिति में गुरूवार को अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेटरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से निर्देश हैं कि महिला उत्पीड़न, गैंगेस्टर, पास्को पर प्रभावी कार्यवाही कराई जाए। अभियोजन व पुलिस मिलकर पैरवी करके सजा दिलाएं, जिन शासकीय अधिवक्ताओं की प्रगति ठीक नहीं है, उसमें सुधार करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियो और थानाध्यक्षों से कहा कि जनसुनवाई पर विशेष ध्यान दें। तहसील व थाना समाधान दिवस में जो भी मामले आए मौके पर गुणवेाापूर्ण निस्तारण करें। भूमि सेबन्धी मामले पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वयं जाकर निस्तारण कराएं। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब पर कार्यवाही करें। एसपीओ से कहा कि पास्को आदि जो भी अपराधिक मामले हैं उनमें अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएं।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुला ने थानाध्यक्षों तथा जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब की भठ्ठियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। अवैध लोडिंग, परिवहन, अवैध खनन पर जो वाहन पकड़े जाएं, उसमें वाहन चालक के साथ-साथ मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही की जाए, जो अवैध खनन करते पकड़ा जाए तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पास्को एट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही कराएं। महिला सेबन्धी मामलों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खनिज अधिकारी व परिवहन विभाग अभियान चलाकर संयुक्त रूप से सघन चेकिंग करके कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि स्कूल बसों का संचालन बिना परमिशन के नहीं होना चाहिए। उप जिलाधिकारियों से कहा कि शासकीय जमीनों से अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि खाद्य सामग्री का नमूना भरकर कार्यवाही करें। ड्रग इंस्पेटर को निर्देश दिए कि दवाओं की दुकानों पर छापामार कार्यवाही करके अवैध दवाओं की चेकिंग करें। उन्होंने अत्याचारों से उत्पीड़न अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों की आर्थिक सहायता पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि जो शासन से धनराशि उपलेध कराई गई थी, उसका भुगतान कर दिया गया है। शेष प्रकरणों के लिए मांग की गयी है।

इसके बाद जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कराए जाने पर अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सेमानित किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर राजबहादुर, मऊ नवदीप शुला, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, लाइन्स शीतला प्रसाद पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान करें तेज: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में गुरूवार को कर-करोर राजस्व वसूली एवं चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेटरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। जिलाधिकारी ने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर को निर्देश दिए कि जीएसटी चोरी पर कार्यवाही नहीं हो रही है, आपका विभाग कोई कार्य नहीं कर रहा है। सभी उप जिलाधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब पर लगातार चेकिंग कराएं, कहीं पर अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करें, जो ट्रक ड्राइवर नशे के हालत में सड़क पर गाड़ियां चला रहे हैं, ऐसे लोगों के लाइसेंस निरस्त करें। जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के निस्तारण पर अपर जिलाधिकारी वि एवं राजस्व से कहा कि माह में दायरा से अधिक मामलों के निस्तारण पर प्रगति न होने पर तहसीलदार राजापुर व सभी तहसीलों के नायब तहसीलदारों से स्पष्टीकरण लिया जाए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार बैंक, खनन अन्य विभागों की वसूली को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पुराने वादों का निस्तारण कराएं। ग्रामसभा की जमीनों पर किसी भी तरह का केजा नहीं होना चाहिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि खनिज अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों के साथ चेकिंग करके अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। किसी भी दशा में जनपद पर अवैध खनन नहीं होना चाहिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि चारागाह मुक्त करके वहां पर चारा उगाए जाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुेय देयो की वसूली में सभी तहसीलदार प्रगति करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उप जिलाधिकारी राम जन्म यादव, सतीश चंद्र, उप जिलाधिकारी सदर राजबहादुर, मऊ नवदीप शुला, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, डीसी वाणिज्य कर आर के सोनी, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रदीप कुमार, प्रवर्तन विवेक कुमार शुला, अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बी एन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा नेता ने लगाई सुरक्षा की गुहार

जन एसप्रेस/चित्रकूट। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता और पत्रकार जितेन्द्र मोहन शुला ने खुद अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए डोर प्रदेश के मुेयमंत्री और पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि पूर्व चेयरमैन कारनामों का विरोध करने लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ कलम चलाने से उनके ऊपर कभी भी घटना कराई जा सकती है। हाल ही में एक वरिष्ठ पत्रकार पर जानलेवा हमला कराया गया है। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है, लेकिन पुलिस ने अभी किसी भी आरोपी को गिरेतार नहीं किया। जितेन्द्र ने बताया कि उनकी धर्म पत्नी किरन शुला नगर पंचायत मानिकपुर में सभासद है, नगर पंचायत की प्रथम बोर्ड की बैठक में पूर्व चेयरमैन की दखल अंदाजी का विरोध उनकी पत्नी सहित अन्य सभासदों ने किया था और बैठक का बहिष्कार किया था। ऐसे में उनके और परिवार के सदस्यों के साथ कोई अप्रिय घटना करवाई जा सकती है। इसके अलावा फर्जी मुकदमों मे फंसवा जा सकता है। पत्र में भाजपा नेता ने अधिकारियों तथा पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों से अपनी तथा अपने परिवार की जानमाल सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## थाना सरधुवा में हुई पीस कमेटी की बैठक

जन एसप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुला के निर्देश पर आगामी मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत थाना सरधुवा उप निरीक्षक शिवमणि मिश्र की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के पीस कमेटी के सदस्यों, ताजियादारों एवं सेभ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के उप निरीक्षक ने सभी को त्यौहार को सकुशल सेपन्न कराने के निर्देश दिए।

# प्रवर्तन कार्यालय व पुलिस की साठ-गांठ से चल रही टूरिस्ट बसें

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

विभिन्न थाना क्षेत्रो के कस्बो व शहर के प्रमुख स्थानो ने गैर जनपद के लिए बिना परिमिट के बसो को संचालन खुलेआम किया जा रहा है। पाबंदी के बावजूद बगैर परमिट के बड़ी सेंया में बसें, पंजाब और मुेबई की सैर करा रहीं हैं। खागा कस्बा तो बाकायदा इस तरह की बसों का हब बन चुका है। इसके बावजूद टूरिस्ट बस के नाम पर भरे जा रहे फर्राटा को रोकने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। जिससे एआरटीओ प्रवर्तन और ईलाकाई पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। जनपद का संचालन का हब बन गया है। प्रतिदिन मुेबई, पानीपत, लुधियाना, पंजाब, अमृतसर, सूरत, अहमदाबाद, पुणे, अंबाला आदि के लिए एक दर्जन से भी अधिक बसों का संचालन किया जा रहा है। शहर के डोरी इलाके से इस तरह की बस सेवा उपलेध है। वही खागा कस्बा तो इन बसो का हब बन गया है। बाईपास व बस स्टाप सहित अनेक स्थानो मे टूरिस्ट बसो के संचालन के बडे-बडे बोर्ड देखने को मिल रहे है और सवारियो से मनमानी धन वसूली करके बसो का संचालन किया जा रहा है। वही ईलाकाई पुलिस सहित एआरटओ कार्यालय देखकर भी अनदेखा कर रहे है। जानकार कर सूत्रो की माने तो इन अबैध बसो के संचालन मे सेबन्धित विभागो का बरद्हस्त बना है। संचालक धन कमाने की लालसा पूरी करने के चक्कर मे यात्रियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। शायद सेबन्धित विभागो को बडे हादसे का इन्तजार है।

# जिला मुख्यालय के सुन्दरीकरण कार्यों में जिला पंचायत निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका: अशोक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुेयालय के सुन्दरीकरण के कार्यों में जिला पंचायत भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिसके तहत शहर के ट्रैफिक चैराहे में अपनी जमीन पर जिला पंचायत द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने गुरूवार को कार्यालय में अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर हुए कार्यक्रम में कही। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक चैराहे के समीप खाली पड़ी भूमि जिला पंचायत की है। इस जमीन पर दुकान निर्माण कराने का निर्णय जिला पंचायत ने लिया है। इसके लिए पूर्व में हुई बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। साथ ही विभागीय स्तर पर भी अवरोध समाप्त हो चुके हैं। ऐसे में शहर के ट्रैफिक चैराहे को आकर्षक और जन उपयोगी बनाने में जिला पंचायत भी योगदान करेगी। जिसके तहत अपनी खाली पडी जमीन में प्रथम तल पर 50 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। इसके बाद द्वितीय और तृतीय तल पर भी भवन निर्माण होगा। निर्माण को लेकर वह जिलाधिकारी से भेंट कर योजना को अंतिम रूप देंगे। इसके पूर्व जिला पंचायत के अपर मुेय अधिकारी सुधीर कुमार ने दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव को शुभकामनाएं दी। जिसके बाद अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को समय से कार्य पूरा करने में योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर अभियन्ता भगत सिंह, अवर अभियन्ता राम सिंह, राकेश कुमार, वरिष्ठ लिपिक इन्द्रपाल आदि मौजूद रहे।

# अभिभावक-अध्यापक बैठक में निपुण तालिकाओं की दी गई जानकारी



जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

देवमई विकास खंड के ग्राम पतारी स्थित प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों निपुण लक्ष्य, एफएलएन समर्थ कार्यक्रम, शारदा क्रार्यक्रम, डीबीटी आपरेशन कायाकल्प की जानकारी अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुला ने देने का काम किया। बैठक में स्टेट रिसोर्स ग्रुप द्वारा निपुण तालिकाओं के संबंध में अभिभावकों को जानकारी दिया गया। अटल आवासीय विद्यालय में चयनित यशिता एवं स्वाति तथा खेलकूद में मंडल के लिए चयनित वर्षा एवं निधि को खंड शिक्षा अधिकारी ने समानित किया। सेमान पाकर छात्राओं का चेहरा खुशी से खिल उठा। बैठक में शिक्षा संबंधी कार्यों के लिए अभिभावकों से सुझाव भी लिये गये। इस मौके पर एसआरजी राधेश्याम, एआरपी सुनील गौतम, डीसी एमएल वर्मा, ग्राम प्रधान बृजेन्द्र निगम के अलावा बड़ी सेंया में अभिभावक मौजूद रहे।

# नवागंतुक एसपी को दिया तोहफा, अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड, एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



नवांगतुक पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के जिले का चार्ज संभालते ही मलवां पुलिस व एसओजी द्वितीय टीम ने अवैध शस्त्र फैट्री का भंडाफोड़ कर कप्तान को तोहफा देने का काम किया। एसपी ने बताया कि मलवां पुलिस व एसओजी टीम द्वितीय ने पनई इनायतपुर गांव में खंडर पड़े मकान में चल रही अवैध शस्त्र फैट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक अभियुक्त को गिरेतार किया है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में बने व अधबने असलहों के साथ ही उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवांगतुक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से मलवां पुलिस व एसओजी टीम द्वितीय गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पनई इनायतपुर गांव में कब्रिस्तान के समीप खंडहर पड़े मकान में छापा मारकर अवैध शस्त्र फैट्री पकड़ी। मौके से एक व्यक्ति को गिरेतार किया गया। पुलिस ने आठ तमंचा 315 बोर, चार तमंचा 12 बोर, एक अर्द्धनिर्मित तमंचा 12 बोर, एक बंदूक देशी 12 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर, तमंचा बनाने के कारण बरामद किए हैं।

पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम रावेंद्र उर्फ धोकल पुत्र स्व. श्यामलाल निवासी ग्राम पनई इनायतपुर थाना मलवां बताया। एसपी ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। जिस पर पूर्व में दो अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त पुराने खराब तमंचे सही करने का भी कार्य करता है और नये तमंचे बनाकर जनपद समेत आस-पास के जनपदों में बेंचता है।

तमंचे बेंचकर ही वह अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। अभियुक्त आर्डर पर ही तमंचे बनाने का कार्य करता है। इस कार्य में जो भी लोग लिप्त हैं उनका भी सुराग लगाया जा रहा है। पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया है।

# चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मानिकपुर पुलिस टीम ने चोरी की घटना का 24 घण्टे में सफल अनावरण कर चार चोरों को दो कुंतल सरसों एवं 32 हजार रुपये के साथ गिरेतार किया। दीपक साहू पुत्र रामबाबू साहू निवासी बाल्मीकि नगर कस्बा व थाना मानिकपुर ने थाना मानकिपुर में सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने बाल्मीकी नगर स्थित उनकी दुकान की कुण्डी खोलकर दुकान में रखी नकदी व सरसों चोरी कर ले गए हैं। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में 24 घण्टे के अन्दर उप निरीक्षक हारुन रशीद खां एवं उनकी टीम द्वारा डेबू कोल पुत्र गोरालाल कोल, सत्येंद्र कोल पुत्र मीरू, कुद्दू कोल पुत्र राजन कोल व छोटू कोल पुत्र देवलाल निवासीगण गोविंद नगर कस्बा व थाना मानिकपुर को गिरेतार किया गया। आरोपियों के केजे से दीपक साहू की दुकान से चोरी किया गया दो कुंतल सरसों एवं 32 हजार रुपये बरामद हुये। चोरी का सामान बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बढ़ोारी की गयी। गिरेतारी के दौरान उप निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय, आरक्षी विमलेश कुमार, साकिर अली आदि मौजूद रहे।

**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) नार्थ, लखनऊ**

प्रकीर्ण वाद सं0 : 397/2023

तारीख पेशी- 21.07.2023

**अब्दुल रशीद**

**बनाम**

**जाय0 स्व0 अब्दुल सईद**

अब्दुल रशीद बालिग पुत्र स्व0 अब्दुल हमीद निवासी -84/9 कटरा मकबूलगंज, लखनऊ।

.....प्रार्थी

बनाम

जायदाद स्व0 अब्दुल सईद पुत्र स्व0 अब्दुल हमीद निवासी-84/9 कटरा मकबूलगंज लखनऊ।

......विपक्षी

जनसाधारण।

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **21.07.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **16.05.2023** के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत

# टमाटर चोरी पर विपक्ष की चुटकी 6 लोगों को लिया पुलिस हिरासत में

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जनपद मे महंगे टमाटर चोरी का मामला सामने आया है। जिस पर स्थानीय थाना पुलिस कई लोगो को हिरासत मे लेकर पूछ-ताझ कर रही है। औंग कस्बे के दो दुकानों से 25 किलो टमाटर चोरी हो गया है। टमाटर चोरी होने की खबर को लेकर स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई है। छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरेतार कर टमाटर बरामद कर लिया जाएगा। दूसरी ओर इस मामले को लेकर विपक्षी दल के नेता महगाई पर चुटकी ले रहे है। जानकारी के अनुसार चैड़गरा निवासी राम कुमार की औंग कस्बे में सेजी की दुकान है। इसी कस्बे में नईम भी सेजी बेचते हैं। दूसरे दिन सुबह राजकुमार और नईम जब अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो हैरान रह गए। दरअसल राजकुमार की दुकान का बाहरी हिस्सा टूटा मिला। अंदर जब वह दुकान में पहुंचे तो देखा कि 20 किलो टमाटर, 10 किलो अदरक और इतनी ही मिर्च गायब थी। बाकी सेजियां सुरक्षित थीं। इसी तरह नईम की दुकान पर भी चोरी हुई। यहां से पांच किलो टमाटर, अदरक और मिर्च गायब हुई है। दोनों दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दिया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला का मनाया गया शहीद दिवस

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



32 दिनों तक आजाद हुकूमत कायम करने वाले शहीद डिप्टी कलेटर हिकमत उल्ला खां का 165 वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। उपस्थित लोगो ने उनके व्यक्तित्व पर विस्तृत चर्चा कर रणबांकुरों व शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने की अपील किया। तत्पश्चात शहीद स्थल कोतवाली गेट पहुंच डिप्टी कलेटर के लिए अल्लाह से दुआएं किया। शहीद डिप्टी कलेटर हिकमत उल्ला सेवा संस्थान के बैनर तले बिंदकी बस स्टाप रोड स्थित डिप्टी कलेटर हिकमत उल्ला पार्क में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुेय अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने शिरकत किया। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मुहीउद्दीन एडवोकेट ने किया।

गोष्ठी में बताया गया कि जनपद के आजादी के इतिहास में डिप्टी कलेटर हिकमत उल्ला खागा के दरियाव सिंह व उनके पुत्र सुजान सिंह बिंदकी के जोधा सिंह अटैया व जमरावां के शिव दयाल सिंह रघुवंशी तथा कोराई के गयादीन दुबे की मुेय भूमिका थी। आजादी के मतवालों के आहवान् पर तत्कालीन डिप्टी कलेटर हिकमत उल्ला साहब ने जेल का ताला खोल दिया और सारे कैदियों को आजाद कर दिया। 10 जून सन 1857 ई. को आजादी के मतवालों ने पूरे शहर पर केजा कर लिया। नाना साहब फतेहपुर के स्वतंत्र होने पर बहुत प्रभावित हुए। हिकमत उल्ला साहब को फतेहपुर का प्रशासक कलेटर नियुक्त किया। 12 जुलाई 1857 को मेजर हैवलाक व मेजर रेनाल्ड की संयुक्त सेनाओं ने घमासान युद्ध के बाद हसवां व बिलंदा के देशद्रोहियों की मुखबिरी पर हिकमत उल्ला साहब को गिरेतार कर लिया और बिना मुकदमा चले कोतवाली गेट पर उनको फांदी दे दिया गया। हिकमत उल्ला साहब ने 32 दिन की आजाद हुकूमत कायम किया था। इस मौके पर रहमान असलम ने युवा पीढ़ी का आहवान किया कि रणबांकुरों व शहीदों के बलिदान से सभी प्रेरणा लें।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 13-16 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्रीसे0) : 32.0 (-3.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्रीसे0) : 25.0 (+1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 92 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.9 किमी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 27.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कल्याणपुर : बिना पंजीकरण के चल रहे 60% हॉस्पिटल



**जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे**

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर क्षेत्र में जिले के साथ 60 प्रतिशत हॉस्पिटल बिना पंजीकरण और मानक के चल रहे हैं लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नर्सिंगहोम व अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की केवल औपचारिकता ही निभा रहे हैं। यही वजह है कि कल्याणपुर के गली-मोहल्लों में बिना पंजीकरण बड़ी संख्या में मौत के कारखाने के रूप में नर्सिंगहोम व अस्पताल चल रहे हैं। इस क्षेत्र में ऐसे छोटे और बड़े नर्सिंगहोम की संख्या लगभग 300 से अधिक है। कार्रवाई न होने की वजह से नर्सिंगहोम संचालक मरीजों के इलाज में भी मनमानी करते नजर आते हैं। इतना ही नहीं मरीज के तीमारदार अक्सर हॉस्पिटल संचालकों से दो-दो हाथ करते हुए देखते हैं।

### अभी तक अस्पतालों के लाइसेंस का नहीं हुआ नवीनीकरण

कल्याणपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे नर्सिंगहोम व अस्पताल हैं, जिन्होंने अपने लाइसेंस का नवीनीकरण भी अभी तक नहीं कराया है। कई वर्षों से बिना लाइसेंस नवीनीकरण कराए ही मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। तमाम नर्सिंगहोम व अस्पताल ऐसे हैं, जिनका पंजीकरण ही नहीं है। इन्होंने आधे अधूरे कागज के साथ आवेदन कर दिया है। वे स्वास्थ्य महकमे के कर्मचारियों के संरक्षण में संचालन कर रहे हैं।

### बोले स्वास्थ विभाग के अधिकारी जल्द होगी इन पर कार्रवाई

कल्याणपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों व नर्सिंग होम के बारे में जन एक्सप्रेस के संवाददाता ने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि जल्द ही ऐसे बंद हो जाएंगे जो शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

### यह है कल्याणपुर क्षेत्र में चल रहे मौत के कारखानों की लंबी चौड़ी सूची

न्यू नीलम सरोज हास्पिटल, अंश हास्पिटल, संजय दीप हास्पिटल, जेपी हास्पिटल, एचटूओ लाइफ केयर हास्पिटल, टू लाइफ केयर हास्पिटल, यशस्वी हास्पिटल, अर्शिया हास्पिटल, एएस हास्पिटल, मां महामाई हास्पिटल, आदेश मेमोरियल हास्पिटल एवं सर्जिकल, न्यू लाइफ मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल, स्टार हेल्थ केयर हास्पिटल, अशोका हास्पिटल, वंशिका हास्पिटल, भूमि हास्पिटल, शुभ हास्पिटल, आरोग्य हास्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, अनुष्का प्रांजुल हास्पिटल, दिव्य हास्पिटल, आरोग्य मेडिकल सेंटर, भार्गव हास्पिटल, आरोग्य हेल्थ केयर सेंटर, मां पीतांबरा हास्पिटल, कुनाल हास्पिटल (स्कूल के ऊपर), अक्षत हास्पिटल, रोहित राज हास्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, विष्णु हास्पिटल (बुद्ध पार्क के बगल में), डिवाइन मेडिकल सेंटर, अनुष्का मेडिकल सेंटर, पैराडाइज हास्पिटल, जेके केयर हास्पिटल, सोनाली राज हास्पिटल, आयुष्मान हास्पिटल, मंगलम पैरामेडिको इंस्टीट्यूट एवं हास्पिटल, मां अंजनी हास्पिटल, एसआर हास्पिटल, राधे कृष्णा हास्पिटल, सर्वोदय हास्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, सेहत सर्जिकल एंड नर्सिंग केयर सेंटर, शारदा नर्सिंग होम, एलसी हास्पिटल, इंद्रानी हास्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, न्यू अभिनव हास्पिटल, न्यू पीजीआर हास्पिटल, गुनगुन हास्पिटल, कोलंबिया हास्पिटल, ओम शांति हास्पिटल और संतुष्टि हास्पिटल है। इसके अलावा कई ऐसे हॉस्पिटल हैं जो अभी नए खोले गए हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सवारी से लूट करने वाले शातिरों को पुलिस ने दबोचा



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में ई रिक्शा चालक चालकों द्वारा सवारी संग की गई लूट की घटना के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित महावीरपुरम मिर्जापुर निवासी ज्योति देवी ने गुरुवार को कल्याणपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटा राकेश कुमार सराय चौराहे के पास किसी काम से गया था। देशी शराब ठेके के पास से अपने घर जाने के लिए ई रिक्शा बुक किया था। साईं गैलेक्सी चौराहे के पास ई-रिक्शा चालक व उसके सहयोगी ने मारपीट कर रुपए व मोबाइल छीन कर भाग गए। कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पीड़ित महिला तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर शातिरों को दबोचा है पूछताछ के दौरान शातिरों ने अपना नाम विजय उर्फ विज्जन, शिवा वर्मा उर्फ सुनाल निवासी आवास विकास नंबर 3 बताया है गहनता से पूछताछ करने पर शातिरों ने पीड़ित के साथ घटना करने की बात कबूल की है ।

### सामान का बंटवारा कर रहे चोरों को पुलिस ने दबोचा



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बिठूर पुलिस के बीते दिन गुरुवार को बड़ी सफलता हाथ लगीं है। जिसमे दो दिन पूर्व चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरो को पुलिस ने दबोच लिया है। साथ-साथ चोरों के पास से चोरी किया हुआ माल भी बरामद कर लिया है। बिठूर थाना क्षेत्र के खंडेलवाल के यहाँ मंगलवार को चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित द्वारा की गईं थी एफ आई आर दर्ज होने के बाद एक्शन मोड़ में आई पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर चोरो को हिस्सा बाट करते हुए काली मंदिर के पीछे से मय सामान के दबोच लिया हैं दबोचने के बाद ज़ब पुलिस ने चोरो से पूछताछ कि तो उनकी पहचान रिंकू उर्फ़ राजेश कुमार पुत्र देवी प्रसाद गोस्वामी उम्र 30 वर्ष निवासी महर्षि बाल्मीकि नगर बिठूर,कल्लू पुत्र महेश गोस्वामी उम्र 20 वर्ष निवासी बिठूर,विकास पाण्डेय उर्फ़ छोटू पुत्र गंगा राम पाण्डेय उम्र 27 वर्ष निवासी बिठूर, ऋषभ उर्फ़ बिट्टू पुत्र आनंद कुमार गोड उम्र 19 वर्ष निवासी सूबेदार नगर बिठूर व दीपक गोड उर्फ़ बोबो पुत्र रामचंद्र गोड उम्र 23 वर्ष निवासी उपरोक्त के रूप में हुई वही एक साथी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस कर रही हैं। बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले अराजक तत्व वह चोरों की खैर नहीं है इस चोरी की घटना को करने वाले जितने चोर अभी फरार हैं वह जल्दी हवालात में होंगे।

### कार और डंपर की आमने सामने भिड़ंत, पांच घायल

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** जहांगीराबाद गांव के पास कार और डंपर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसके बाद दोनों वाहनों मे आग लग गई। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां से एक को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड फायर की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई के बम्होरी काजी निवासी कार चालक 28 वर्षीय रोहित शुक्ला पुत्र कामता प्रसाद अपने साथी बजरिया महोबा निवासी 27 वर्षीय मयंक शर्मा अपने पिता रामकिशोर साथी मनीष और बीरेंद्र के साथ मयंक का इलाज करवाने कानपुर स्थित निजी अस्पताल गए थे। वहां से देर शाम वापस घर लौट रहे थे। तभी घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव स्थित संतन गेट के पास पहुंचते ही सामने से ओवरटेक करके आ रहे डंपर से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी, की दोनों वाहनों मे आग लग गई। हादसे के बाद जलता डंपर चालक लेकर लगभग पांच सौ मीटर आगे जाने के बाद डंपर छोड़ भाग निकला। हादसे राहगीरों ने घटना की घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौक़े पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया है। हादसे मे घायल कार सवारो को पुलिस ने एम्बुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुँचाया है। जहां से रोहित को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालात मे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया है। वाहनों को किनारे करवाकर जाम खुलवाया गया है।

# दिवंगत पत्रकार सुरेश त्रिवेदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



मशहूर दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार सुरेश त्रिवेदी की पुण्यतिथि पर कानपुर प्रेस क्लब द्वारा श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकारों ने सुरेश जी के साथ बिताए समय को याद करते हुए अपने अपने विचार को सभी पत्रकारो से साझा किया।

कानपुर प्रेस क्लब संरक्षक सरस वाजपेई ने बताया कि कैसे सुरेश जी बेबाकी से पत्रकारिता करते थे। कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अवनीश दीक्षित व महामंत्री ने सभा मे संयुक्त रूप से ऐलान की आज शाम को दिवंगत पत्रकार के नाम पर किदवईनगर में पार्क का लोकापर्ण किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व महापौर प्रमिला पाण्डेय द्वारा होगा।

सुरेश त्रिवेदी जी की आत्मा की शान्ति के लिए सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण किया

श्रधांजलि सभा का संचालन वरिष्ठ पत्रकार जामी नक़वी ने किया तथा सभा मे आए हुए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया

# आज अमरजीत सिंह जनसेवक के आवास पर समर्थन मांगने जायेगी राष्ट्रीय विकलांग पार्टी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** राष्ट्रीय विकलांग पार्टी आज 14 जुलाई को पूर्व शिक्षा मंत्री व भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ कानपुर बुन्देलखण्ड के संयोजक से विभागीय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर उनसे दिव्यांगजनो की मांगो के समर्थन में उनका सहयोग मांगेगी। अमरजीत सिंह जनसेवक बीमार होने के कारण काफी समय से बेड रेस्ट पर है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा की जनसेवक जी हमारे वरिष्ठ नेता है और दिव्यांगजनो के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते है। हर समस्या में उनका सहयोग और समर्थन मिलता रहता है। वर्तमान में उनकी सरकार है और हम उनसे दिव्यांगजनो की मांगो को पुरा करने की अपेक्षा करते है। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी दिव्यांगजनो की मांगो का ज्ञापन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री को भेजने का अभियान पार्टी ने शुरू किया है।

# 'सुरेश त्रिवेदी पत्रकार पार्क' का हुआ भव्य अनावरण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बीते दिन गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार सुरेश त्रिवेदी संस्थापक चैयरमेन कानपुर जर्नलिस्ट क्लब की द्वितीय पुण्यतिथि की संध्या पर बसंती नगर स्थित ÷सुरेश त्रिवेदी पत्रकार पार्क÷ का अनवारण हुआ जिसमें सैकड़ों पत्रकारों, राजनीतिज्ञों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व उद्यमियों ने स्वर्गीय सुरेश जी की निष्पक्ष व निडर पत्रकारिता की जमकर तारीफ की। वक्ताओं ने कहा कि सुरेश जी की पत्रकारिता से नौजवान पत्रकारों को सीखना चाहिए। वह सभी के लिए नजीर पेश कर गए हैं। वही कानपुर जर्नलिस्ट क्लब हिंदी पत्रकार भवन में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सतीश महाना और महापौर प्रमिला पाण्डेय पार्क का शिलापट्ट का फीता काट कर सुरेश त्रिवेदी पत्रकार पार्क का अनावरण किया तथा नेहरू नगर स्थित अन्ध विद्यालय के बच्चों ने चिठ्ठी न कोई सन्देश गीत सुनाकर सभी की आँखें नम कर दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सुरेश जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सच्चा व निडर पत्रकार बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने की सलाह दी। महापौर प्रमिला पाण्डेय ने सुरेश त्रिवेदी जी को पत्रकारिता का क्रांतिवीर बताया। श्रद्धांजलि सभा में सुरेश जी की पत्नी अंजू त्रिवेदी दोनों पुत्र सौरभ और मनी वह अन्य परिजन उपस्थित रहे। इस मौके पर ब्रजेश मिश्र, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी, जर्नलिस्ट क्लब के शैलेन्द्र मिश्रा,आलोक अग्रवाल, रवि पाण्डेय, पुष्कर बाजपेयी, तरुण अग्निहोत्री, समेत सैकड़ों राजनीतिक समाजिक एवं पत्रकार लोग मौजूद रहे।

# आरोप : लापता बेटी को ढूंढ़ने के लिए पनकी पुलिस ने वसूले हजारों रुपए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



थाना पनकी क्षेत्र में रहने वाले एक पीड़ित पिता ने पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में पहुंचकर थाना पनकी में तैनात पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार भी लगाई है।

थाना पनकी क्षेत्र के ग्राम पतरसा में निवास करने वाले गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि अमर कश्यप नाम के युवक के साथ-साथ कई अन्य लोगों द्वारा उनकी बेटी शिवानी को बहला-फुसलाकर कहीं गायब कर दिया गया है। बीती 2 जुलाई को उनके द्वारा थाना पनकी में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। पीड़िता का आरोप है कि पनकी पुलिस उनकी बेटी को ढूंढने के नाम पर उनसे 15 से 20000 पेट्रोल गाड़ी के नाम पर वसूल चुकी है लेकिन अभी तक उनकी बेटी को नहीं ढूंढ पाई है।

# करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत, मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ थाना क्षेत्र के कोरथा गांव में बुधवार लगभग 9 बजे एक किसान पशुओं का दूध निकाल कर दूध नापने दूध डेरी जा रहा था जहां डेरी के गेट में करंट आने से पशु पालक किसान की मौके पर मौत हो गई जबकि कई लोग मौके पर खड़े थे परंतु किसी को एहसास तक नहीं हुआ की पशु पालक करंट की चपेट में आ चुका था ।

साढ़ क्षेत्र के कोरथा गांव निवासी अरुण कुमार तिवारी 53 वर्ष खेती किसानी के साथ पशु पालन का कार्य भी करता था जो बुधवार शाम दूध नापने के लिए डेरी गए थे जहां कई लोगों की भीड़ लगी होने के चलते वह हो गेट पकड़ कर अपनी बारी का इंतजार करने लगे और परंतु गेट में इ किसी तरह से करंट आ गया था जिसकी चपेट में आकर कुछ देर बाद वह नीचे जमीन पर गिर पड़े यह देख लोगों को करंट लगने का एहसास हुआ आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर सीएससी भीतरगांव लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया परिजनों में कोहराम मचा हुआ है सबका रो रो कर बुरा हाल है सीएचसी से शव गांव में निज निवास में रखा हुआ है साथ ही परिजनों ने पुलिस को सूचना कर दी है शव का गुरुवार शुबह पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा ।

# सीएसए में कुलपति की अध्यक्षता में वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की परिचर्चा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीते दिन गुरुवार को सब्जी विज्ञान विभाग पर वैज्ञानिकों एवं प्रसार विशेषज्ञों के मध्य वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि वर्तमान में ज्ञान आधारित खेती करना व खेती में सहभागिता का समावेश किया जाना आवश्यक है। यदि किसान ज्ञान एवं सहभागिता दोनों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए खेती को व्यवसायिक रूप में करेंगे तो किसानों की आय में निश्चित रूप से दोगुनी बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने सब्जी विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों को हर्बल एरिया के लिए किसानों को प्रेरित करने तथा बाजार का अध्ययन करते हुए बाजार की मांग के अनुरूप फसलों एवं प्रजातियों की बुवाई करने के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सब्जी विभाग में सूचना ज्ञान केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए जो नियमित रूप से सब्जी उत्पादकों को नवीनतम जानकारी देंने के साथ केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सब्जी उत्पादकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दे सकें। उन्होंने रसायनों के कम प्रयोग के सलाह देते हुए कहा कि पौधे केवल 30 से 35 फीसदी उर्वरकों का प्रयोग करते हैं शेष 65 से 70 फीसदी प्रदूषण बढ़ाते हैं जिससे मिट्टी तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में निदेशक शोध डॉ.पी. के. सिंह ने बताया कि किसानों की मांग के अनुरूप शोध प्राथमिकताएं निर्धारित करते हुए शोध की गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही है। कार्यक्रम में किसान कॉल सेंटर के लगभग 60 प्रसार विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर डॉ.राजीव सिंह, डॉ. डी. पी. सिंह, डॉ. संजीव, डॉ. आई. एन. शुक्ला, डॉ. पी. के. तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया कोरथा गांव में मुख्यमंत्री आवास का निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भीतरगांव के कोरथा गांव में 1 अक्टूबर 2022 को तहसील नर्वल, अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटना में 26 लोगों की दुःखद मृत्यु हुई थी। जिसके परिपेक्ष में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा दुर्घटना में मृतक के परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक- एक आवास दिए जाने की घोषणा की गयी थी। इस संबंध में ग्राम कोरथा में पूर्ण हो चुके मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 19 आवासों के कालोनी का विकास कार्यो का गुरूवार को स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी विशाख जी. द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए। आवासों के जो शेष कार्य अवशेष है उस कार्य को युद्ध स्तर पर एक सप्ताह में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। कालोनी की जल निकासी के लिए पाइप लाइन डालने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए ।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, उप जिला अधिकारी नरवर, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी हाइडिल, खंड विकास अधिकारी भीतरगांव ग्रामीण अभियंत्रण विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएसजेएमयू में इंवेस्टमेंट एंटरप्रेन्योरशिप बेस्ड सेल्फ एंप्लीमेंट ऑपर्चुनाइट्स इन एग्री सेक्टर विषय पर कार्यशाला आयोजित

**जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा**





**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा बीते दिन गुरवार को लो इंवेस्टमेंट एंटरप्रेन्योरशिप बेस्ड सेल्फ एंप्लीमेंट ऑपर्चुनाइट्स इन एग्री सेक्टर विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रो.अनिल सहगल ने कहा कि कृषि एक ऐसा क्षेत्र है जिसमे विकास की अपार संभावनाएं हैं और वह देश की बेरोजगारी की समस्याओं का हल प्रदान कर सकता है। डीन इनोवेशन डॉ. शिल्पा कायस्था ने बताया कि कृषि क्षेत्र भारत का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को देखते हुए विषय विशेषज्ञों द्वारा बताये जा रहे उपायों पर कार्य करना चाहिए जिससे देश की समस्या को हल किया जा सके। कार्यक्रम में जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफीसर जसवंत कुमार एवं इंटर्न अनुभव मौर्य द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया कार्यक्रम में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# दिनदहाड़े घर में घुसकर सिरफिरे ने पति-पत्नी पर किया हमला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चकेरी थाना क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक खूनी वारदातें आरंभ हो चुकी हैं जो अब थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

गुरूवार को फिर से एक खूनी संघर्ष की वारदात सामने आई है। एक सिरफिरे ने दिनदहाड़े घर में घुसकर पति-पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। जैसे ही मामले की जानकारी पुलिस को हुई उसके पैरों तले जमीन खिसक गई कारण यह है कि लगातार एक के बाद एक वारदातें हो रही हैं। आरोपी को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया और जमकर पीटा फिर उसे पुलिस हवाले कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना चकेरी के गांधीग्राम निवासी जितेंद्र दीक्षित के मकान में मूलरूप फतेहपुर के जाफरगंज निवासी लक्ष्मी नारायण गुप्ता (45) चार साल से किराए पर रहते हैं।उनके साथ पत्नी मंजू (42) और बेटा शिवा (19) भी रहता है। वहीं, दूसरे तल पर मकान मालिक जितेंद्र अपनी पत्नी कल्पना और परिवार के साथ रहते हैं। इसके अलावा तीसरे तल पर मूल रूप से बलिया निवासी रामू सैनी परिवार के साथ रहते हैं। बीते दिन की गुरवार दोपहर लक्ष्मी नारायण की पत्नी मंजू घर पर अकेली थीं। आरोप है कि गांधीग्राम निवासी हेमंत कुमार गौतम ने लक्ष्मीकांत गुप्ता और उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपी ने अन्य लोगों को भी नहीं बख्शा। हल्ला मचा तो काफी लोग इकठ्ठा हो गए नाराज भीड़ आरोपी को पीट पुलिस को सूचना कर दी। पुलिस के पहुंचने पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# सरकारी दफ्तर में शराब और कबाब



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सरकारी पशु चिकित्सा कार्यालय में कर्मचारी आराम से बैठकर जाम छलका रहे हैं।जिसे सुनने के बाद हर कोई कह रहा है,कि सरकारी ऑफिस अब ऐसो आराम का अड्डा बन कर रह गया है। अधिकारी और कर्मचारियों में कानून का डर खत्म हो गया है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के भेटुआ `लाक परिसर में स्थिति पशु चिकित्सल्य का है।यहां बीती शाम अस्पताल में काम करने वाला कर्मचारी दिनेश कुमार जो कि पैराबेट के पद पर तैनात है,अपने साथी के साथ मिलकर ऑफिस में ही मांस और शराब की पार्टी कर रहा था। कर्मचारी ऑफिस के अंदर ही बैठकर शराब और मांस खा रहा था। जब इस पूरे मामले को लेकर पशुचिकित्सा अधिकारी जी बी सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में कार्यवाही की जाएगी। लेकिन सवाल ये है कि समय पर देतर ना खोलने वाले रात में इसे खोलकर बैठे थे। ऐसे में अगर सरकारी देतर में कुछ इधर-- उधर होता है, तो जिमेदार कौन होता?

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाने हेतु फोर लेन को मिली स्वीकृति

जन एसप्रेस/रायबरेली। जनपद रायबरेली मुेयालय से 5 कि0मी0 दूर स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (ऐस), मुंशीगंज जाने वाले मुेय मार्ग के फोर लेन में चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण रू0 7.29 करोड़ से कराये जाने की स्वीकृति मिलने पर सदर विधायक अदिति सिंह ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया है। अदिति सिंह ने बताया कि उक्त सड़क काफी खराब एवं दयनीय स्थिति में है जिससे आये दिन मरीजों, तामीरदारों और स्थानीय नागरिकों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयासों से सर्वोदय नगर रेलवे क्रासिंग में अण्डरपास (7.69 करोड़), रामपुर बघैल में पुल (5.68 करोड़) और अब 4 लेन सड़क (7.29 करोड़) की सौगात मिल गयी है। जिससे ऐस, मुंशीगंज पहुँचने में अब मरीजों को आसानी होगी, तथा उसके साथ-साथ क्षेत्र में विकास की लहर तेजी से दौड़ गयी है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष को दबंगों ने पीटा

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

सूबे में लॉ इन ऑर्डर चुस्त-दुरुस्त होने के भले ही दावे हो रहे हों लेकिन हालात ये है कि सेाा से जुड़े नेता ही सुरक्षित नहीं हैं। सुल्तानपुर में दबंगों ने दिनदहाड़े पहले सड़क पर फिर घर में घुसकर भाजपा नेता की पिटाई की। लहूलुहान हालत में उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है। घटना कोतवाली नगर के अहमट गोराबारिक की है। अमहट निवासी शजर अेबास भाजपा अल्पसेंयक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैं। आरोप है कि वे घर के पास ही खड़े एक साथी से बातचीत कर रहे थे कि दबंगों ने उनसे मारपीट किया। उन्होंने घर में भागकर जान बचाया। लेकिन दबंग अनीस, इमरान, एहतेशाम, गुलरेज उनके घर में घुस गए और उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। शजर ने गुहार लगाया जिस पर आसपास के लोग जमा हुए



तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिवार वाले उन्हें लेकर सीधे कोतवाली नगर पहुंचे। जहां से पुलिस ने उन्हें मेडिकल के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। इमरजेंसी में डॅाटर ने बताया कि शजर व वफादार नाम के दो पेशेंट आए हैं। इन्हें चोट आई है। किसी धारदार हथियार से मारा गया है, फिलहाल शजर को भर्ती कर लिया गया है। फिलहाल शजर ने कोतवाली नगर में नामजद तहरीर दी है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि शजर का गांव के ही फिरोज से जमीन का विवाद चल रहा था। ग्राम समाज की जमीन को लेकर चले विवाद का मामला एडीएम ई की कोर्ट में चला और फिरोज बीस दिन पूर्व मुकदमा हार गए। जिसके बाद फिरोज ने अपने साथियों को मोहरा बनाया और घटना अनजाम पा गई। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है।

# हर घर नल योजना के तहत चल रही खुदाई में मानव कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब हर घर नल योजना के तहत खुदाई कर रहे मजदूरो को खुदाई के दौरान मानव कंकाल दिखाई पड़ा। खुदाई कर रहे मजदूर कार्य छोड़कर भाग खड़े हुए। भाग दौड़ में कुछ एक मजदूर चोटिल भी हुए हैं।
जानकारी के अनुसार मामला लंभुआ विधानसभा स्थित शिवगढ़ थानाक्षेत्र के जूड़ा पट्टी गांव का है। यहां हर घर नल योजना के तहत ज्ञानी शाह बाबा मजार के बगल खुदाई चल रही थी। एकाएक खुदाई के दौरान मजदूरों को



मानव कंकाल मिला। ग्रामीणों की माने तो चार मानव कंकाल मिला है। उधर मानव कंकाल मिलने के बाद निर्माण कार्य कर रहे मजदूर काम छोड़कर भाग खड़े हुए। हड़बड़ाहट में डरे सहमे एक मजदूर को चोट भी आई है।
जिसको इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कालेज सुल्तानपुर लाया गया। जहां डॅाटर ने हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। वहीं मानव कंकाल का मिलना ग्रामीणों में कौतूहल का विषय बना हुआ है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। प्रकरण में लंभुआ उप जिलाधिकारी से भी वार्ता की जा रही है और नर कंकाल की स्थिति पता लगाए जाने के लिए विशेषज्ञों की भी सलाह ली जा रही है। यह नर कंकाल कब का है इसके लिए डीएनए टेसि्टंग की भी बात सुनने में आ रही है। डीएम जसजीत कौर ने बताया कि पूरे मामले में अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चुनावी रंजिश को लेकर हुई हवाई फायरिंग

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत महमूदपुर गांव में दबंगों ने बीती रात हवाई फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दिया। चुनावी रंजिश में मामला अनजाम पाया है। पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है। महमूदपुर निवासी रणजय सिंह पुत्र स्व. राज किशोर सिंह ने तहरीर देते हुए उल्लेख किया है कि 12 जुलाई की रात मैं कटका बाजार से लौट रहा था। गांव स्थित इंटरलाकिंग प्लांट पर जैसे ही पहुंचा सामने से गांव के मान सिंह उर्फ मोनू व शान सिंह उर्फ शानू सुतगण जंग बहादुर सिंह एवं लालजी सिंह पुत्र वीर बहादुर सिंह व शिवम सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह जान से मारने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। मैं व मेरे साथ गांव के चन्दन सिंह पुत्र राजमणि सिंह व गाड़ी चालक कृष्ण गोपाल तिवारी ने किसी तरह भागकर जान बचाई। हल्ला-गुहार व फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के लोगों के पहुंचने पर दबंग लोग गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। थानाध्यक्ष गोसाईगंज आरबी सुमन ने बताया कि पीड़ित रणजय सिंह की तहरीर पर मान सिंह, शान सिंह, शिवम सिंह और लालजी सिंह के खिलाफ धारा 307, 504, 506 के तहत नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा मांग पत्र

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

ऊेार प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ अमेठी का प्रतिनिधि मण्डल धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को शिक्षकों की समस्याओं को लेकर नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी से मिला। जिलाध्यक्ष ने 10 सूत्रीय मांग पत्र शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। और सभी बिंदुओं का निराकरण शीघ्र कराने का अनुरोध किया। शिक्षक समस्याओं में प्रतिकूल प्रविष्टि से शिक्षकों को मुक्ति, निलंबन, बहाली, भविष्य निर्वाह निधि की लेखा पर्ची, सेपूर्ण



मास व एक दिवसीय अवरूद्ध वेतन बहाली, अर्जित अवकाश मानव सेपदा पर अंकित कराने अवशिष्ट वेतन आदेश निर्गत करने, न्यून नामांकन में शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन बहाल करने एवं समस्त लिपिकों के पटल पर पत्रावलियों के निस्तारण हेतु समयावधि का निर्धारण करने हेतु अनुरोध किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी बिन्दुओं के निस्तारण व समाधान हेतु संगठन को आश्वस्त किया। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी व भीषण उमस के कारण विद्यालय समय परिवर्तन की भी मांग की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्रों की सेंया न्यून बताया। जिस पर संगठन ने कहां की इसका प्रमुख कारण धान की रोपाई है।संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विभाग के प्रत्येक कार्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में सुरेन्द्र बहादुर सिंह संरक्षक, जयराम कनौजिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीराम सोनी जिला मंत्री, रमाकांत मौर्य महामंत्री सहित संगठन के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# गोमती मित्र मंडल ने सौंपा नगर पालिका परिषद को ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

बुधवार देर शाम सीता कुंड धाम पर गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नगर पालिका परिषद को एक पत्र सौंपकर सीता कुंड धाम पर स्थाई रूप से दो स्वच्छकारों की नियुक्ति का निवेदन किया जाए। पिछले 12 वर्षों से गोमती मित्र लगातार सीता कुंड धाम पर सफाई व्यवस्था संभालते हुए पूरे धाम और तट परिसर की स्वच्छता और शोभा बढ़ाने में लगे हुए हैं जिसके कारण



नगर क्षेत्र ही नहीं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से भी आने वाले श्रद्धालुओं की सेंया अब लगातार बढ़ रही है। साथ ही हर रविवार शाम होने वाली मां गोमती की आरती में भी जनसैलाब उमड़ता है, ऐसे में अब नगर पालिका परिषद को भी विशेष रूप से आगे आना चाहिए,एक तो इससे श्रद्धालुओं में धाम के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा साथ ही शासन की मंशा भी सफल होगी। इन्हीं सब बिंदुओं के साथ गुरुवार प्रातः गोमती मित्र अनुज प्रताप सिंह द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र सौंपा गया।

## मण्डलीय समीक्षा बैठक जनपद में आज

जन एक्सप्रेस/अमेठी। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह जून की प्रगति रिपोर्ट पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त करेंगे।उन्होंने बताया कि पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अपरान्ह 12:45 बजे से 01:30 बजे तक कानून व्यवस्था की समीक्षा तथा अपरान्ह 02:45 बजे से 04:00 बजे तक राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी।

# आबकारी निरीक्षक ने दबिश में पकड़ी अवैध शराब व लहन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

शासनादेश के क्रम में ऊेार प्रदेश में आबकारी विभाग व स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध शराब के कारोबार और इसमें संलिप्त माफियाओं पर आबकारी अधिनियम के तहत ठोस कार्यवाही की जा रही है। जनपद में अभियान को गति देने के लिए आबकारी निरीक्षक सुभाषचंद्र सिंह के नेृेव में लगातार सफताएं मिल रही है, अबतक आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने छापामारी करते हुए रिकार्डतोड़ लहन, अवैध शराब एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद कर उन्हें नष्ट करने



तथा संलिप्त व्यक्तियों पर अधिनियम एट के अंतर्गत अभियोग दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्यवाही कर चुके है। साथ ही उनका कहना है की अभियान जारी रहेगा। श्री सिंह ने बताया कि आबकारी आयुक्त उ.प्र. तथा जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के आदेशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी हितेंद्र शेखर के कुशल निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें विभाग को लगातार कामयाबी मिल रही है,उन्होनें बताया की कुड़वार थाना क्षेत्र के महुआरिया में दबिश देकर एक व्यक्ति को पकड़ने में सफलता मिली। कडाई से पूंछताछ पर उसने अवैध शराब तैयार करने का स्थान दिखाया, जहां पर लगभग तीन कुंटल से अधिक लहन, 15 लीटर तैयार अवैध शराब व कुछ अन्य उपकरण बरामद हुए, जिसे नष्ट करते हुए उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज करते हुए कार्यवाही की गई। दबिश के उपरांत कुड़वार क्षेत्र की लाईसेंसी शराब की दुकानों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। बारकोड़ एवं यूआर कोड स्कैन किया, निरीक्षण में किसी भी लाईसेंसी दुकानों पर अवैध शराब या कोई शिकायत नही मिली। मौके पर मौजूद लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। अभियान में आबकारी विभाग के शशि प्रकाश गुप्ता, अरविंद कुमार वर्मा, मोहेमद इरफान आदि साथ रहे।

# अपहरण व रेप का आरोपी पहुंचा जेल

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

ग्रेजुएशन कर रही छात्रा के अपहरण व रेप के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरेतार कर जेल भेजा है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पंद्रह दिन पूर्व कुड़वार थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। वही दो जुलाई को दिल्ली से छात्रा को पुलिस ने बरामद किया था। दरअस्ल मामला कुड़वार थानाक्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। उन्नीस वर्षीय एक छात्रा क्षेत्र के धर्मा देवी महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। परिवार वालों के मुताबिक 23 जून को छात्रा घर से पेपर देने के लिए कॉलेज गई और



वापस नहीं लौटी। पिता लेने के लिए स्कूल पहुंचे तो छात्रा का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद घर में रोना-पिटना मच गया। आसपास पड़ोस व रिश्तेदारों के यहां फोनकर के भी परिवारीजनों ने पता लगाया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। अंत में छात्रा के पिता ने कुड़वार थानाक्षेत्र के इसरौली निवासी मनोज मौर्य पुत्र रामफेर मौर्य के विरुद्ध 28 जुलाई को लिखित तहरीर पुलिस में दी। उन्होंने आरोप लगाया है कि मनोज बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। आरोपी जयमाल स्टेज आदि सजाने का कार्य करता है। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। गत 2 जुलाई को लड़की दिल्ली से बरामद हुई। जिसे लेकर पुलिस सुल्तानपुर पहुंची। मेडिकल के साथ-साथ उसका कलमबंद बयान दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के दौरान अपहरण के अलावा रेप व पासो एट की धाराओं को बढ़ाते हुए आरोपी मनोज को गिरेतार कर जेल भेजा है।

**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) साउथ, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 514/2023
तारीख पेशी- 07.08.2023
**शबाना**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 समीना**

शबाना आयु लगभग 46 वर्ष पुत्री स्व0 गफूर अहमद निवासिनी- 536 स/118 मेहदीगंज खदरा निराला नगर लखनऊ।
.....प्रार्थिनी
बनाम
1- जायदाद स्व0 समीना पुत्री स्व. गफूर अहमद निवासी-536ख/118 मेंहदीगंज खदरा लखनऊ, 2- आम पब्लिक।
......विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **07.08.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **06.07.2023** के दिवस को दिखाई गयी।
-मोहर अदालत

# रेलवे ने मानव तस्करी की रोकथाम हेतु चलाया संयुक्त अभियान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारतीय रेलवे सुरक्षा बल ने मानव तस्करी को रोकने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। 'ऑपरेशन एएएचटी' के हिस्से के रूप में, सभी लंबी दूरी की ट्रेनों, मार्गों पर विशेष टीमों को तैनात किया जाएगा, जो पीड़ितों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को तस्करों के चंगुल से बचाने पर ध्यान केंद्रित किया है। करेंगे। रेलवे, जो प्रतिदिन देश भर में लगभग 21,000 ट्रेनों का संचालन करता है, उन तस्करों के लिए परिवहन का सबसे विश्वसनीय साधन है जो असर अपने पीड़ितों को लंबी दूरी की ट्रेनों में ले जाते हैं।
इसी कड़ी को आगे बढाते हुए बुधवार को रेलवे स्टेशन रायबरेली में बाल कल्याण समिति रायबरेली के अध्यक्ष ओजस्कर पाण्डेय व सदस्य मिलिंद द्विवेदी, रुपा गुप्ता, राजेश्वरी सिंह, पूनम सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग/सिविल पुलिस के निरीक्षक यशवंत यादव, बाल संरक्षण अधिकारी, रायबरेली वीरेंद्र पाल तथा रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी निरीक्षक आलोक मौर्य तथा रेलवे सुरक्षा बल एएचटीयू टीम के प्रभारी एसआई जगमोहन डिमरी की टीम द्वारा ट्रेन नंबर 13005 हावड़ा अमृतसर एसप्रेस के रायबरेली रेलवे स्टेशन पर आगमन के पश्चात ट्रेन के सभी कोचो में यात्रा कर रहे संदिग्ध बच्चों व यात्रियों से पूछताछ की। बाद में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व प्लेटफार्म नंबर दो तथा सर्कुलेटिंग एरिया में चेकिंग अभियान चलाया चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार का कोई बच्चा या महिलाएं संदिग्ध हालत में नहीं मिली सभी के द्वारा नियमित तौर पर रायबरेली रेलवे स्टेशन व जिले के अन्य रेलवे स्टेशनों पर इस तरीके के चेकिंग अभियान को चलाए जाने पर सहमति व्यक्त की गई, जिससे कि रायबरेली से गुजरने वाली ट्रेनों में किसी भी प्रकार से बच्चों महिलाओं की तस्करी ना हो सकेस टीम द्वारा स्टेशन पर संचालित कैंटीन संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार से बच्चों से काम ना करवाएं यह कानूनी तौर पर अपराध है। इस संबंध में अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर कार्य करने वाले कुलियों वह सफाईकर्मियों तथा रेलकर्मियों को किसी भी प्रकार की परेशानी में नजर आने वाले बच्चों महिलाओं के संबंध में तुरंत सूचना रेलवे सुरक्षा बल राजकीय रेलवे सुरक्षा बल व स्टेशन सुपरिटेंडेंट को देने को कहा।

### मानव तस्करी क्या है?

इस संबंध में ओजस्कर पाण्डेय व मिलिंद द्वेदी आलोक मौर्या व यशवंत यादव ने यात्रियों को बताया कि मानव तस्करी, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों का यौन शोषण, जबरन विवाह, घरेलू दासता, अंग प्रत्यारोपण, नशीली दवाओं की तस्करी आदि के लिए एक संगठित अपराध है और मानवाधिकारों का सबसे घिनौना उल्लंघन है। हजारों भारतीयों और पड़ोसी देशों के व्यक्तियों को हर दिन किसी न किसी गंतव्य पर ले जाया जाता था जहां उन्हें गुलामों की तरह रहने के लिए मजबूर किया जाता था। उन्हें अवैध रूप से गोद लेने, अंग प्रत्यारोपण, सर्कस में काम करने, भीख मांगने और मनोरंजन उद्योग के लिए भी तस्करी की जा रही है। एक सर्वमान्य मत के अनुसार, देशों के बीच तस्करी बहुत व्यापक स्तर पर होती है लेकिन एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब 60ः तस्करी देशों में आंतरिक रूप से होती है। वर्तमान में मानव तस्करी से सबसे अधिक प्रभावित राज्य पश्चिम बंगाल है जिसके बाद छीेसगढ़, झारखंड और असम हैं।

## जिलाधिकारी ने की गोआश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बचत भवन के सभागार में गोशाला से सेबन्धित जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी गोआश्रय स्थलों पर भूसा स्टॉक रखा जाए। पशुओं के रहने के स्थान पर पर्याप्त शेड की व्यवस्था रखी जाए। पशुओं के चारा, पानी और चिकित्सा की समय समय पर समीक्षा की जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि बारिश के मौसम में गोशालाओं में कीचड़ ना हो। गोवंश पशुओ की टैगिंग की जाए। सभी गोआश्रय स्थलों में पौधारोपण कराया जाए। इसमें खंड विकास अधिकारी और उप जिलाधिकारी का सहयोग लिया जाए। इस बात का खास ध्यान रखा जाए कि गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो। पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा समय से पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। पशुओं के हरे चारे के लिए चारागाहों का विकास किया जाए। बैठक में मुेय पशु चिकित्सा अधिकारी, मुेय विकास अधिकारी के अतिरिक्त गोआश्रय स्थलों की जांच करने के लिए नामित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# व्यापारी नेता बसन्त सिंह बग्गा बने अमेठी एवं रायबरेली जनपद के प्रभारी




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल आनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में प्रदेश के सभी जनपदों में घूम-घूमकर व्यापारियों से सुझाव प्राप्त कर रहे हैं, इसी क्रम में गुरूवार को सिविल लाइन स्थित लान में व्यापारियों से रूबरू हुए। श्री कंछल ने कहा कि आनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में व्यापार मण्डल द्वारा प्रत्येक जनपद से प्रधानमन्त्री को सेबोधित ज्ञापन दिया जा चुका है। सरकार की अनदेखी से आनलाइन ट्रेडिंग कारोबार से छोटे व मध्यम व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं। यदि सरकार ने हमारी मांगों पर विचार नहीं किया तो व्यापार मण्डल छोटे व्यापारियों को बचाने के लिए सड़क पर उतरकर आन्दोलन करेगा। श्री कंछल ने प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा की संघर्षशीलता को देखते हुए उन्हें रायबरेली एवं अमेठी जनपद का प्रभारी मनोनीत किया तथा उनसे अपेक्षा की कि जैसे वह रायबरेली के व्यापारियों के सुख-दुख में शामिल रहते हैं, वैसे ही अमेठी के व्यापारियों को भी अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे, श्री कंछल ने जनपद अमेठी में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष बल दिया। श्री कंछल ने इसके अतिरिक्त सलोन के वरिष्ठ व्यापारी नेता सत्येन्द्र रस्तोगी को सलोन विधान सभा का प्रभारी मनोनीत किया गया। श्री बग्गा ने प्रदेश उपाध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए कहा कि बड़े व्यापारिक घरानों के दशारे पर ऑनलाइन ट्रेडिंग का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। सरकार को आनलाइन ट्रेडिंग के व्यापार में अतिरिक्त कर लगाकर छोटे, मझोले एवं खुदरा व्यापारियों को राहत पहुँचानी चाहिए। प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि देश भर में तेजी से बढ़ते आनलाइन ट्रेडिंग कारोबार के चलते छोटे व मध्यम वर्गीय व्यापारी पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं, जब सरकार व्यापारियों से कर वसूलती है, उनके हितों का ध्यान भी रखना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर इकाई के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुेय रूप से संरक्षक घनश्याम गुप्ता, गंगागंज अध्यक्ष मुन्ना पाण्डेय, हरचन्दपुर अध्यक्ष मंजीत सिंह, बछरावाँ अध्यक्ष सुनील सागर, जायस अध्यक्ष अरविन्द कौशल, डीह अध्यक्ष पवन अग्रहरि, कोयला निर्माता संघ अध्यक्ष सरयू प्रसाद सोनकर, महराजगंज अध्यक्ष पिन्टू सिंह, प्रिंशू वैश्य, शहंशाह आलम, धीरज कौशल, जिला युवाध्यक्ष सत्यांशु दुबे, महामंत्री अनुज त्रिवेदी, बाबू भाई, मो0 शाकिब आदि लोग उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 27°C |
| कानपुर | 36°C | 25°C |
| देहरादून | 31°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 36°C | 23°C |

## बीजेपी प्रदेश प्रभारी का लखनऊ का दौरा: राधा मोहन सिंह ने पदाधिकारियों संग की बैठक, बोले

# पीएम मोदी के प्रयासों से बढ़ा है देश का सम्मान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**






उत्तर प्रदेश बीजेपी के प्रभारी राधा मोहन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत लखनऊ महानगर में 'संपर्क से समर्थन' अभियान के अंतर्गत गुरुवार को डालीगंज क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी उमराव मल्टीप्लेक्स के मालिक आशीष अग्रवाल और डॉ आनंद नारायण से मुलाकात की। संपर्क के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा और महानगर अध्यक्ष सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने लखनऊ के डालीगंज क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी उमराव मल्टीप्लेक्स के मालिक आशीष अग्रवाल और डॉ आनंद नारायण से मुलाकात कर केंद्र में मोदी सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों पर लिखित पुस्तक भेटकर चर्चा की। 9090902024 पर मिस्ड कॉल करा कर पार्टी से जोड़ा। मोदी सरकार के सत्ता में आने के दो साल बाद ही जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकियों ने भारतीय सेना के हेडक्वॉटर्स पर हमला कर 18 जवानों की हत्या कर दी थी। इस हमले के 10 दिन बाद भारत ने ऐसा बदला लिया जिसने भारत की छवि बदल दी। भारत के पैरा कमांडो का एक दल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दाखिल हुआ। करीब 3 किलोमीटर अंदर घुसने के बाद पीओके में मौजूद तमाम आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इस पूरे हमले में करीब 50 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। 'एक देश एक टैक्स' की अवधारणा के तहत मोदी जी ने जीएसटी लॉन्च किया। जीएसटी लागू होने से सर्विस टैक्स, वैट, क्रय कर एक्साइज डयूटी और अन्य कई टैक्स समाप्त हो गए। इससे कई तरह की कर चोरी समाप्त हुई। मुस्लिमों में तीन तलाक का कानून काफी सालों से महिलाओं को शोषित कर रहा था। तीन तलाक विधेयक पारित किया था, मोदी सरकार के इस फैसले से लाखों मुस्लिम महिलाओं का जीवन बर्बाद होने से बच गया।

### प्रदेश प्रभारी ने टिफिन पर की बैठक

संपर्क अभियान के बाद प्रदेश प्रभारी ने लखनऊ महानगर पदाधिकारियों,मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उसके बाद घर से लाए गए टिफिन में कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज किया। बैठक में भाजपा सरकार के 9 साल पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के रहे हैं। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने बताया कि अपनी कार्यप्रणाली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अथक प्रयासों से देश का सम्मान बढ़ाया है। मोदी जी के कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है जिसकी बानगी आम जीवन में लोगों को मिल रही सहूलियतों से दिख जाती है। लगातार आर्थिक प्रगति के पथ पर बढ़ते भारत का लोहा सारी दुनिया मान रही है। कुछ चुनौतियों के बावजूद मोदी सरकार ने बेहतरीन उपलब्धियां हासिल की है । इन 9 वर्षों में मोदी सरकार ने कई बड़े एवं कड़े फैसले लिये हैं। लेकिन फैसले ऐसे है, जिसने देश दुनिया में भारत की धाक जमाई है।

### बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र पर होगा काम

मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान पर कार्यकर्ताओं को गुरु मंत्र देते हुए कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र के साथ आगामी लोकसभा चुनावी तैयारी में जुटे, बूथ ही विजय का कारक है। बूथ समिति में क्षेत्र के सभी प्रमुख जातियों के कार्यकर्ताओं के साथ महिला सदस्य को शामिल करते हुए सर्व स्पर्शी होनी चाहिए। मजबूत और प्रभावी बूथ संरचना से चुनाव में हम बड़े लक्ष्य हासिल करेंगे।



# लखनऊ मेट्रो ने कोचिंग के साथ एमओयू किए साइन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ मेट्रो ने गुरुवार को यात्रियों की सुविधा के लिए एक नई घोषणा की है। लखनऊ मेट्रो ने शहर के मशहूर कोचिंग संस्थान विद्या मंदिर क्लास के साथ एमओयू साइन किया है। जिसके मुताबिक लखनऊ मेट्रो कार्ड धारक IIT/JEE/NEET की तैयारी किफायती दाम पर कर सकेंगे। लखनऊ मेट्रो का स्मार्ट कार्ड दिखाने पर प्रथम 10 छात्रों को कोचिंग संस्थान पर 90 प्रतिशत तक की भारी छूट मिलेगी। यात्रियों के लिए उपलब्ध सुपर सेवर कार्ड पर कोचिंग संस्थान में 30 प्रतिशत तक की छूट। वहीं गो-स्मार्ट धारकों को 20 प्रतिशत तक की भारी छूट मिलेगी। लखनऊ मेट्रो ने इससे पहले यात्रियों के लिए आनंदी वॉटर पार्क और रॉयल कैफे के साथ भी 2022 में एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। सुपर सेवर कार्ड धारकों को आनंदी मैजिक वर्ल्ड और आनंदी वॉटर पार्क में मुफ्त एंट्री मिल रही है। गो स्मार्ट कार्ड धारकों को 20 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। रॉयल स्काए और स्काएयोटल में सुपर सेवर कार्ड धारकों को रूम बुकिंग पर 30 प्रतिशत और गो स्मार्ट कार्ड धारकों को 25 प्रतिशत की छूट मिल रही है। सुशील कुमार, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कहा कि यूपीएमआरसी का लक्ष्य, हमेशा अपने यात्रियों को सुविधाजनक और सुगम यात्रा मुहैया कराना रहता है। हमारा उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस ग्रीन मोबिलिटी सिस्टम का उपयोग करें। जो विश्वस्तरीय होने के साथ-साथ सुरक्षित और आरामदायक भी है।

लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक बयान के अनुसार, इस एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद छात्रों को विद्या मंदिर क्लास में निम्नलिखित सुविधाएं प्राप्त होंगी...

- मेट्रो कार्ड धारकों को प्रथम 10 रजिस्ट्रेशन पर 90 प्रतिशत तक की छूट।
- अगले 10 रजिस्ट्रेशन पर 80 प्रतिशत तक की छूट।
- अगले 10 रजिस्ट्रेशन पर 70 प्रतिशत तक की छूट।
- अगले 10 रजिस्ट्रेशन पर 60 प्रतिशत तक की छूट।
- अगले 10 रजिस्ट्रेशन पर 50 प्रतिशत तक की छूट।
- सुपर सेवर कार्ड पर 30 प्रतिशत तक की छूट।
- गो-स्मार्ट कार्ड पर 20 प्रतिशत तक की छूट।
- मेट्रो कार्ड धारकों के लिए 1 घंटे की मुफ्त संदेह क्लास उपलब्ध कराई जाएगी।

# पश्चिम बंगाल की चिंता हो रही यूपी में स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव का गला घोंटा गया: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को सुदूर पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव की बड़ी चिंता हो रही है जबकि भाजपा के सत्ता संरक्षण में उत्तर प्रदेश के होने वाले हर चुनाव में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव का दम घोंटा गया है। यहां पंचायत चुनाव में विपक्ष के मतों पर खुला डाका डाला गया। इन चुनावों में भाजपा द्वारा जो जोर-जबरदस्ती मतदाताओं के साथ की गई उसकी अनदेखी कैसे की जा सकती है? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या की है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने पुलिस प्रशासन और धनबल से लोकतंत्र का अपहरण कर लिया है। पिछले 6 सालों में उत्तर प्रदेश पंचायत, नगर निकाय और ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में वोटो की खूब लूट हुई। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को धमकाया गया। उन्हें वोट डालने नहीं दिया गया। प्रत्याशियों के नामांकन पर्चे जबरन छीन लिए गए। भाजपाराज में यूपी में पंचायत चुनावों में फायरिंग हुई थी। बम फोड़े गए थे। बैलेट बाक्स लूटे गए थे। महिलाओं की साड़ी फाड़ी गई थी और मारपीट खून खराबा तक हुआ था। भाजपा द्वारा सत्ता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को कलंकित किया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान पर गम्भीर खतरा है। सत्ता का दुरूपयोग के कारण नौकरशाही का राजनीतिकरण कर दिया है। चुनाव में विपक्षी दलों के प्रत्याशियों को प्रताड़ित किया जाता है। भाजपा राजनीतिक विरोधियों के साथ दुश्मनों की तरह व्यवहार करती है। भाजपा बदले की भावना से काम कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र का ढिंढ़ोरा पीटने वाली उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में चुनाव महज दिखावा बन कर रह गए हैं। क्या यह किसी से छिपा है कि पूरी सरकारी मशीनरी भाजपा कार्यकर्ता बनकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में परिणाम करने के लिए हर अलोकतांत्रिक हथकंडे अपनाती है। भाजपा नेतृत्व को दूसरे की बुराई करने से पहले स्वयं का विश्लेषण करना चाहिए।

**✻ भाजपा द्वारा सत्ता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को कलंकित किया गया**

# बिजली विभाग के अधीन आने वाली सभी सेवाओं में छह माह तक हड़ताल पर रोक, अधिसूचना जारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने आवश्यक सेवाओं के अनुरक्षण व लोकहित में ऊर्जा विभाग के अधीन समस्त सेवाओं में छह माह की अवधि तक के लिए हड़ताल करने पर रोक लगा दी है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 के अधीन शक्तियों का प्रयोग कर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, उप्र जल विद्युत निगम लिमिटेड, उप्र पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कम्पनी, केस्को, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन समस्त सेवाओं में किसी भी प्रकार की हड़ताल करना निषिद्ध घोषित किया गया है।

# मानव उत्थान सेवा समिति लखनऊ शाखा के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न






**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मानव उत्थान सेवा समिति की शाखा लखनऊ के तत्वावधान में गुरुवार को होम गार्ड मुख्यालय परिसर, निकट पुरानी जेल रोड,लखनऊ में 100 फलदार,छायादार एवम फूलों के पौधों का पौधरोपण कार्य किया गया। इस कार्यक्रम को उ0प्र0 के कारागार एवं होमगार्ड मंत्री धर्मबीर प्रजापति की मौजूदगी में संस्था की पूज्य स्वरुपा बाई के दिशानिर्देशन में समिति के सदस्यों ने होमगार्ड के स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न किया। मंत्री धर्मबीर प्रजापति के द्वारा कई पौधों का पौधारोपण किया गया। उन्होंने पौधारोपण के समय पेड़ों के महत्ता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी,तथा उ0 प्र 0 सरकार द्वारा चलाए जाने वाले इस वृहत पौधरोपण कार्यक्रम की सराहना भी की। इसके बाद स्वरुपा बाई, सोन बाई एवं बबलेश के द्वारा कई पौधे रोपे गए। इन सभी पौधों की उपलब्धता समाजसेवी आर पी कटियार के द्वारा निःशुल्क करायी गयी। पौधारोपण के पश्चात विभाग के सभागार में एक मीटिंग भी हुई,जिसमें मंत्री धर्मबीर प्रजापति के साथ होमगार्ड विभाग के अतरिक्त मुख्य सचिव,आई जी, डी आई जी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई पत्रकार तथा भारी संख्या में स्टाफ मौजूद रहे।मीटिंग में मानव उत्थान सेवा समिति का परिचय मनीराम प्रजापति ने सभी के समच्छ दिया। सभी लोगों ने कार्यक्रम की बहुत सराहना किया।डी आई जी होमगार्ड विवेक कुमार सिंह का इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा। इस दौरान पूज्य स्वरुपा बाई ने मंत्री एवं विभाग के अधिकारियों तथा स्टाफ को संस्था के साहित्य भी भेंट स्वरूप में प्रदान किया।

# पाइपलाइन के लिए खोदी सड़क न पानी पहुंचा न बनी सड़क



**जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ**

हर घर जल पहुंचाने की मुहिम रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। गांव-गांव में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें तो खोदकर छोड़ दी गईं। अभी न तो लोगों के घर तक पानी पहुंचा और न ही सड़कें ही दुरुस्त हुईं। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि केंद्रीय जल जीवन मिशन योजना कच्छप गति से चल रही है। भूमि विवाद के कारण 100 परियोजनाएं लटक गईं हैं। मात्र एक हजार किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाने, गहरी बोरिंग, अधूरे बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर प्रत्येक माह जिम्मेदार बैठकों में समीक्षा कराने में व्यस्त हैं। योजना के पूरा न होने के कारण लोग चार वर्ष से शुद्ध पेयजल के लिए परेशान हैं। वहीं पाइप लाइन के लिए खोदकर छोड़ी गई सड़कों से आवागमन करना ग्रामीणों को मुश्किल हो रहा है। उक्त योजना 2019 से प्रस्तावित है। बता दें कि आटेसुवा, मलूकपुर मरपा, सूरजपुर गढा, जमखनवां, रायपुर राजा, सुल्तानपुर, अरम्बा, ढिलवासी, महिगवां, कुम्हरावां, अन्य कई ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए सड़क व खड़ंजा खोदकर डाल दिए गए हैं जिससे कि बारिश के मौसम में ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क एवं खंड़जे की खुदाई होने से बारिश में कीचड़ में ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

# अमौसी एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ वर्दी पहने पकड़ा गया फर्जी एएसआई

## महिला मित्र के साथ नौकरी के नाम पर करता था ठगी, गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में अमौसी एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने सीआईएसएफ वर्दी पहने एक फर्जी एएसआई को पकड़ा। वह एक महिला के साथ एराईवल सिटी एरिया में संदिग्ध हालात में घूम रहा था। CISF/C/W स्टाफ की पूछताछ में बताया कि वह सीआईएसएफ में कार्यरत नहीं है और बाजार से खरीदी हुई एएसआई की वर्दी पहन कर घूम रहा था। सरोजनीनगर पुलिस ने सूचना पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में बताया कि वह अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर लोगों को एयर पोर्ट पर नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करता है। पुलिस उससे जुड़े और पीड़ितों के विषय में जानकारी जुटा रही है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि गोरखपुर बनगाँवा निवासी इन्द्रेश मौर्या ने पूछताछ में बताया कि वह रायबरेली कुंदनगंज निवासी महिला मित्र सोनी के साथ कई लोगों से सीआईएसएफ में नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लिये हैं। दोनों एयरपोर्ट और कोचिंग सेंटर में पढ़ने आने वाले युवक-युवतियों को अपनी बातों में फंसाते थे। जिन्हें सीआईएसएफ और एयर पोर्ट पर नौकरी लगवाने के नाम पर पैसा लेते थे।

### सदर बाजार से खरीदी थी सेना की वर्दी

इन्द्रेश ने बताया कि वह सेना में भर्ती की तैयारी करता, लेकिन भर्ती नहीं हुई। घर वालों को नौकरी लगने की फर्जी सूचना देने के चलते सदर बाजार से सीआईएसएफ की वर्दी खरीदी। उसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट पर जाकर घरवालों को वीडियो काल से वर्दी दिखाई और वहीं आसपास घूमता रहता। इसी दौरान सोनी से मुलाकात हुई। फिर उसके साथ मिलकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने लगा। सीआईएसएफ जवान के रूप में अपनी पहचान दिखाने के लिए नेट से आईडी कार्ड का प्रोफार्मा देख फर्जी आईडी भी बना ली थी।

# इटौंजा पुलिस ने अंडे से भरा ट्रक लूटने वाले पांच को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने एक लाख अस्सी हजार दो सौ रूपये, एक ट्रक, एक बोलेरो पिकअप, एक स्कॉर्पियो, 6 मोबाइल फोन किये बरामद

**जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पिछले महीनों में सीतापुर हाईवे पर अंडों से भरा ट्रक लूट कर फरार हुए व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि अपराध शाखा लखनऊ क्राइम टीम डीसीपी उत्तरी एस.एम. कासिम आब्दी व इटौंजा थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने इटौंजा क्षेत्र के अन्तर्गत अंडे की लूट घटना कारित करने वाले पांच शातिर अभियुक्तो को गिरफ़्तार कर घटना का सफल अनावरण किया। आपको बता कि सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी के निर्देशन में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, क्राइम ब्रांच के निरीक्षक शिवानन्द मिश्रा व क्राइम टीम प्रभारी उत्तरी विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में मय पुलिस फोर्स द्वारा मु0अ0सं0 134/2023 धारा 395/412 भादवि थाना इटौंजा से सम्बन्धित 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बताते चलें कि वादी शमशाद अहमद पुत्र जफरूल हसन निवासी ग्राम हड़ुवा औरंगाबाद थाना सलेमपुर जनपद देवरिया द्वारा 18/19-06-2023 की रात्रि मे वादी के ट्रक जिसे ड्राइवर मोती लाल व खलासी मुन्ना लाल चला रहे थे तभी ट्रक पर लदे अण्डों को कुछ अज्ञात लोगो द्वारा स्कॉर्पियो से लूट लिये जाने का इटौंजा थाना पर मु.अ.सं. 134/2023 धारा 392 भादवि पंजीकृत कराया था। वहीं अभियोग के सफल अनावरण हेतु उ0नि0 महेश कुमार शुक्ला व उ0नि0 इन्दु कुमार तिवारी मय पुलिस बल के साथ अर्जुनपुर तिराहे के पास से सफेद रंग की स्कार्पियों मे सवार पांच व्यक्तियों को पकड़ा। वहीं पकड़े गये आरोपियों से घटना के बारे मे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो बताया कि हम पांचो दोस्त हैं फराज का लखनऊ हरदोई रोड पर अंधे की पुलिस चौकी से आगे फरीद ट्रेडर्स नाम से अण्डो का थोक का व्यापार हैं। हम पांचो उसी दुकान पर मिलते थे एक दिन फराज की दुकान फरीद ट्रेडर्स पर हम इकट्ठा हुए एवं पैसों के लिये हम लोगो ने पंजाब की तरफ से आने वाले अंडे के ट्रक को लूटने के सम्बन्ध मे योजना बनाई और उसी क्रम मे फराज द्वारा पूर्व में बनाई योजना के अनुसार की रात्रि मे स्कार्पियो से अजमत, इश्तियाक, मुमताज, सूफियान व पिकअप से फराज के साथ टोल प्लाजा इटौंजा के नजदीक ट्रक मे लदे अंडों को लूट लिया एवं लूटे गये ट्रक व अंडों के कैरेट को ग्राम अम्बपुर थाना सिंधौली सीतापुर में सूनसान स्थान पर ले जाकर पिकअप व मंगाये गये ट्रक में भरकर लखनऊ हरदोई रोड़ पर स्थित फरीद ट्रेडर्स पर उतार दिया। पुलिस ने बताया कि मो. फराज पुत्र मो0 फरीद निवासी अहमदनगर थाना ठाकुरगंज लखनऊ उम्र करीब 32 वर्ष, मुमताज उर्फ मोनू पुत्र सादिक हुसैन निवासी ए-ब्लाक आजादनगर बालागंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष, अजमत अली पुत्र इसरार अली निवासी हुसैनबाड़ी सोना बट्टा बालागंज थाना ठाकुरगंज लखनऊ उम्र 22 वर्ष, सूफियान पुत्र मन्नान निवासी सीता विहार कालोनी दुबग्गा थाना लखनऊ उम्र 21 वर्ष, इश्तियाक पुत्र नजर अहमद निवासी रायपुर दशहरी नयी आबादी थाना दुबग्गा लखनऊ उम्र करीब 30 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर एक लाख अस्सी हजार दो सौ रूपये, एक ट्रक, एक बोलेरो पिकअप, एक स्कॉर्पियो, 6 मोबाइल फोन बरामद कर जेल भेज दिया है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल पुलिसकर्मी

1. अति. निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला
2. उ. नि. महेश कुमार शुक्ला
3. उ. नि. इन्दु कुमार तिवारी
4. मु. आ. सन्तोष तिवारी
5. का. कुलदीप सिंह
6. का. मो. जाहिद
7. का. अभिषेक कुमार
8. का. सिद्धार्थ कुमार
9. का. अमित चौपड़ा
10. का. कृष्ण कुमार

### क्राइम ब्रांच लखनऊ टीम का नाम

1. शिवानन्द मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना मड़ियांव व प्रभारी निरीक्षक क्राइम ब्रांच
2. हे. का. अतुल पाण्डेय
3. हे. का. सरताज अहमद
4. हे. का. इन्द्र प्रताप सिंह
5. हे. का. जीत सिंह
6. का. सूरज सिंह
7. का. विशेष दुहूण
8. का. मुकेश
9. मधुरेन्द

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मौसम की क्रूरता और इंसानी लापरवाही

**साल 1994 में भागीरथी के तट पर, जब टिहरी बांध विरोधी आन्दोलन चल रहा था तब हिमालय बचाओ आन्दोलन का घोषणा पत्र जारी हुआ था। इसकी मुख्य मांग थी कि हिमालय की नाजुक परिस्थिति के मद्देनजर हिमालय के लिए विकास की विशेष प्रकृति मित्र योजना बनाई जाए। योजना आयोग के डॉ. एसजेड कासिम की अध्यक्षता में बनाई गई विशेष समिति ने भी 1992 में इसी आशय की रिपोर्ट जारी की थी किन्तु उस पर भी कोई अमल नहीं हुआ। पर्वतीय क्षेत्रों के लोग लगातार विकास के नाम पर चल रही अंधी दौड़ के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं।**

*वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन ने अपना क्रूर चेहरा दिखाना शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में जुलाई में 200 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हो चुकी है। यही हाल उत्तराखंड का है। हिमाचल प्रदेश के मंडी, कुल्लू, चंबा, शिमला, सिरमौर में जान-माल की अप्रत्याशित तबाही दिल दहला देने वाली है। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है है। जगह-जगह लोग प्रकृति के क्रोध के शिकार हो कर असहाय अनुभव कर रहे हैं। सरकार मरहम लगाने की कोशिश कर रही है। किन्तु साल दर साल बढ़ती बाढ़ की विभीषिका कई सवाल खड़े कर रही है। सवाल यह है कि जलवायु परिवर्तन के असर की भविष्यवाणी तो कई सालों से की जा रही है तो हिमालय जैसे नाजुक पर्वत क्षेत्र में उचित सावधानियां क्यों नहीं उठाई गई हैं। सैकड़ों पर्यटक जगह-जगह फंसे हुए हैं। ईश्वर का शुक्र है कि सब सुरक्षित हैं। सरकार भी उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो कर कार्रवाई कर रही है किन्तु बरसात में पर्यटन को किस तरह दिशा-निर्देशित किया जाना चाहिए इस बात की कमी खलती है। पर्यटन सूचना केन्द्रों का नेटवर्क सक्रिय होना चाहिए जो बरसात के खतरों से अवगत करवाए। मंडी में हुई तबाही के पीछे लारजी और पंडोह बांधों से अचानक छोड़ा गया पानी भी जिम्मेदार माना जा रहा है। बांधों के निर्माण के समय बाढ़ नियंत्रण में बांधों की भूमिका का काफी प्रचार किया जाता रहा है किन्तु देखने में तो उल्टा ही नजर आ रहा है। बांधों से अचानक और बड़ी मात्रा में छोड़ा जा रहा पानी ही अप्रत्याशित बाढ़ का कारण बनता जा रहा है। बरसात से पहले बांधों में बाढ़ का पानी रोका जा सके, इसके लिए बांधों को खाली रखा जाना चाहिए किन्तु अधिक से अधिक बिजली पैदा करने के लिए बांध भरे ही रहते हैं। बरसात आने पर पानी जब बांध के लिए खतरा पैदा करने के स्तर तक पंहुचने लगता है तो अचानक इतना पानी छोड़ दिया जाता है जितना शायद बिना बांध के आई बाढ़ में भी न आता। इन मुद्दों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और बांध प्रशासन को निर्देशित किया जाना चाहिए। बांधों की बाढ़ नियन्त्रण भूमिका को सक्रिय किया जाना चाहिए। दूसरी बड़ी गडबड़ी सड़क निर्माण में हो रही लापरवाही से भी हो रही है। निर्माण कार्य में निकलने वाले मलबे को निर्धारित स्थानों, डंपिंग स्थलों में न फेंक कर यहां वहां फेंक दिया जाता है और वही मलबा बाढ़ को कई गुणा बढ़ाने का कारण बन जाता है। मलबा जब एक बार नीचे ढलानों पर खिसकना शुरू हो जाता है तो अपने साथ और मलबा बटोरता जाता है, जिससे भारी तबाही का मंजर नजर आता है। नदी-नालों में जब यह मलबा पहुंचता है तो नदी का तल ऊपर उठ जाता है और वह क्षेत्र जो पहले कभी बाढ़ की जद में नहीं आए थे वह भी अब बाढ़ की जद में आ जाते हैं। सड़क निर्माण में जल निकासी का भी ध्यान नहीं रखा जाता है। सड़क किनारे बनाई गई नालियों से जल एकत्र हो कर कहीं एक जगह छोड़ दिया जाता है जो भू-कटाव को बढ़ने का कारण बनता है। सड़क निर्माण विधिवत पर्वतीय दृष्टिकोण से कट एंड फिल तकनीक से किया जाना चाहिए। पहाड़ों में सड़क के विकल्पों पर भी सोचा जाना चाहिए। सड़क तो जीवन रेखा है, किन्तु जीवन रेखा यदि जीवन को ही लीलने लग जाए तो सोचना पड़ेगा कि गड़बड़ कहां हो रही है। सड़क के विकल्प के रूप में मुख्य मार्गों से लिंक सड़कों के बजाय उन्नत तकनीक के रज्जू मार्ग बनाए जा सकते हैं। किन्तु इस दिशा में सरकारों ने सोचना ही शुरू नहीं किया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**शिव का सावन प्रकृति के साथ साहचर्य का संदेश है। शिव अगर नीलकंठ हैं और दुनिया के लिए अकेले जहर को अपने गले में धारण कर सकते हैं, तो उसके साथ-साथ भांग और धतूरा खाने और पीने वाले भी शिव ही हैं। शिव की दोनों तस्वीरें साथ-साथ जुड़ी हुई हैं। भारत में करोड़ों लोग समझते हैं कि शिव धतूरा पीते हैं, शिव की पलटन में लूले-लँगड़े हैं, उसमें जानवर भी हैं, भूत-प्रेत भी हैं और सब तरह की बातें जुड़ी हुई हैं। लूले-लँगड़े, भूखे के मानी क्या हुए? गरीबों का आदमी। शिव सबके हैं। इसका अर्थ ही यह है कि शिव सभी बेसहारा प्राणियों के सहारा हैं। भांग धतूरा का वे सेवन नहीं करते, बल्कि, अपने भक्तों को अपने दुर्गुणों को छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।**



आर.के. सिन्हा

**सावन महीने के किसी सोमवार को शिव मंदिर में शिवलिंग के पास बैठकर पूजा करने का सुख वास्तव में अलौकिक होता है । इस दौरान काशी और झारखण्ड का वैद्यनाथ धाम तो काँवरियों से पट जाती है। महादेव शिव बनारस में लोकदेव हैं। सावन में शिव की पूजा, उपवास और ध्यान को उत्तम माना गया है। वर्ष का मास शिव को याद करने का है।**

# सावन यानी शिव को रिझाने का समय

सावन का पहला सोमवार बीती 10 जुलाई को पूरी आस्था के साथ मनाया गया। देशभर के शिवालयों में सुबह चार बजे से बारह बजे रात्रि तक तमाम भक्त आते रहे। सूरज की पहली किरण फूटने से पहले ही भक्तों का तांता मंदिरों में लग गया था। शिव का जीवन ही इस बात का प्रतीक है कि प्रकृति से तालमेल स्थापित कर ही जीवन में सुख-शांति, सरलता, सादगी, शौर्य, योग, अध्यात्म सहित कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। आषाढ़ मास से ही वर्षा ऋतु की शुरूआत होती है। श्रावण मास आते-आते चारों तरफ हरियाली छा जाती है। यह सभी के मन को लुभाने वाली होती है। श्रावण मास में प्रकृति का अनुपम सौंदर्य देखते ही बनता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चारों तरफ बसंत ऋतु ही छाई हुई है। संसार के प्राणियों में नई उमंग व नव जीवन का प्रसार होने लगता है। प्रकृति की अनुपम छठा को देखकर भगवान शिव आनंदित व आत्मविभोर हो जाते हैं। श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास के प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जब भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं तो संसार में ऐसा कुछ भी नहीं, जो वह अपने भक्तों को न दे पाएं। भगवान शिव को रिझाने में भक्तजन अपनी मनोकामना के लिए नाना प्रकार के यत्न करते हैं। सावन का महीना शुरू होने के साथ ही बोल बम के जयकार भी चारों तरफ सुनाई देने लगे हैं। इसके साथ ही श्रावण शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पवित्र गंगाजल लाने के लिए कावड़ियों का तीर्थ स्थलों पर जाने का सिलसिला जारी है। पूरे सावन को भगवान शिव का महीना ही माना जाता है। इस बार तो अधिक मास के कारण श्रावण पूरे दो महीने तक चलेगा। शिवपुराण की कथा के अनुसार, श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के तीन मार्ग हैं- पहला जलाभिषेक, दूसरा बेल पत्र, पुष्प चंदन, कमलपुष्प व पंचामृत से पूजा अर्चना और तीसरा जप-तप के द्वारा। इनमें से किसी भी एक मार्ग का अनुसरण किया जा सकता है। वस्तुत- भिन्न-भिन्न कामनाओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को चढ़ाने का भी प्रावधान है। शिव महापुराण, स्कंध पुराण, विष्णु पुराण व नारद पुराण भी इसी तरफ संकेत करते हैं। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर कैलाश पर्वत को दुल्हन की तरह सजाया



**शिवपुराण की कथा के अनुसार, श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के तीन मार्ग हैं-पहला जलाभिषेक, दूसरा बेल पत्र, पुष्प चंदन, कमलपुष्प व पंचामृत से पूजा अर्चना और तीसरा जप-तप के द्वारा। इनमें से किसी भी एक मार्ग का अनुसरण किया जा सकता है। वस्तुत- भिन्न-भिन्न कामनाओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को चढ़ाने का भी प्रावधान है।**

था। कैलाश पहुंचने पर श्रावण मास शुरू हो गया। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर पूरे श्रावण मास को उत्सव के रूप में मनाया। शिव का सावन प्रकृति के साथ साहचर्य का संदेश है। शिव अगर नीलकंठ हैं और दुनिया के लिए अकेले जहर को अपने गले में धारण कर सकते हैं, तो उसके साथ-साथ भांग और धतूरा खाने और पीने वाले भी शिव ही हैं। शिव की दोनों तस्वीरें साथ-साथ जुड़ी हुई हैं। भारत में करोड़ों लोग समझते हैं कि शिव धतूरा पीते हैं, शिव की पलटन में लूले-लँगड़े हैं, उसमें जानवर भी हैं, भूत-प्रेत भी हैं और सब तरह की बातें जुड़ी हुई हैं। लूले-लँगड़े, भूखे के मानी क्या हुए? गरीबों का आदमी। शिव सबके हैं। इसका अर्थ ही यह है कि शिव सभी बेसहारा प्राणियों के सहारा हैं। भांग धतूरा का वे सेवन नहीं करते, बल्कि, अपने भक्तों को अपने दुर्गुणों को छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं द्ध कहते हैं ÷लाओं अपने सारे दुर्वसन मुझे दे दो और तुम शुद्ध भाव से मेरी आराधना में लगो। मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य क्या है? जीवात्मा अनादिकाल से प्रकृति के प्रवाह में अणु-रूप में नानाविध शरीर धारण करते हुए काल की गति के साथ बह रहा है। मोक्ष की कामना को भटक रहे मानव के लिए सनातन धर्म में भक्ति को विभिन्न देवताओं की पूजा के अलग-अलग विधान हैं। सृष्टि के कल्याणकारी देवाधिदेव महादेव शिव शंकर ही ऐसे देव हैं, जो मात्र एक लोटा जल श्रद्धा भाव से ग्रहण कर ही मानव के जीवन को सरल बना देते हैं। शिव हम सभी के आसपास ही विराजमान रहते हैं। न जाने किस रूप में वे अपने भक्तों को दर्शन दे जाएं। लेकिन, उनको पहचान पाना मानव के लिए सदा से ही एक बड़ा गंभीर विषय रहा है। यह बिल्कुल ऐसा ही है जैसे आकाश में बादल रहने पर बादलों के मध्य में स्थित सूर्यबिंब दिखाई नहीं देता। सूर्योदय के बाद आकाश के मेघावृत रहने पर मेघ के हटने के साथ ही सूर्य के दर्शन होते हैं एवं उसकी किरण और धूप की भी प्राप्ति होती है। शिव की भक्ति करने वाले को अपनी मस्तिष्क के पड़े उस अज्ञान के पर्दे को हटाने की जरूरत है जो उस कल्याणकारी देव प्रभाव को नहीं देख पाता है। शिव हरेक संकट में एक आश्वासन हैं। उनकी हरेक श्मशान घाट या भूमि में लगी मूर्ति मानव समाज को राहत देती है। उन कठोर पलों में उनको देखकर ऐसा लगता है मानो कोई आपकी पीठ को थपथपा रहा है। जैसे वे कहे रहे हो, मैं अभी हूं न तुम्हारे साथ। अभी तक शिव का श्मशान भूमि में एकछत्र राज रहा है। वह उनकी दुनिया है। उसमें अतिक्रमण निषेध है। श्मशान में शिव की सत्ता है। शिव की मूर्ति के आसपास कुछ शोकाकुल लोग बैठ भी जाते हैं। उनको करीब से देखते भी हैं। मन ही मन सवाल भी करते होंगे कि क्यों श्मशान प्रिय है शिव को? हालांकि इस प्रश्न के उतर बार-बार मिल चुके हैं। सतगुरु जग्गी कहते हैं कि दरअसल शिव का श्मशान डेरा है। 'श्म' का मतलब 'शव' से और 'शान' का मतलब 'शयन' या 'बिस्तर' से है। जहां शव पड़े होते हैं, वहीं वह रहते हैं। शिव श्मशान में जाकर बैठते और इंतजार करते हैं। शिव को संहारक माना जाता है, इसलिए नहीं कि वह किसी को नष्ट करना चाहते हैं। वह श्मशान में इंतजार करते हैं ताकि शरीर नष्ट हो जाए, क्योंकि जब तक शरीर नष्ट नहीं होता, आस-पास के लोग भी यह नहीं समझ पाते कि मृत्यु क्या है। वे हरेक मूर्ति में ध्यान की मुद्रा में हैं। लगता है कि वे स्वयं की खोज के लिए यात्रा में निकल पड़े हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*किस्मत ने दिया दगा तो क्या हुआ,*
*हम फ़क़ीर है आज यहाँ तो कल वहां।*
*रंजो गम ने दी है परवरिश मौजू ,*
*राजा है मन के,हमें किसी की चाहत कहाँ।*
*ऊंचाई से गिरने का हमें ख़ौफ़ नहीं*
*जुड़े है जमीं से,है हमारा सारा जहाँ।*
*क़िस्मत को शौक है महलों में रहने का,*
*हुनर वाले है, विरानो में भटकते हैं यहाँ।।*
*हमें नही चाहिए तख़्त,ताज,और जागीर,*
*बाँट दो फकीरो को ऐसे वैसे यहाँ वहां।*
*हमें न रास आते शेरवानी और दुशाले,*
*यायावर है बनाके बिछौना सो जायेंगे यहाँ वहाँ।*
*दे दो ये सारी रोशनियां अक्ल के उन अंधों को।*
*हमें अंधेरो में खुदा दिखाई देते हैं यहाँ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***जब हालात और परिस्थिति विपरीत होती है, तब जो इंसान अपने आप पर विश्वास रखता है वही इंसान जिन्दगी में सफलता प्राप्त करता है।***





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 19:19 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 22:26 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | गांदा, 08:24 |
| सूर्योदयः | 05:36 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 10:44-12:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:54 |

# जन एक्सप्रेस

### दोषारोपण करना है !

*ना पड़ेगा फर्क ।*
*लाख दो सुझाव ।।*
*दोषारोपण करना है ।*
*ना आया ठहराव ।।*
*निकले आज बाहर ।*
*ऐसा ही बयान ।।*
*नासमझ हैं जितने ।*
*दिया उनको ज्ञान ।।*
*किया कितना काम ।*
*इसको नहीं बताया ।।*
*अब तक वहां राहत ।*
*है कितने को पहुंचाया ।।*
*खोखले जो दावे ।*
*कैसे ऐतबार ?*
*फिर भी जनता आम ।*
*है बैठी तैयार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे के व्हाइटहेड्स हटाने लिए आजमाएं आयुर्वेदिक उपाय

**चेहरे** महिला हो या पुरुष, हर कोई साफ और बेदाग त्वचा पाना चाहता है। लेकिन प्रदूषण, गलत खानपान, खराब जीवनशैली और गलत प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के कारण कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। व्हाइटहेड्स भी त्वचा से जुड़ी ऐसी ही एक समस्या है, जिससे काफी लोग परेशान रहते हैं। चेहरे पर अतिरिक्त तेल और डेड स्किन सेल्स जमा होने के कारण त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं, जिसके कारण व्हाइटहेड्स होते हैं। ये त्वचा पर उभरे हुए मुंहासों के जैसे नजर आते हैं। ब्लैकहेड्स की तरह ही व्हाइटहेड्स को हटाना भी काफी मुश्किल होता है। इनसे छुटकारा पाने के लिए लोग स्टीम, स्क्रब और तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार इनसे भी कुछ खास फायदा नहीं मिल पाता है। ऐसे में आप व्हाइटहेड्स से छुटकारा पाने के लिए कुछ आयुर्वेदिक उपाय आजमा सकते हैं।



**एलोवेराः** एलोवेरा स्किन संबंधी समस्याओं को दूर करने में काफी प्रभावी होता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो व्हाइटहेड्स की समस्या को जड़ से खत्म करने में मदद करते हैं। एलोवेरा त्वचा की गहराई से सफाई करता है और सीबम के अतिरिक्त उत्पादन को रोकने मद मदद करता है। चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने से मुंहासों की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जेल में नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण को व्हाटहेड्स वाली जगह पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए सप्ताह में 3-4 बार इसका इस्तेमाल करें।

**नीमः** आयुर्वेद में नीम का इस्तेमाल त्वचा संबंधी समस्यों को दूर करने के लिए सदियों से किया जा रहा है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा पर बैक्टीरिया को पनपने से रोकते हैं। नीम चेहरे पर मौजूद डेड स्किन और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में भी मदद करती है, जिससे व्हाइटहेड्स से छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप नीम की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। अब इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें।

**हल्दीः** आयुर्वेद में हल्दी को औषधीय गुणों का खजाना कहा जाता है। इसमें एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स को हटाने में मदद करते हैं। चेहरे पर हल्दी लगाने से मुंहासों और दाग-धब्बों की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप हल्दी पाउडर को पानी के साथ मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे व्हाइटहेड्स पर लगाकर 10-15 मिनट छोड़ दें। उसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

**शहदः** शहद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा पर मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया को पनपने से रोकता है और व्हाइटहेड्स को हटाने में भी प्रभावी होता है।

## एक्सप्रेस विशेष



रोहित माहेश्वरी

**इसी प्रगति ने भारत को सुपर पॉवर देशों की जमात में खड़ा किया है। दुनिया में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ रुपए की है। इसमें भारत का योगदान करीब 58000 करोड़ रुपए का है। भारत ने एक दशक का लक्ष्य तय किया है कि वह 30000 उपग्रह लॉन्च करेगा।**

# चांद की ओर फिर उड़ चला भारत

**अमरीका, चीन, जापान, ब्रिटेन के बाद भारत 5वां देश है, जहां अंतरिक्ष अनुसंधान और कारोबार का इतना विस्तार है। अब अमरीका ने हमारे साथ समझौता किया है कि उसका नासा हमारे इसरो के साथ साझा मिशन, कारोबार और अनुसंधान पर काम करेगा। भारत के संदर्भ में यह परिवर्तन और विस्तार वाकई क्रांतिकारी है। भारत ने अंतरिक्ष विकास यात्रा के दौरान लगातार उपेक्षाएं और आलोचनाएं झेली हैं।**

**भारत** अंतरिक्ष जगत में एक और लंबी छलांग लगाने को तैयार है। चंद्रयान-3 मिशन को अमलीजामा पहनाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक दिन-रात कड़ी मेहनत में जुटे हैं। ये मिशन चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित रूप से उपकरण उतारने और उसके बाद पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चंद्रमा के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल करने से जुड़ी रिसर्च गतिविधियों से जुड़ा है। चंद्रयान-3, चंद्रयान-2 के बाद का मिशन है। उससे पहले चंद्रयान-1 को इसरो ने सफलतापूर्वक पूरा किया था। चंद्रयान-2 भारत का दूसरा चांद मिशन था। इसमें पूरी तरह से स्वदेशी ऑर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) का इस्तेमाल किया गया। चंद्रयान-2 ने पहली बार चांद की सतह पर पानी की मौजूदगी की पहचान करके भारत को वैश्विक पटल पर एक गौरवशाली और अग्रणी स्थान दिलाया था। अमेरिका की नासा समेत दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों की ओर से भी इस जानकारी को बहुत महत्व दिया गया था। चंद्रयान-3 भारत का चांद पर तीसरा मिशन है। सारी परिस्थितियां अनुकूल रही तो 14 जुलाई को चंद्रयान-3 को प्रक्षेपित किया जाएगा। ऐसे इसरो ने इसके प्रक्षेपण के लिए 13 से 19 जुलाई के बीच का विंडो तैयार किया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण हवा और अन्य परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इसको ध्यान में रखते हुए प्रक्षेपण के लिए एक हफ्ते का समय रखा गया है। हालांकि योजना के मुताबिक सब कुछ ठीक रहने पर चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण 14 जुलाई को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर किया जाएगा। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को अपने नये प्रक्षेपण रॉकेट एलवीएम-3 से जोड़ दिया गया। इसरो के वैज्ञानिकों ने इस काम को 5 जून को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अंजाम दिया है। इसके तहत चंद्रयान-3 को एलवीएम-3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) से जोड़ा गया है। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने इस साल मार्च में अपनी जरूरी जांच पूरी कर ली। इस जांच में प्रक्षेपण के दौरान पेश आने वाली कठिन परिस्थितियों के परीक्षण में चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान खरा उतरा था। यदि इसरो का यह प्रयास सफल रहा, तो करीब 3.84 लाख किलोमीटर का फासला तय कर चंद्रमा के ऑर्बिट तक पहुंचने वाला पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह होगा। उस सफलता के बाद भारत अमरीका, रूस और चीन के संभ्रांत क्लब में चौथा देश होगा। आकलन है कि हमारे मिशन का विक्रम लैंडर 23-24 अगस्त तक चांद की सतह पर सुरक्षित उतर पाएगा। वह उपलब्धि ऐतिहासिक होगी और भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा। चंद्रयान-तीन में एक प्रणोदन मॉड्यूल होगा। ये लैंडर और एक रोवर को लेकर जाएगा और यह उन्हें चंद्रमा की कक्षा तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा। चंद्रयान-3 मिशन के तहत उपकरणों को दो कैटेगरी में रखा गया है। इसरो के मुताबिक लैंडर और रोवर पर लगे वैज्ञानिक उपकरणों को 'चंद्रमा का विज्ञान' विषय में रखा गया। इसके साथ ही प्रायोगिक उपकरण चंद्रमा की कक्षा से पृथ्वी का अध्ययन करेंगे। इसे 'चंद्रमा से विज्ञान' विषय में रखा जाएगा. चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में जो लैंडर है, वो चंद्रमा के एक खास जगह पर आसानी से उतरने की उतरने की क्षमता से लैस है। यही लैंडक कोवर को तैनात करेगा, जो चंद्रमा की सतह पर रासायनिक विश्लेषण के कार्य को अंजाम देगा। इस मिशन के तहत जो उपकरण भेजे जाएंगे, उसके जरिए चंद्रमा के चट्टानों की ऊपरी परत की थर्मोफिजिकल विशेषताएं, चंद्रमा पर बार-बार भूकंप आने की जानकारी, चंद्रमा की सतह पर प्लाज्मा वातावरण और उपकरण उतारे जाने वाले स्थान के निकट तत्वों की संरचना का अध्ययन किया जाएगा। लैंडर और रोवर पर लगे वैज्ञानिक उपकरण चंद्रमा के पर्यावरण और थर्मो-फिजियो गुणों समेत चंद्रमा के अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने में सक्षम होंगे। यानी चंद्रयान-3 मिशन से 'चंद्रमा का विज्ञान' के साथ-साथ 'चंद्रमा से विज्ञान' भी जुड़ा हुआ है। पृथ्वी के इकलौते उपग्रह यानी चंद्रमा पर एक दिन, धरती के 29.5306 दिन के बराबर होता है। एक चंद्र दिवस के दौरान किए जाएंगे यानी इनमें पृथ्वी के करीब 30 दिन लगेंगे। करीब 15 दिन बाद रात होगी और तापमान शून्य से 170 डिग्री सेंटीग्रेड या इससे कम हो जाएगा। अगले 15 दिन में स्थिति बदलेगी और उसके बाद ठंड का लैंडर पर कितना और क्या असर होगा, इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। वैज्ञानिकों के अनुसार इस मिशन के लिए शुरुआती 15 दिन काफी महत्वपूर्ण होंगे। इस मिशन के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर को उतारना है।

# महिलाओं एवं बच्चों के लिये संचालित योजनाओं के प्रति अत्यन्त गंभीर हैं मुख्यमंत्री योगी : डॉ देवेंद्र शर्मा

## 'प्रदेश में कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा जैसी योजनाएं संचालित'

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग व राज्य स्तर मंत्री डा. देवेन्द्र शर्मा ने आज जिला कारागार, जिला चिकित्सालय, विकास खण्ड खैराबाद में मनरेगा आंगनबाड़ी केन्द्र रमपुरवा-नैपालापुर, ब्लॉक बिसवां के प्राइमरी स्कूल गोवर्धनपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मानपुर का निरीक्षण करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिला चिकित्सालय सीतापुर के निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने चिकित्सालय के बाहर बैठे तीमारदारों से वार्ता करते हुये मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने इमरजेन्सी ओ0पी0डी0 में भी इलाज कराने आये मरीजों से वार्ता की एवं पीकू वार्ड पहुंचकर बच्चों को देखते हुये बच्चों के अभिभावकों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पीडियाट्रिक आई0सी0यू0 वार्ड में सुविधाओं की जानकारी करते हुये आवश्यक निर्देश संबंधित को दिये तथा चिकित्सालय में साफ-सफाई निरन्तर कराते रहे, कहीं पर भी गंदगी न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु एक और बाल रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय में तैनात किया जाये। इसके पश्चात मा0 अध्यक्ष ने विकास खण्ड खैराबाद में मनरेगा आंगनबाड़ी केन्द्र रमपुरवा-नैपालापुर में पहुंचकर केन्द्र को देखा एवं बच्चों से वार्ता करते हुये छोटे बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन भी किया। ब्लॉक बिसवां के प्राइमरी स्कूल गोवर्धनपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के कक्षा कक्ष में बच्चों से बोर्ड पर लिखे हुये पाठ्य को पढ़वाकर देखा एवं विद्यालय के कार्यालय में बच्चों, शिक्षकों के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया एवं शिक्षकों को बेहतर शिक्षा बच्चों को प्रदान किये जाने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि निपुण भारत की तर्ज पर बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाये।



### अध्यक्ष ने कक्ष में जाकर बच्चों से की वार्ता

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने कक्षा-6 कक्षा-7 एवं कक्षा 08 के कक्ष में जाकर बच्चों से वार्ता की एवं बच्चों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से की जा रही एक्टिविटी को भी देखा। साथ ही उन्होंने विद्यालय के बच्चों के साथ डाइनिंग हाल में खाना भी खाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिलाओं एवं बच्चों के हितार्थ संचालित योजनाओं के प्रति अत्यन्त गंभीर हैं एवं उनके संबंध में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं युवा पीढ़ी के विकास से ही देश का विकास सम्भव है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुये कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुये सभी पात्रों को लाभार्थीपरक योजनाओं से आच्छादित कराने में अपना सहयोग करें। इसके पश्चातअध्यक्ष ने विकास भवन सभागार में मीडिया बन्धुओं के साथ प्रेसवार्ता करते हुये सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेत में पड़ा मिला वृद्ध का शव बाघ के हमले की आंशका

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** गुरूवार की सुबह हैदराबाद थाना क्षेत्र में लक्ष्मीपुर गांव के निकट खेत में एक वृद्ध का शव पड़ा मिला। घटनास्थल पर बाघ के पगचिह्न मिले हैं। इससे बाघ हमले में मौत की आशंका जताई जा रही है। वृद्ध के शरीर पर किसी तरह के कोई जख्म नहीं पाए गए हैं।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी 69 वर्षीय बाबूराम पुत्र डोरी लाल बुधवार शाम गांव के ही राजाराम के गन्ने के खेत में घास काटने गया था। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ के हमले में उसकी मौत हो गई। बाबूराम देर रात तक जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गुरूवार की सुबह उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे महेशपुर रेंज के वन कर्मियों और हैदराबाद थाना पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर राम नरेश वर्मा, वन दरोगा जगदीश वर्मा, नरेंद्र वर्मा आदि ने एसटीपीएफ जवानों के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घटनास्थल पर बाघ के पगचिह्न मिले हैं, लेकिन मृतक के शरीर पर बाघ हमले के कोई निशान मौजूद नहीं है। इससे प्रतीत होता है कि वृद्ध की मौत बाघ को देख दहशत में हुई होगी। जबकि परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि वृद्ध की मौत बाघ के हमले में हुई है। मोहम्मदी के रेंजर नरेश पाल सिंह का कहना है कि खेत में बाघ के पगचिह्न तो मिले हैं। लेकिन मृतक के शरीर पर हमले के कोई निशान नहीं मिले हैं। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगा कि वृद्ध की मौत बाघ के हमले में हुई है। या फिर बाघ को देख दहशत में हुई है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा।

## 'प्रत्येक घर तक संस्कृत पहुंचाने के लिए गृहे-गृहे संस्कृतम योजना संचालित'

**जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन**

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित गृहे-गृहे संस्कृतम योजना के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों के तत्तत् सरल संस्कृत भाषा शिक्षण केंद्रों का सामूहिक उद्घाटन गूगलमीट के माध्यम से हुआ। सत्र के अध्यक्ष संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने सभी केंद्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह योजना एक अश्वमेध यज्ञ के समान है जिसमें हम सभी संस्कृत सैनिक अपने अपने सहयोग की आहूतियां दे रहे हैं। गृहे-गृहे संस्कृत कार्ययोजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक संस्कृत भाषा को पहुंचाने का पुनीत कार्य संस्कृत प्रशिक्षकों की सहायता से उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान कर रहा है। भाषाविभाग उप्र सरकार और संस्कृत संस्थान के साथ मिलकर संस्कृत के प्रचार प्रसार हेतु नये शिक्षकों को प्रशिक्षित करके उनके सहयोग से संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षाएं आयोजित कर रहा है। संस्थान के द्वारा एक संस्कृत हेल्प डेस्क पोर्टल भी बनाया जा रहा है। इसी प्रकार संस्थान द्वारा अन्य बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रशिक्षण प्रमुख सुधिष्टमिश्र जी के मार्गदर्शन में सभी ओनलाईन कक्षाओं के प्रशिक्षकों का भी पूर्ण सहयोग रहेगा।योजना सर्वेक्षिका डॉ. चन्द्रकला शाक्या ने सभी शिक्षकों तथा केन्द्रों प्रमुखों के उत्साह को बढाते हुएं आभार व्यक्त किया कि आप सभी सहयोग से यह अखिल प्रदेश व्यापी योजना संचालित होने जा रही योजना से सम्पृक्त प्रत्येक जन महत्त्वपूर्ण हैं सभी को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद। इसी क्रम में संस्थान के पदाधिकारी प्रशासनिकाधिकारी डॉ दिनेश मिश्र, डॉ. जगदानंद झा, भगवान् सिंह, इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये। ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक दीपक पाण्डेय ने किया, संस्थानगीतिका प्रशिक्षिका पूजा वाजपेयी के द्वारा संस्थान गीतिका गायी।योजना समन्वयक अनिल गौतम जी ने प्रस्तावना वाचन करते हुएं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। मुख्य समन्वयक धीरजमैठाणी ने समग्र योजना के इतिवृत्त प्रस्तुत किया । प्रशिक्षण प्रमुख सुधीष्ठ मिश्र के मार्ग दर्शन से जुलाईमास में 67 केद्रों का शुभारंभ हो रहा हैं जिनमें 2000 शिक्षार्थियों की पढाया जायेगा । आगे जनपद संयोजकों के माध्यम से इस कार्य को और गति प्रदान की जायेगी। तकनीकी नियंत्रण समन्वयिका राधाशर्मा ने किया। समन्वयन गण में दिव्यरञ्जन, राधाशर्मा, गणेश दत्त द्विवेदी, स्तुति गोस्वामी एवं सहयोगी सवितामौर्य, महेंद्र मिश्र,पूजा वाजपेयी, अजय कुमार हैं । ऑनलाइन कक्षा प्रशिक्षिका सविता मौर्य ने आश्वासन दिया कि लखीमपुर खीरी जनपद में संचालित केंद्र को पूर्ण सहयोग दिया जायेगा एवं संस्कृत माता घर-घर में प्रतिष्ठित हों इस भाव को लेकर संचालित ग्रहे ग्रहे संस्कृतम् योजना को सफल बनाने के लिए हम सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कटिबद्ध हैं योजना मेंप्रशिक्षित निधि मिश्रा के द्वारा शान्ति मन्त्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में समस्त ओनलाईन कक्षाओं के प्रशिक्षक, कर्मचारियों सहित सभी केंद्र प्रमुख , शिक्षार्थी, केंद्र संचालक शिक्षक उपस्थित रहे।



## सफाई न होने से प्रधान के खिलाफ युवाओं ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**

संपूर्णानगर कस्बे में खेल के मैदान में फैली गंदगी और जलभराव को लेकर युवाओं में जमकर आक्रोश देखा गया जिसके बाद उन्होंने कूड़ा कचरा जमा कर स्थानीय व्यापार मंडल ग्राम प्रधान सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया ।

दरअसल संपूर्णानगर कस्बे में एकमात्र पी आई सी मैदान है जहां पर तमाम तरह कि प्रतियोगिताओं को लेकर युवा अपनी तैयारियां करते हैं जहां इस बार उनको रेस लगाने की तैयारी करनी थी, लेकिन मैदान में फैली गंदगी और पानी भरे होने से उनको रेस लगाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।युवाओं का आरोप है कि आसपास के सब्जी और फल वाले व्यापारी मैदान में कूड़ा कचरा डालते हैं, जिससे वहां गंदगी का अंबार जमा हो गया है। गंदगी की वजह से जल निकास बंद होने के कारण बारिश होने से ग्राउंड में पानी भर गया है। जिसके बारे में तमाम संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद भी अभी तक सुनवाई नहीं हुई ।

जिससे क्षुब्ध होकर तैयारी कर रहे युवाओं ने ग्राउंड से कूड़ा निकाल कर सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया जिससे दोनों और वाहनों का लंबा जाम लग गया मौके पर पहुंची पुलिस ने युवाओं को समझाने का काफी प्रयास किया इसके बावजूद युवा प्रदर्शन करते रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजन यादव ने बताया कई बार प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को दिया गया और सोशल मीडिया व अखबार में खबरें प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदारों ने संज्ञान नहीं लिया मजबूरन युवाओं के साथ यह कदम उठाया गया।



## छात्र-छात्राओं में बौद्धिक क्षमता एवं नेतृत्व व अनुशाशन हेतु प्रतिबद्धता

**जन एक्सप्रेस। रिजवान खान**

**पलिया कलां खीरी।** नगर के तेज महेंद्रा सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में छात्र छात्राओं में बौद्धिक क्षमता एवं नेतृत्व क्षमता को गति देने के लिए शिशु भारती, कन्या भारती एवं संसद का चुनाव गुप्त मतदान विधि से कराया गया। शिशु भारती के 35 छात्र/छात्राएं , कन्या भारती की 32 छात्राएं तथा छात्र संसद के 45 छात्रों ने चुनाव में प्रतिभाग किया।

शिशु भारती में छात्र अंशुल राना को अध्यक्ष,छात्रा अंशिका राना को उपाध्यक्ष, गुनगुन शुक्ला को मंत्री एवं अंकुल राठौर को उपमंत्री तथा अनुज राठौर को सेनापति एवं यज्ञ को उप-सेनापति चुना गया। कन्या भारती मे श्रद्धा सिंह को अध्यक्ष एवं इशिता कुशवाहा को उपाध्यक्ष, अनुराधा मिश्रा को मंत्री एवं तनु अस्थाना को उपमंत्री, हर्षिता को कोषाध्यक्ष तथा वैष्णवी को सेनापति चुना गया। छात्र संसद में प्रतीक पाण्डेय को प्रधानमंत्री शौर्य शुक्ला को उपप्रधानमंत्री एवं सह उप प्रधानमंत्री, अनेक शाह को अनुशासन मंत्री, पृथ्वी गुप्ता सह-अनुशासन मंत्री तथा निखिल वर्मा को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। इसी प्रकार अन्य विभाग - स्वच्छता, विद्युत, वन्दना, खोया-पाया, शारीरिक, चिकित्सा, वाहन एवं परस्कर आदि विभागो के प्रमुख सहायक भैया /बहिनों का चयन तथा कई परिषदो का गठन किया गया । इस चुनाव के समय विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह, शिशु भारती प्रमुख आचार्य सुनील कुमार शुक्ल सहायक आचार्या नैना सिंह कन्या भारती प्रमुख आचार्या बीटू तथा छात्र संसद प्रमुख आचार्य सुनीत मिश्र उपस्थित रहे।



## कार की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर के बाहर कार की चपेट में आने से मजदूर घायल हो गया। जिससे जिला अस्पताल ले जाया गया है। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहाबुद्दीनपुर निवासी हरिराम का बेटा अवधेश कुमार ( 30 )रोज गांव से गोला मजदूरी का कार्य करने साइकिल से जाता था। बुधवार की शाम वह काम से घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि लखीमपुर रोड पर शहर के बाहर नेशनल हाईवे पर पीछे से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 25/ सीके 2320 ने टक्कर मार दी। गोला पुलिस की मदद से घायल अवधेश को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ पर डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए प्रथम उपचार कर जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान अवधेश ने दम तोड़ दिया। वाहन स्वामी कार छोड़ कर भाग निकला।

## युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की अलख को जीवित रखना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मुख्य उद्देश्य

**जन एक्सप्रेस। महमूदाबाद (सीतापुर)**

युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की अलख को जीवित रखना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मुख्य उद्देश्य है। शिक्षक राष्ट्र निर्माण की नींव का पत्थर होता है, समाज का निर्माता है। विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों के जुड़ने से यह संगठन विश्व का सबसे अनूठा संगठन बन गया है। छात्र कल का नही आज का नागरिक है। शिक्षक होने के नाते आप सभी इस महायज्ञ के यज्ञिक बनकर राष्ट्र के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में एबीवीपी द्वारा आयोजित शिक्षकों की सदस्यता अभियान के तहत शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष नीतू सिंह ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। बेहतर राष्ट्र निर्माण के साथ देश पुनः विश्व गुरू बने ऐसा प्रयास लगातार हमारे संगठन के द्वारा किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में आए विशेष आमंत्रित सदस्य रूपेश अवस्थी ने कहा कि एबीवीपी छात्र व शिक्षकों के हित में अपने स्थापना काल से लगातार कार्य करता चला आ रहा है। छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जावलन कर किया गया।

अतिथियों का स्वागत उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, प्रधानाचार्य जूनियर वर्ग अनंत रत्नम्, कॉलेज की शिक्षिका प्रतिभा सिंह व मोहिनी मिश्रा द्वारा बैज अलंकरण, पुष्प गुच्छ भेंट व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रदर्शन एबीवीपी के जिला प्रमुख गोपाल सिंह व कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन मंत्री कुलदीप गुप्त द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने संगठन की सदस्यता ली। इस अवसर पर एबीवीपी के विजय शंकर पांडेय, अमन अवस्थी, विशाल वर्मा, दिनेश पोरवाल, सचिन वर्मा, नीरज यादव, अंजली वर्मा, उत्कर्ष अवस्थी, प्रशांत कुमार, प्रिंस कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## चुनावी रंजिश : दबंगों ने बांके से हमला करके किया लहूलुहान

**जन एक्सप्रेस। रामपुर मथुरा सीतापुर**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भागीपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो दिन पूर्व की रात समय करीब 2 बजे किरन देवी पत्नी केशन का लड़का प्रमोद घर के सामने खण्डजा पर बाथरूम कर रहा था तभी गांव के दबंग एवं गुंडा किस्म के बनवारी, भगौती बल्ला, मनोज कुमार, के द्वारा मेरे लड़के प्रमोद को घर के सामने खण्डजा दरवाजे पर से प्रमोद कुमार को उठा ले गए इसी बीच प्रमोद ने शोर मचाना शुरू कर दिया तभी प्रमोद के पिता केशन आवाज सुनते ही अपने लड़के प्रमोद को बचाने के लिए दौड़े इसी बीच विपक्षी बनवारी भगवती बल्ला मनोज विपक्षियों में से किसी ने मेरे सिर पर बांके से प्रहार कर दिया जिससे विपक्षी चोट का फायदा उठाते हुए मेरे लड़के प्रमोद को लात घुसा डंडे से पिटाई जमकर कर दी जिससे बांके के प्रहार से किशन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा ले जाया गया जहां पर केशन के सिर में कई टांके लगाए गए इसी मामले को क्रास केस बनाते हुए विपक्षी के द्वारा फर्जी तरीके से गैंगरेप का आरोप लगाते हुए फर्जी प्रार्थना पत्र दिया है जिससे पीड़ित केशन आदि काफी भयभीत हैं कि गांव में भी चुनावी रंजिश के चलते फर्जी तरीके से गैंगरेप में प्रमोद पुत्र केशन प्रताप पुत्र राम लखन मुन्ना पुत्र चंद्रिका निवासी भागीपुर थाना रामपुर मथुरा को फंसाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है जबकि वास्तविकता पुरानी रंजिश को लेकर के मारपीट का है।



## फास्ट फॉरवर्ड

### बाढ़ का कहर, नदी में समा गया सरकारी स्कूल

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** जिले के फूलबेहड़ इलाके के करदहिया मानपुर का प्राथमिक स्कूल शारदा नदी की लहरों में समा गया। देखते ही देखते कुछ सेकंड में ही पूरा स्कूल नदी की धार में समा गया। 2 दिन में ही करीब 50 मीटर जमीनों को काटती हुई आगे बड़ी शारदा नदी ने इस स्कूल को आगोश में ले लिया। एक दिन पहले ही इस स्कूल के शिक्षक और बच्चों को दूसरे स्कूल में शिफ्ट किया गया था। करदहिया मानपुर प्रधान प्रीतम यादव ने बताया स्कूल को बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। स्कूल नदी में सामने से बच्चों को बच्चों का भविष्य अंधकार में हो गया है।



### जैक फिसलने से एक मजदूर की मौत, चार घायल

**जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र के एक गांव में मकान का लिंटर को उठाते समय जैक अचानक स्लिप हो जाने से उसका मलबा भरभरा कर बैठ गया। जिसके नीचे काम कर रहे मजदूर दब गए। चीख- पुकार पर ग्रामीणों के सहयोग से जब तक सभी को सुरक्षित बाहर निकाला जाता, उसमें से एक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार की शाम गांव सिसोरा नकूमपुर निवासी राजेश मिश्रा के मकान निर्माण का काम चल रहा था। जिसमें पुराने लिंटर को जैक द्वारा ऊंचाई पर उठाने से अचानक नीचे काम कर रहे मजदूरों के ऊपर भरा भरा कर बैठ गया। जिससे चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को बाहर निकाला जाता तब तक उसमें फंसे गांव के गुड्डू (25) पुत्र हरिचरण की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल मजदूरों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।



### आर एन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**जनएक्सप्रेस/तिकुनियां खीरी।** ब्लॉक निघासन के तिकुनियां क्षेत्र में स्थित आर एन इंटरनेशनल स्कूल में साइंस प्रोजेक्ट की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 10 तक बालक/ बालिकाओं ने हिस्सा लिया द्य स्कूल के एम डी शिव कुमार गर्ग व प्रधानाचार्य के दिशा निर्देशन में विज्ञान की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विज्ञान के वरिष्ठ अध्यापक विक्रांत दीक्षित ने वर्किंग मॉडल तैयार करने के तरीके बताये आख़िरकार बच्चों ने बहुत ही सुन्दर प्रदर्शन किया कक्षा 10 में जोबन जीत ने ट्रैकटर बनाया और फॉर्म हाउस बनाया कक्षा 9बी की छात्रा ख़ुशी गोयल ने अमेरकन डॉल बनाया शिवानी चौरसिया कक्षा 6 की बालिका ने भी पेपर चार्ट से टोकरी बनाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य ने मिलकर बच्चों को विद्यालय का सर्टिफिकेट देकर उत्साहवर्धन बढ़ाया । इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापिका स्मिता शाह, अर्चना शाक्य वरिष्ठ अध्यापक सुधीर अवस्थी, शिपेंद्र शर्मा, नमन वर्मा, शैलेश शुक्ला, शशांक दीक्षित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



### निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को बहुआयामी शिक्षा तकनीकी अनुसंधान समिति के प्रदेश नियंत्रक श्री इंजीनियर इस्तियाक अली जी के द्वारा मोहल्ला नौरंगाबाद लखीमपुर में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 लोग लाभान्वित हुए। आई कैंप में डॉ. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी की डॉक्टर्स की टीम ने 150 लोगों की आंखों की जांच की जिसमें 52 लोगों के निशुल्क ऑपरेशन के लिए डॉ.श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल ग्राम सहदेवा गोला शाहजहांपुर रोड मोहम्मदी ले जाया जाएगा। तथा आने जाने वह रहने खाने की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी ।इस अवसर पर संस्था के अनुज पांडे प्रदेश सचिव , कपिल शुक्ला जिला जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव मोहम्मद जावेद , लकी , मो इमरान डॉ.श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल टीम के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर समीर अली, डॉक्टर अमित राठौर, मानवी, अर्चना बाजपेई,पूर्ति तिवारी, आकांक्षा भारती ,अंशु वर्मा, प्राची भास्कर आदि लोग मौजूद रहे।



### एसएसबी और खुफिया एजेंसियों को मिली बड़ी कामयाबी

**जन एक्सप्रेस/तिकुनिया खीरी।** इंडो नेपाल बॉर्डर के थाना तिकुनिया के इंडो नेपाल बार्डर से सतर्क एजेंसियों ने बड़ी कामयाबी को अंजाम देते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की थाना तिकुनिया के बॉर्डर किनारे बसे मुंजहा गांव के तिराहे पे एस एस बी के जवान वा खोफिया एजेंसी ने नेपाल इनेवा इंडियन गाड़ी से आ रहे यूनेवा को रोककर तलाशी के दौरान एनेवा में बैठे चार नेपाली यूवको से पूछ ताछ करने व ऑटो की तलाशी के दौरान करीब करीब चार बैगों में इंडियन रुपयों से भरा बैग दिखा और एक बैग सोना चांदी से भरा था जिसको सुरछा एजेंसियों ने गहनता से पूछ ताछ में लग गई है करेंसी की गिनती वा सोने चांदी को कीमत 10557000 एक करोड़ पांच लाख सत्तावन हजार रुपए जिसमे नगद करेंसी एक करोड़ पांच लाख रुपए नगद 7000000 सत्तर लाख रुपए का सोना चांदी बरामद किया नेपाली यूवको के साथ एक भारती भी सामिल था जो खखरौला का ही। निवासी बताया जा रहा है यह भी बताया जा रहा हैं की यह गाड़ी मालिक यही है जिसकी जानकारी में भी पूरी बात थी कुछ पैसे के लालच में यह कार्य को अंजाम दे रहा था।



### बाढ़ प्रभावित इलाकों का पलिया एसडीएम ने लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी।** गुरूवार को उप जिला अधिकारी पलिया ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों ग्राम आजाद नगर, देवीपुर तथा गजरौरा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान प्रभारी निरीक्षक पलिया तथा संबंधित क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे। इस दौरान स्थानीय व्यक्तियों से बाढ़ के दौरान प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने, बाढ़ के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित ऊंचे/सुरक्षित स्थानों या बाढ़ चौकियों में शरण लेने हेतु अवगत कराया गया तथा आश्वस्त किया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं प्रशासन द्वारा समय उपलब्ध कराई जाएंगी तथा आकस्मिक स्थितियों हेतु प्रत्येक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नाविक मय समस्त आकस्मिक उपकरणों के उपलब्ध रहेंगे।

### करंट लगने से मासूम की मौत परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी नगर के ग्राम शुकलापुर मे पांच वर्षीय मासूम आदिल की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई गौरतलब आदिल पुत्र नईम निवासी शुक्लापुर अपनी मम्मी के साथ अपने मामा की शादी में शाहजहांपुर गया ननिहाल शाहजहांपुर शादी में गया था वहां पर रात को एक बिजली के पंखे में करंट उतर आया जिसको छुते ही मासूम की मौत हो गई मासूम की दर्दनाक मौत से शादी के घर मातमी माहौल हो गया पूरा परिवार गमगीन मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया गया है पूरे घर में कोहराम सा मचा हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने पर रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम हुसेपुरा निवासी पीयूष चौहान पुत्र मुन्ना सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही सोनू कुशवाहा पुत्र कल्याण सिंह और 5 नफर लोगों ने मिलकर फेसबुक के माध्यम से एक वर्ग एवं समाज के बारे में आपत्तिजनक अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिसके चलते पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

### पुलिस ने दर्ज किये मारपीट के दो मामले

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी मुनीम कुमार पुत्र लालता प्रसाद ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरा मामला कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम जमलापुर निवासी रेखा पत्नी मनीष बाजपेई ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही नरेश तिवारी पुत्र मनोज तिवारी ने उसके घर में घुसकर उसके व उसके पति के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### महिला के साथ हुई धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली पुलिस को गोहन थाना क्षेत्र की महिला मीरा पत्नी शिव सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि अखिलेश प्रताप सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी धनोराकला ने उसके साथ धोखाधड़ी करके छल कपट कर प्लाट की रजिस्ट्री करके 450000 रुपये ले लिए और प्लाट पर कब्जा नहीं करने दे रहा है। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

### पशु बांधने के विवाद में जेठानी ने पुत्री के साथ मिलकर देवरानी को पीटा

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** पशुओं के बांधने को लेकर देवरानी व जेठानी में कहा सुनी हो गई। वाद विवाद बढ़ते देख जेठानी ने अपनी पुत्री के साथ मिलकर देवरानी को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल देवरानी ने तहरीर पुलिस को दी। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ा निवासी प्रेमलता अपने पालतू पशुओं को पशुवाढे में बांध रही थी। आरोप है कि तभी जेठानी सोमबती मौके पर पहुंच गई, और वहां पशुओं को बांधने से मना करने लगी। पशुओं को बांधने को लेकर दोनों में कहा सुनी होने लगी। दोनों में छिड़ी बहस के बीच सोमवती की पुत्री राधा भी आ गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि वाद विवाद बढ़ गया। मां वेटी ने एकराय होकर प्रेमलता के साथ लाठी डंडों से मारपीट उसे घायल कर दिया। इस दौरान मचा शोरगुल सुनकर मौके पर परिजन पहुंच गए। परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची घायल महिला ने जेठानी व भतीजी राधा के खिलाफ तहरीर दे दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) नार्थ, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 495/2023
तारीख पेशी- 08.08.2023
**वंशिका शुक्ला**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 सुनील शुक्ला**

वांशिका शुक्ला आयु लगभग 24 वर्ष पुत्री स्व0 सुनील शुक्ला निवासिनी- म0 नं0-266/162 नई बस्ती भदेवा ऐशबाग राजेन्द्र नगर जि. लखनऊ।

.....प्रार्थिनी

**बनाम**

जायदाद स्व0 सुनील शुक्ला पुत्र एम0 एल0 शुक्ला निवासी-म0 नं0 - 266 /162 नई बस्ती भदेवा ऐशबाग राजेन्द्र नगर जिला-लखनऊ।

......विपक्षी

जनसाधारण।

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **08.08.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **30.05.2023** के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत

# सीएचसी में हुआ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । मसौली-बाराबंकी**



राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को सीएचसी बड़गांव पर जिला मनोचिकित्सक डॉ प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जिला मनोचिकित्सक डॉ प्रेम प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि शरीर के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु मानसिक स्वस्थता अत्यंत आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य का आशय भावनात्मक मानसिक तथा सामाजिक संपन्नता से है।

यह मनुष्य के सोचने, समझने, महसूस करने और कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करता है। मानसिक विकार में अवसाद दुनिया भर में सबसे बड़ी समस्या है। यह कई सामाजिक समस्याओं जैसे- बेरोज़गारी, गरीबी और नशाखोरी आदि को जन्म देती है। मानसिक रोगों के विभिन्न प्रकारों के तहत अल्जाइमर रोग, डिमेंशिया, चिंता, ऑटिज़्म, डिस्लेसिया, डिप्रेशन, नशे की लत, कमज़ोर याददाश्त, भूलने की बीमारी एवं भ्रम आदि आते हैं। इसके लक्षण भावनाओं, विचारों और व्यवहार को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने ने कहा कि उदास महसूस करना, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी, दोस्तों और अन्य गतिविधियों से अलग होना, थकान एवं निद्रा की समस्या आने लगती है। सीएचसी अधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को भी गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। राष्ट्रीय आरोग्य निधि योजना के तहत गरीब रोगियों को विाीय मदद भी की जाती है। इस मौके पर लीनिकल साइलोलिजस्ट विनोद पाल, प्रशांत दीक्षित, अहमद अेबास, डॉ प्रीति वर्मा, डॉ वी के मौर्या, एच ईओ आशाराम चौधरी, अशोक कुमार, अतुल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम ऐरी रमपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने कमरे में लगे हुक से रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को केजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम ऐरी रमपुरा निवासी महेंद्र प्रजापति की पत्नी लाड़कुवर 36 वर्ष ने बुधवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर पर ही रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। कुछ ही देर में दम घुटने से उसकी मौके पर मौत हो गई। पति व परिवार के लोगों ने उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो सभी के होश उड़ गए, और उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटक रहे महिला के शव को नीचे उतरवाया और केजे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं मौजूद मृतका के भाई तुलाराम निवासी धमना थाना राठ हमीरपुर ने बताया कि उसकी बहन लाड़कुवर पिछले करीब 6 महीने से कैंसर रोग से पीड़ित थी।

# डीएम ने अध्यापक बनकर बच्चों से पूछे सवाल, बच्चों ने दिए सही जवाब

## डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय कुसमिलियां व आदर्श विद्यालय मौखरी का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने केपोजिट प्राथमिक विद्यालय कुसमिलियां व आदर्श प्राथमिक विद्यालय मौखरी का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। औचक निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य ममता स्वर्णकार अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही नो वर्क नो पे के आधार पर वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होने विद्यालय में छात्र-छात्रायें उपस्थित पंजिका का निरीक्षण करने पर छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के सापेक्ष उपस्थिति कम होने पर संबंधित अध्यापक को पंजीकृत बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये तथा दी जा रही शिक्षा की गुणवेाा का विशेष ध्यान रखा जाये। कक्षा-4 व कक्षा-5 में प्रकाश की व्यवस्था कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवेाा परखने के उद्देश्य से कक्षा-3 व कक्षा-4 के छात्र-छात्राओं निपुण भारत ऐप के माध्यम से सवाल जबाव किये। जिस पर छात्र-छात्राओं ने प्रश्नों के सही उेार दिये। डीएम ने छात्र-छात्राओं को मन से पढ़ाई करने के लिये प्रोत्साहित किया। विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों को, छात्र- छात्राओं को उनकी अभिरूचि के अनुसार पढ़ाये जाने के निर्देश दिये। कहा कि छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को प्रेरित करते हुये छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म में स्कूल भेजे। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, किचिन, पेयजल, अग्निशमन यन्त्र, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त छात्र-छात्राओं के अभिभावक की भूमिका निभा कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, जूता-मौजा, स्कूल बेग एवं मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रही है, ताकि कोई भी छात्र-छात्रायें शिक्षा के उजाले से बंचित न रहने पाये। उन्होने कहा कि गुरूजनों का यह दायित्व बनता है कि वह अपने दायित्वों का निवर्हन कर शिक्षा की गुणवेाा पर विशेष ध्यान दे। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान देखा गया कि स्कूल परिसर की एक कक्ष में दो खिड़की है जिस पर संबंधित ग्राम के दबंगों द्वारा एक खिड़की ईट लगाकर बन्द कर दी गयी व दूसरी खिड़की के पास दुर्गन्धित कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं में संक्रमण फैलने की सेभावना बनी हुयी हैं। जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण का संज्ञान गेभीरता से लेते हुये उपजिलाधिकारी उरई व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरण के निस्तारण के लिये त्वरित मौके पर पहुंचकर दबंग व्यक्ति के खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाये।

# बाढ़ आने से पहले कर ली जाए पूरी तैयारियां : एडीएम

**जन एक्सप्रेस । रामनगर-बाराबंकी**



अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने एसडीएम रामनगर अनुराग सिंह के साथ संभावित बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर तहसील प्रशासन के द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही एडीएम ने संबंधित मातहतों को अपनी जिमेदारी में ढिलाई न करने के आवश्यक निर्देश दिए। बता दें कि गुरुवार को अपर जिलाधिकारी श्री सिंह उप जिलाधिकारी रामनगर के साथ बिझला हेतमापुर बांध सहित बाढ़ से प्रभावित होने वाले संभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां उन्हींने बाढ़ के दौरान ऊंचे स्थानों,तटबंधो पर जहां लोग शरण लेते है, उसे भी देखा। फिर बांध पर साफ सफाई कराने, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, उजाले के लिए विद्युत की व्यवस्था करने एवं क्षतिग्रस्त मार्ग की निर्माणाधीन पुलिया आदि का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी ने कहा बाढ़ आने से पूर्व सभी कमियां पूरी कर ली जाएं। जिन विभागों के द्वारा तराई क्षेत्र में कार्य निर्माणाधीन है। उन्हें अभिलंब पूर्ण करा लिया जाए। जिससे लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। एडीएम के निरीक्षण के दौरान एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार अभिषेक यदुवंशी राजस्व निरीक्षक एवं हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

# मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को ना हो किसी प्रकार की दिक्कत : अपर पुलिस महानिदेशक

**जन एक्सप्रेस । रामनगर-बाराबंकी**



अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन पीयूष मोर्डिया गुरुवार को लोधेश्वर महादेवा में चल रहे सावनी मेले का जायजा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी दिनेश कुमार सिंह के साथ संपूर्ण मेला स्थल में भ्रमण कर संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने गुरुवार लोधेश्वर महादेवा पहुंचकर यहां की व्यवस्था हो का जायजा लिया। यहां उन्होंने आने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर किए गए सभी इंतजामों को देखा। जिसके बाद मंदिर के प्रवेश द्वार सहित मेला परिसर में लगी बैरीकेटिंग, बैरियर, खोया पाया केंद्र, मेला कंट्रोल रूम, अभरण क्षेत्र आदि का सघनता से निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों को को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत है न हो। इसका पूरा`याल रखा जाए। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान, प्रभारी निरीक्षक रामनगर सुरेश पांडेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्येंद्र प्रकाश पांडेय सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जुआ व सट्टा खेलते छह लोग गिरफ्तार

जन एसप्रेस/उरई। अलग-अलग थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान 6 लोगों को जुआ और सट्टा खेलते गिरेतार कर लिया है। पहला मामला रामपुरा थाना क्षेत्र के उप निरीक्षक संतोष शुला ने भैरव मंदिर रास्ते के पास रामपुरा में मुखबिर की सूचना पर पहुंचकर अखिलेश पुत्र ननाही वाल्मीकि और चार नफर लोगों को गिरेतार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2915 रुपये और ताश की गड्डी बरामद कर उनके खिलाफ कार्रवाई की। वही गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम ईटों में उप निरीक्षक दिलीप कुमार ने मुखबिर की सूचना पर गुलाम पुत्र नूर आलम निवासी अजीतापुर को गिरेतार कर लिया। पुलिस उसके पास से सट्टा पर्ची और 900 रुपये बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ जी एट के तहत कार्रवाई की।

### गिरजा बैराज से छोड़ा गया 1 लाख 15 हजार क्यूसेक पानी

जन एसप्रेस/रामनगर-बाराबंकी। सरयू में छोड़े गए ढाई लाख यूसेक पानी के बाद गुरुवार की सुबह फिर एक लाख 15 हजार 326 यूसेक पानी गिरजा बैराज से छोड़ दिया गया है। नदी का खतरे का निशान 106 पॉइंट 7 सेंटीमीटर है। अभी नदी 105 पॉइंट 33 सेंटीमीटर पर बह रही है।इस पानी के पहुंचने से नदी के तलहटी में बसे गांव में कटान तेज होगी और यहां के रहने वालों का अच्छी जगह पर विस्थापन तेजी से बढ़ेगा। ऐसे में जिला प्रशासन ने भी कमर कस ली है। ज्यादातर बाढ़ चौकियों पर सुरक्षाकर्मी तैनात है। गन्ना विभाग से आए अधिकारी खेती किसानी का मुआयना ले रहे है। इसके साथ ही तलहटी के साथ साथ बंधे के बाहर बसे इन गांवों के खेतों में पानी पहुंच चुका है। जिससे यहां लोग नावे बनाने में लग गए है। नदी के बंधे के बाहर हजारों बीघे उपजाऊ जमीने जलमग्न हो चुकी है। जिससे ग्रामीण अपने रोने को मजबूर है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत चरवाहों को अच्छे चारे के लिए हो रही है। जिसके लिए उन्हें कोसों दूर अपने जानवरों को लेकर जाना पड़ता है।

# खाद्य सचल दल की टीम ने होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबों में की चेकिंग, भरा नमूना

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के निर्देशानुसार डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार के नेतृत्व में गर्मी एवं वर्षा के मौसम के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट व दूषित खाद्य/पेय पदार्थों की ब्रिकी की अधिक सेभावना होने के कारण जनपद जालौन में संचालित खाद्य प्रतिष्ठान-होटल/रेस्टोरेन्ट/ढाबों में मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु खाद्य सचल दल की टीम ने जनपद जालौन में विशेष अभियान चलाकर उरई नगर पालिका के दातरे होटल प्रो. अनुराग दातरे स्थान माहिल तालाब उरई के परिसर का संघन निरीक्षण किया व परिसर में गंदगी पाये जाने पर लाईसेंस निलेबन हेतु नोटिस निर्गत किया गया व खाद्य पदार्थ बेसन का नमूना संग्रहित किया गया।

मेसर्स होटल मीट का राजा मच्छर चौराहा उरई स्थित परिसर का संघन निरीक्षण किया गया व साफ-सफाई हेतु नोटिस जारी किया गया व खाद्य पदार्थ सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया गया, मेसर्स माँ अन्नपूर्णा भोजनालय मच्छर चौराहा उरई स्थित परिसर का संघन निरीक्षण किया गया व साफ-सफाई न होने पर नोटिस जारी किया गया। मच्छर चौराहा उरई छोले भटूरे की दुकान प्रो. विवेक रंजन गुप्ता के परिसर का संघन निरीक्षण किया गया व साफ-सफाई हेतु नोटिस जारी किया गया व खाद्य पदार्थ मैदा का नमूना संग्रहित किया गया, फूड सेटी ऑन व्हील वैन के माध्यम से मच्छर चौराहा पर स्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलेध कराने हेतु मौके पर विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे दूध, मिठाईयों, खाद्य तेल, मसाले आदि जाँचकर लोगो को मिलावट के प्रति जागरूक किया गया। उक्त नमूनों को जाँच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जॉच परिणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

# डाल गिरने से 9 घंटे विद्युत आपूर्ति रही ठप, उपभोक्ता हुए परेशान

**जन एक्सप्रेस । मसौली-बाराबंकी**



गुरुवार की प्रातः 6 बजे 33 हजार विद्युत लाइन पर डाल गिर जाने से मसौली विद्युत उपकेन्द्र की आपूर्ति बन्द हो गई। मरेमत के बाद सप्लाई शुरू की गई तो जकरिया फीडर लगते ही उपकेन्द्र में फाल्ड आ जाने से करीब 3 बजे सप्लाई शुरू हो सकी। जिसको लेकर उपभोक्ता पानी, गर्मी, मोबाइल चार्जिंग आदि से परेशान रहे। बता दें कि विद्युत उपकेन्द्र मसौली में गुरुवार की प्रातः 6 बजे अचानक बिजली गुल हो गई। तो कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग शुरू किया। जिसपर शेरपुर गांव के निकट 33 हजार विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिर जाने से फाल्ट हुआ था। उक्त डाल को हटा कर 10 बजे सप्लाई शुरू की गई। जिसपर जकरिया फीडर लगते ही सीलन के कारण उस फीडर की ट्राली में फाल्ट आ गई। जिसकी मरेमत शुरू हुई तो करीब 3 बजे मसौली, जकरिया और बांसा फीडर की बिजली सप्लाई शुरू हो सकी।तब जाकर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

# दहेज हत्या के मामले में पति, सास, ससुर को दस-दस वर्ष का कारावास

**जन एक्सप्रेस । उरई**

दहेज हत्या के मामले में पति सास ससुर को एडीजे न्यायाधीश मोहेमद आजाद ने दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 3-3 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। मामला ऐट थाना क्षेत्र के अमीटा गांव का है। अभियोजन के अनुसार सिरसा कलार थाना क्षेत्र के नयामतपुर गांव निवासी सोनेलाल ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया गया था कि उसकी लड़की की शादी 2018 में अमीटा गांव निवासी हरगोविंद के साथ हुई थी। आरोप है कि दहेज में मोटर साइकिल और रुपए की मांग को लेकर 19 मई को उसकी पुत्री को उसके पति सास व ससुर ने मार डाला था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए एडीजीसी लखन लाल निरंजन ने गवाहों को पेश कर अपना पक्ष रखा। तो बचाओ पक्ष ने कहा कि उन्हें झूठा फंसाया गया है। एडीजे न्यायाधीश मोहेमद आजाद ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने तथा पत्रावली पर उपलेध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद सास ससुर और पति को दहेज हत्या का दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद तीनों को दहेज हत्या के मामले में 10-10 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 3-3 हजार रुपए से दंडित किया गया। अर्थदंड न देने पर 2-2 माह का कारावास भुगतना पड़ेगा।

# जिला कारागार में बंदी महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन एवं इन्सिनेटर मशीन का वितरण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिला कारागार में महिला स्वास्थ्य व जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। जिसमें महिला कल्याण की चेयरमैन प्रवीणा यादव ने महिला बंदियों को पंखे, सेनेटरी नैपकिन एवं इन्सिनेटर मशीन वितरित की। उन्होंने कहा कि यदि जेल में उन्हें किसी प्रकार की समस्या है, या फिर कोई परेशान करता है तो वह अपनी बात उच्च अधिकारियों तक अवश्य पहुंचाएं। उन्होंने महिला बंदियों वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान भी बताया। इस मौके पर स्वयं सेवी संस्था से अंकित सिंह व सर्वेश यादव ने महिलाओं को बताया कि उन्हें जेल में रहकर या-या सावधानी बरतना है। उसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जेल अधीक्षक नीरज देव ने कहा कि महिला बंदियों को निरुद्ध के समय कारागार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। वही कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का चिकित्साधिकारी डा. राहुल बर्मन ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदीप कुमार, तारकेश्वर सिंह, मिथलेश शुला, पूनम तिवारी सर्वेश यादव सहित अन्य स्टाफ व बंदी मौजूद रहे।

# महिला सब इंस्पेक्टर ने पदभार संभाल कर गिनाई प्राथमिकताएं

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



पुलिस प्रशासन में हुए स्थानांतरण के क्रम में उच्च अधिकारियों के आदेश पर गुरुवार को महिला सब इंस्पेटर संजना सिंह ने कालपी कोतवाली में पदभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों के तहत अपराधों पर नियंत्रण के लिए मैं पूरी शिद्दत से जिमेदारी का निर्वाह करूंगी। जिला अमेठी के गौरीगंज की मूल निवासिनी संजना सिंह वर्ष 2015 बैच की सब इंस्पेटर है तथा वर्ष 2006 की रैंकर है। सब इंस्पेटर के तौर पर संजना सिंह झांसी जनपद में नवाबाद, मऊरानीपुर कोतवाली, विश्वविद्यालय समेत कई स्थानों में पदस्थ रह कर कुशलतापूर्वक अपने दायित्वो का निर्वाह कर चुकी है। झांसी से 2 सप्ताह पहले जनपद जालौन में स्थानान्तरण होकर आई सब इंस्पेटर संजना सिंह ने अपनी आमद दर्ज कराई थी। पुलिस प्रशासन के द्वारा जनपद कालपी कोतवाली में उपनिरीक्षक के पद पर उनकी तैनाती की गई है। गुरुवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह के साथ बैठक करके मार्ग दर्शन प्राप्त किया। सब इंस्पेटर संजना सिंह ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नारी उत्पीड़न की घटनाओं पर नियंत्रण करने तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्राथमिकता से कार्य को अंजाम दूंगी।

# आक्रोशित कटान पीड़ितों को पूर्व सांसद ने समझा-बुझाकर कराया शांत

## रात नौ बजे तक जल शक्ति मंत्री के आने का इंतजार करते रहे ग्रामीण व अधिकारी

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के एक दिवसीय दौरे पर बुधवार की देर शाम जिले में पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के लिए निर्धारित दो कार्यक्रमों में से एक पर न पहुंचने के कारण वहां मौजूद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा। आक्रोशित ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया ।आक्रोशित ग्रामीणों को पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया और ग्रामीणों की बात मंत्री तक पहुंचाने का वादा भी किया।



जानकारी के अनुसार 12 जुलाई की रात जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ढोंढरी पैगापुर गांव में राप्ती नदी के कटान को देखे बगैर ही जिले से वापस चले गए। मंत्री के वापस जाने की सूचना पाते ही ग्रामीणों का अक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप था कि सेबन्धित विभाग कटानरोधी कार्य के नाम पर उन लोगों को ठग रहे हैं। मंत्री आते तो वे लोग उन्हें हकीकत से अवगत कराते। रात नौ बजे तक विभागीय अधिकारी और ग्रामीण पैगापुर गांव में जल शक्ति मंत्री का इंतजार करते रहे। इंतजार का सब्र जब टूटा तो लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। बाढ़ खंड के अधिकारियों ने पूर्व सांसद को कराए जा रहे कटान रोधी कार्यों से अवगत कराया। पूर्व सांसद ने कहा कि कटान पीड़ितों की समस्या का निदान कराया जाएगा। बुधवार को सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जिले में दौरा था। उनके आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार उन्हें ढोंढरी पैगापुर गांव में राप्ती नदी के कटान और बाढ़ खंड की ओर कराए जा रहे कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण करना था। इसकी सभी तैयारियां पूरी थीं। कटान स्थल पर बाकायदा टेंट लगाया गया था। जल शक्ति मंत्री को प्रजेन्टेशन देने के लिए बाढ़ खंड के अधिकारी मौजूद थे। मीडिया कर्मियों का भी जमावड़ा पैगापुर गांव में था। जल शक्ति मंत्री के आगमन की सूचना पर कटान से प्रभावित गांव के लोग वहां पहुंच गए थे। वे लोग मंत्री को अपनी व्यथा सुनाना चाह रहे थे। लेकिन जल शक्ति मंत्री काफी विलंब से जिले में पहुंचे। उदईपुर गांव में जब मंत्री संवाद कार्यक्रम कर रहे थे तब तक शाम के सात बज गए थे।

इधर मंत्री संवाद कर रहे थे, उधर कटान पीड़ितों का सब्र टूटता जा रहा था। लोगों ने रात होने पर हंगामा करना शुरू कर दिया। यह बात जल शक्ति मंत्री तक पहुंची। मौके की नजाकत को देखते मंत्री जी का काफिला बलरामपुर से श्रावस्ती के लिए रवाना हो गया। यही नहीं काफिले में शामिल स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मंत्री के जाते ही अपने घर चले गए। जैसे ही यह बात ग्रामीणों तक पहुंची उनका गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप था कि जल शक्ति मंत्री हकीकत को नहीं देखना चाहते थे। यही कारण था कि वह कटान स्थल तक नहीं आए। ग्रामीणों ने यहां तक कहा कि उन्हें अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गुमराह कर दिया। जबकि वह लोग हर साल राप्ती नदी के विनाशलीला का शिकार होते हैं। उधर ग्रामीणों के आक्रोश की सूचना पाकर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र पैगापुर गांव पहुंच गए। उन्होंने समझा बुझाकर ग्रामीणों को शांत कराया। पूर्व सांसद ने कहा कि व्यस्ततम कार्यक्रम व रात होने के कारण जल शक्ति मंत्री गांव में नहीं पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि कटान पीड़ितों की समस्या को जल शक्ति मंत्री तक पहुंचाया जाएगा। उनकी समस्या का समय से समाधान कराया जाएगा, जिससे बाढ़ कटान में होने वाले नुकसान को बचाया जा सके।

### दो करोड़ की लागत से कराया जा रहा कटानरोधी कार्य

ढोंढरी पैगापुर गांव में बाढ़ खंड की ओर से 1.95 करोड़ की लागत से कटानरोधी कार्य कराया जा रहा है। जिससे ग्रामीण संतुष्ट नहीं है। हॉलाकि बुधवार रात कटान स्थल पर मौजूद बाढ़ खंड के अधिकारियों ने मैप के जरिए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र को कराए जा रहे कटानरोधी कार्यों की जानकारी दी। साथ ही यह बताया कि राप्ती नदी किस तरह से कटान के दौरान अपना स्वरूप बदलती रहती है, जिसके कारण कटानरोधी कार्य में परेशानी भी आती है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने यहां पर कहा कि कटानरोधी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। कार्यों में स्थानीय ग्रामीणों की राय ली जाए। अगर कटान पीड़ित संतुष्ट नहीं हैं तो इसका मतलब है कि कार्य में गुणवत्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जो मांग है उससे शासन को अवगत कराया जाएगा। साथ ही बाढ़ और कटान से बचाव के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। क्योंकि बाढ़ और कटान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद गंभीर हैं।

### हर साल 300 गांव झेलते हैं बाढ़ व कटान का दंश

हर साल जिले के लगभग 300 गांव बाढ़ व कटान का दंश झेलते हैं। 100 से अधिक ऐसे गांव हैं जो राप्ती नदी के तट पर बसे हैं। जल स्तर बढ़ते ही यहां के लोगों की मुसीबतें बढ़ जाती हैं। कटान से हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि व फसलें नदी में समा जाती हैं। वहीं सैकड़ों आशियानें भी कटान की भेंट चढ़ जाते हैं। हर बार बाढ़ व कटान के समय जनप्रतिनिधि व प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन देकर लौट आते हैं। बरसात समाप्त होने के बाद पीड़ितों का कोई पुरसाहाल नहीं होता है।

## आकाशीय बिजली गिरने से 6 वर्षीय बालक की मौत

जन एसप्रेस/बहराइच। बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से 6 वर्षीय बालक की मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरा जलालपुर निवासी रामानंद का 6 वर्षीय पुत्र नीरज गांव के बाहर अपने खेत से 6ः30 बजे के करीब अपने परिजनों के साथ घर आ रहा था घर के बाहर ही आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बालक की मौत से घर में कोहराम मच गया थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि मृतक बालक का शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## 43 ग्राम स्मैक के साथ दो भारतीय युवकों को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार

जन एसप्रेस/रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर मादक द्रव्य की तस्करी तेज हो गयी है। मादक द्रव्य की तस्करी को रोकने के लिए दोनों देशों के सुरक्षा बलों ने जांच तेज कर दी है। जिससे मादक द्रव्य तस्कर पकड़े भी जा रहे है। बुधवार को अपरान्ह नेपाल के जमुनहां थाना पुलिस ने बाइक सवार दो भारतीय युवकों को गिरेतार कर लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से 43 ग्राम स्मैक बरामद की गयी है। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 43 लाख रूपये आंकी गयी है। नेपाल जिले बांके के डीएसपी नारायण डांगी ने बताया कि मादक पदार्थ नियंत्रण यूरों व जमुनहां थाने के जवान बुधवार को अपरान्ह भारत से आने वाले लोगों की सघन जांच कर रहे थे। तभी भारत से दो युवक नेपाल सीमा बाइक से प्रवेश कर रहे थे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने इनको हिरासत मे ले लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से 43 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने जुनेद राई और सलमान अली को गिरेतार कर लिया। दोनों भारतीय क्षेत्र के रूपईडीहा कस्बे के घसियारन टोला के निवासी है। नेपाल पुलिस ने इनको मादक द्रव्य अधिनियम के अन्तर्गत जेल भेज दिया है।

**अदालती सूचना**

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0), कक्ष संख्या-40, लखनऊ**
मूलवाद संख्या : 840/2017
तारीख पेशी- 18.07.2023
**हरजीत सिंह अरोरा**
**बनाम**
**देवन शयाम व अन्य**

हरजीत सिंह अरोरा उम्र लगभग 61 (इकसठ) वर्ष पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी-म0नं0-513 (पांच सौ तेरह) एल्डिको उद्यान-2 (दो), रायबरेली रोड, जिला-लखनऊ।

.....वादी

**बनाम**

1-देवन शयाम, वयस्क, पुत्र स्व0 डी0सी0 श्रीवास्तव निवासी- सीक्रेटरी, लखनऊ नगर विकास सहकारी आवास समिति लिमिटेड, एच0आई0जी0 ए-10/2, टिकैत राय कालोनी, मोहान रोड, लखनऊ।, 3-मिथिलेश कुमार यादव, वयस्क, पुत्र रामपलट यादव निवासीगण- ग्राम-कानामऊ, पोस्ट-सौरईया (खुटहन), जिला-जौनपुर, उ0प्र0, 4 सुरेन्द्र कुमार यादव पुत्र स्व0 मोतीलाल यादव निवासी-प्राण पट्टी, पोस्ट-लेदुका, जिला-जौनपुर।, 5- राजदेव यादव पुत्र स्व0 बुधिराम यादव निवासी-ग्राम- रैदासपुर, पोस्ट-फतेहगंज, जिला- जौनपुर।, 6- श्रीमती कलावती पत्नी राजदेव यादव निवासिनी - ग्राम - रैदासपुर, पोस्ट-फतेहगंज, जिला-जौनपुर।, 7- राजेश कुमार यादव पुत्र स्व0 राम केदार यादव निवासी ग्राम व - पोस्ट-शेखों, जिला-जौनपुर।

.....प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **वाद वास्ते बैनामा निरस्तीकरण व अस्थाई निषेधाज्ञा** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह **18/07/2023 ई0 बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर **दिनांक 18.07.2023** को दाखिल करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख **30.05.2023** ई0 को जारी किया जाय।

**-मोहर अदालत**

## विद्युत विभाग के एमडी ने किया सीमांचल नगर पंचायत का दौरा

**जन एक्सप्रेस | रूपईडीहा, बहराइच**

नवगठित नेपाल सीमावर्ती नगर पंचायत रूपईडीहा की बदहाल विद्युत व्यवस्था का जायजा लेने गुरूवार की सुबह माध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी भवानी सिंह खनरौत अन्य विद्युत अधिकारियों के साथ पहुंचे। उन्होने नगर पंचायत में लगे ट्रांसफार्मर और विद्युत तारों का जायजा लिया। इस दौरान कुछ सभासद ने बताया कि पूराने ट्रांसफार्मर और जर्जर तारों पर ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिस कारण आये दिन आये विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है और सीमावर्ती कस्बा अंधेरे में डूब जाता है। रूपईडीहा के लिए अलग फीडर करने की मांग भी उठायी गयी।

रूपईडीहा की विद्युत आपूर्ति कई वर्षो से पूराने ट्रांसफार्मर और जर्जर तारों से की जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र में करीब दो दर्जन ट्रांसफार्मर है। पूराने ट्रांसफार्मर होने के कारण आये दिन अधिक विद्युत भार होने पर जल जाते है। जर्जर विद्युत तार आपस में टकराने लगते है। इस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होती है और नेपाल सीमा का महत्वपूर्ण कस्बा अंधेरे में डूब जाता है। नगर पंचायत बनने के बाद लोगों ने लिखित तौर पर विद्युत विभाग से रोस्टर के मुताबिक नियमित विद्युत आपूर्ति किए जाने, रूपईडीहा के लिए अलग फीडर लगाने, जर्जर ट्रांसफार्मर और विद्युत तारों को बदलने की मांग की थी। जिसके बाद माध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी भवानी सिंह खनरौत, एसी सुनील कुमार, अधिशषी अभियंता कृष्ण कुमार, एसडीओ नानपारा राम मनोहर यादव और सहाबा विद्युत उपकेन्द्र के जेई राम गोपाल अनमोल रूपईडीहा पहुंचे। नगर में लगे सभी ट्रांसफार्मरों की स्थिति का जायजा लिया। विद्युत खेबों पर लगे तारों की जर्जर हालत भी देखी। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रतन कुमार अग्रवाल ने एमडी से मांग की कि रूपईडीहा के लिए अलग फीडर किया जाये। सहाबा सब स्टेशन से बेहड़ा की लाईन अलग की जाये। खराब ट्रांसफार्मर बदले जाये और मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाये। सभासद रजा इमाम रिजवी ने जर्जर विद्युत तारों को बदलने की मांग की और कहा कि तारों के आपस में टकराव होने से ट्रिपिंग होती है। उन्होने अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। विजय कुमार गुप्ता ने हाईटेशन 11 हजार लाइन के नीचे जाल लगाने की मांग की और कहा कि इससे हादसों में अंकुश लगेगा। एमडी ने नगर वासियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। पहली बार सीमावर्ती इस कस्बे में विद्युत विभाग के बड़े अधिकारियों की ओर से विद्युत आपूर्ति की समस्याओं के प्रति उठाये गये इस कदम से लोगों में आशा की एक किरण जागी है।

## डीएम ने सभी गौशालाओं को मॉडल के रूप में विकसित व संचालित करने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

कलेट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं स्थापित गो आश्रय स्थलों की स्थिति ज्ञात किये जाने हेतु नामित मण्डलीय नोडल अधिकारी निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग उ0प्र0 प्रदेश डा0 इन्द्रमणि के साथ निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के संबंध में चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों के अपने-अपने क्षेत्र के निराश्रित गो आश्रय स्थलों को और बेहतर संचालन सुनिश्चित कराने साथ ही उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु योजना बनाने तथा उसे लागू कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पशुचर की भूमि पर वृहद पैमाने पर हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश दिये। तथा सभी गौशालाओं को मॉडल के रूप में विकसित व संचालित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर निदेशक



प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग उ0र प्रदेश लखनऊ ने कहा कि प्रदेश को निराश्रित गोवंश से मुक्त करना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने जनपद में संचालित आश्रय स्थलों में उपलेध सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थलों में गोवंशों के रहने, छाया, चारे, भूसा तथा हरा टीकाकरण एवं उपचार सेबंधित व्यवस्थाएं ठीक पाई। उन्होंने कहा कि किसी आश्रय स्थल में किसी प्रकार की समस्या के पाये जाने पर मुय विकास अधिकारी, जिलाधिकारी व शासन स्तर पर अवगत करायें। सभी प्रकार की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद अयोध्या में गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश लक्ष्य 11503 के सापेक्ष 11793 पशु संरक्षित हैं। जनपद में 06 सचल पशु चिकित्सालय (मोबाइल बैटनरी) उपलेध है, जिनके द्वारा बीमार/घायल पशुओं को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलेध करायी जाती है। किसी भी पशु के घायल होने पर टोल फ्री डायल हेल्पलाइन नेबर 1962 पर सूचित करें। मोबाइल बैटनरी तत्काल मौके पर चिकित्सीय सुविधा उपलेध करायेगी।

## मंडलायुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक
# अयोध्या मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार के साथ अयोध्या मेला क्षेत्र में निरीक्षण कर चौकी नया घाट में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह, एसपी यातायात सहित नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर मेला के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में कांवरियों की सेंया को देखते हुये सभी संबंधित अधिकारीगण त्वरित गति से कार्य करते हुए आने वाले कांवरियों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने दें। उन्होंने कहा कि घाटों पर पर्याप्त जल पुलिस तैनात किये जाय तथा बैरीकेटिंग मजबूती के साथ की जाय। उन्होंने कन्ट्रोल रूम के संचालन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि कांवरियों श्रद्धालुओं की सेंया को देखते हुये सभी मठ-मंदिरों के साधु संतों से मंदिर को अतिरिक्त समय तक खोलने की अपील की जाय, जिससे कि अधिक से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर सकें तथा मंदिर के



आसपास की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसका भी ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति का संचालन सुचार रूप से हो। इसके उपरांत मण्डलायुक्त ने नगर आयुक्त विशाल सिंह के साथ धर्मपथ के किनारे जन सुविधाओं के लिए चयनित स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा उन्होंने धर्मपथ पर साकेत पेट्रोल के पास निर्मित सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था को देखा तथा नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता, तहसीलदार सदर सहित सेबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने सोलर पैनल चोरी करने वाले गिरोह के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | रूदौली-अयोध्या**

कोतवाली क्षेत्र में लगे सोलर पैनलों की चोरी करने वाले एक गिरोह का रूदौली पुलिस ने पर्दाफाश किया है।पुलिस ने गिरोह में शामिल 5 अभियुक्तों को गिरेतार किया है।जिनके पास से चोरी किए हुए 6 सोलर पैनल एक देशी तमंचा दो जिंदा कारतूस सहित एक चाकू भी बरामद हुआ है। आपको बता दें कि कोतवाली रूदौली के शुजागंज चौकी क्षेत्र की बाजारों से पिछले कई दिनों सोलर पैनल चोरी की घटनाएं हुई थी।पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी रही।तभी पुलिस को जरिए मुखविर सूचना मिली कि बिचाला गांव का एक युवक के पास कई सोलर पैनल है।सूचना मिलते ही शुजागंज चौकी प्रभारी विनय यादव अपनी टीम के साथ युवक दबोच लिया।पुलिस की पूँछताक्ष में युवक ने अपने 4 अन्य साथियों के नाम बताए। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया चोरी के मामले में गिरेतार किए गए अभियुक्तों में दिनेश कुमार, विकास, अंकित निवासीगण ग्राम बिचाला बिनीत सोनी दशरथमऊ व सदाकुल्ला शुजागंज के निवासी है। इनके पास से चोरी के 6 सोलर पैनल, एक अवैध देशी तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के अलावा एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। इनके विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

## महावीर मंदिर न्यास के सचिव ने हनुमान गढ़ी की आय को सार्वजनिक करने की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

पटना महावीर मंदिर के सचिव एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अधिकारी किशोर कुणाल ने हनुमान गढ़ी के कुछ सन्तों के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में विगत 22 जून को लगाए आरोपो को खारिज करते हुए कहा कि पटना महावीर मंदिर का अयोध्या हनुमागढ़ी से कोई लेनादेना नही है उनका दावा कोर्ट ने 23 जून को ही खारिज कर दिया है महाबीर मंदिर जे बी संघठन नही है इसके ट्रस्ट में जजेज पदेन पदाधिकारी है और महाबीर मंदिर की आय पहले 11 हजार वार्षिक थी अब 10 लाख रुपये प्रतिदिन हो रही है इसका पूरा लेखाजोखा भी ऑडिट में सुरक्षित है पर अयोध्या हनुमागढ़ी की आय या है उसे एक भक्त के नाते सार्वजनिक करने की मांग की तथा लगाए गए आक्षेप पर खेद व्यक्त नहीं किया गया तो वे कानूनी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे उन्होंने चेतावनी देते हुवे कहा कि यदि मैं कोर्ट चला गया तो कई हनुमागढ़ी के मठाधीश ईडी मनीलांड्रिंग की जांच के दायरे में आ जाएगें इस लिए मुझे विवश न किया जाए और यह भी कहा कि पहले मैं प्रहार नही करता किंतु यदि कोई शुरुआत करता है तो उसको कानूनी जवाब भी देना जानता हूँ।

## अयोध्या आगमन पर नेताओं, कार्यकर्ताओं ने पूर्व राज्य मंत्री का किया भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

समाजवादी पार्टी अल्पसेंयक सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री जनाब शकील नदवी साहब का जिले के आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया टोल प्लाजा पर अल्पसेंयक सभा के जिला अध्यक्ष राशिद जमील ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया पूर्व पार्षद फरीद कुरैशी ने अपने कार्यालय कसाबबाड़ा पर अपने तमाम साथियों और पार्टी नेताओं के साथ माला पहनाकर भव्य स्वागत किया वही मुस्लिम धर्मगुरुओं एवं सिख समुदाय के लोगों ने भी उन्हें माला पहनाकर एवं साफा बांधकर कर अपनी शुभकामनाएं दी पार्टी कार्यालय महानगर पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम के नेतृत्व में 51 किलो की माला पहना कर भव्य स्वागत किया स्वागत समारोह में महानगर के पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी छोड़कर आए मो तमरेज को प्रदेश अध्यक्ष अल्पसेंयक सभा राशिद नदवी साहब ने पार्टी का झंडा देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# एक फैमिली एक आईडी को लागू करने के लिए परिवार के सदस्यों की कराई जाएगी मैपिंग, क्रियान्वयन को लेकर किया गया मंथन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

गुरुवार को विकास भवन सभागार में सदर उप जिलाधिकारी राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी।
बैठक में उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के डायरेट बेनफिट ट्रान्सफर तथा नवीन योजनाओं को डी0बी0टी0 के अन्तर्गत लाने हेतु जनपद के अध्यासित परिवारों हेतु फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान संचालित करने हेतु बताया गया, जिसमें एक परिवार के सभी सदस्यों के एक फैमिली आई0डी0 से मैपिंग कराया जाना है, जिससे कि लाभार्थियों को मल्टीपल बेनफिट में पारदर्शिता लायी जा सके। यह कार्य मा0 मुयमंत्री जी के प्राथमिकता कार्यक्रमों में से एक है। फैमिली आई0डी0 बनाने एवं आधार को 5 एवं 10 वर्ष के अन्तराल पर अपडेट करने हेतु लाभार्थियों को जागरूक कराया जाए।
उन्होंने कहा कि जनपद में बैंक, पोस्ट ऑफिस, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक, भारत संचार निगम लि0, बेसिक शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, सी0एस0सी0 तथा स्वास्थ्य विभाग रजिस्ट्रार बनाये गये है, जिनके द्वारा कुल 135 आई0डी0 द्वारा पिछले 30 दिनों में 16655 इनरोलमेन्ट किये गये, जिसमें 9655 इनरोलमेन्ट अपडेट हुये है। जनपद में आधार का कार्य लगभग 97 प्रतिशत पूर्ण हो गया है, जिससे 0-5 वर्ष के आयु वर्ग में 16 प्रतिशत, 05-18



आयुवर्ग में 103 प्रतिशत तथा 18 व 18 से अधिक आयुवर्ग में 111 प्रतिशत प्रगति हुयी है।
उन्होंने फैमिली आई0डी0 एक परिवार एक पहचान संचालित करने हेतु लाभार्थीपरक योजनाओं में लाभार्थियों को जागरूक करते हुये फैमिली आई0डी0 बनाने हेतु जिला प्रबन्धक सी0एस0सी0, मैनेजर आई0पी0पी0बी0 तथा लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया गया। जनपद में संचालित आधार नामांकन किट्स का समुचित उपयोग कर आधार नामांकन एवं अपडेशन का कार्य पूर्ण कराया जाए। 0-5 वर्ष के आयु वर्ग में आधार संतृप्ति एवं बच्चों का अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेशन हेतु कैप कराकर एवं आधार सेन्टर पर अेयर्थियों की उपस्थिति कराकर आधार नामांकन पूर्ण कराने कराने का निर्देश दिया। न्यू बार्न बेबी का आधार नामांकन हेतु मुय चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आधार किट उपलेध कराकर शतप्रतिशत आधार नामांकन करायें।
लाभार्थीपरक योजनाओं में आधार सीडिंग वैलीडेशन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुय चिकित्साधिकारी को अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। आधार से सेबन्धित धोखधड़ी एवं दुरुपयोग की गतिविधियों को 18 वर्ष से ऊपर आयुवर्ग के नये आधार इनरोलमेन्ट का पुलिस वेरीफिकेशन कराने के पश्चात् ही आधार नामांकन कराएं जाने हेतु सेबन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर तथा विकास खण्ड स्तर पर समस्त अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र तथा ग्राम स्तरीय कर्मचारियों को आधार नामांकन में डायूमेन्ट वेरीफिकेशन का कार्य सही एवं त्वरित गति से करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान नामित प्रतिनिधि यू0आई0डी0 ए0आई0 विवेक कुमार, जिला अर्थ एवं सेंयाधिकारी, अपर मुय चिकित्साधिकारी, तहसीलदार तुलसीपुर, जिला प्रबन्धक सी0एस0 सी0, पोस्ट मास्टर बलरामपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी पचपेड़वा, प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर लीड बैंक मैनेजर व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मां अष्टभुजी मंदिर स्थित तालाब का सुंदरीकरण कार्य लगभग पूर्ण

जन एसप्रेस/अयोध्या। योगी सरकार द्वारा धर्मनगरी अयोध्या व उसके आसपास मौजूद सभी धार्मिक स्थलों का निर्माण कराकर उनका पौराणिक महत्व कायम रखा जाएगा के लिए प्रयासरत हैं। इसी उद्देश्य से राजस्व ग्राम कुशमाहा में स्थित अष्टभुजी देवी मंदिर के सामने स्थित पौराणिक तालाब का सुंदरीकरण के संरक्षण हेतु इंटरलॉकिंग लाइटिंग सीढ़ियां वाटर हार्वेस्टिंग व पौधरोपण तथा 5 वर्षों तक रखरखाव का कार्य रिटेनिंग वाल तथा बैठने की व्यवस्था का कार्य अंतिम चरण में चल रहा यह कार्य 0.55 लाख रुपए से कराया जा रहा हैं। इसका कार्य 95 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका हैं। अधिशासी अभियंता मोद नारायण झा ने बताया कि इस तालाब का सुंदरीकरण कार्य नगर निगम अयोध्या के द्वारा कराया जा रहा हैं। और यह लगभग पूर्ण हो चुका है जल्द ही इसका लाभ जनता को मिलेगा।

# शेरपुरकलां के ग्राम पंचायत अधिकारी पर गिरी गाज, क्लस्टर छिना

* ग्राम पंचायत सदस्यों ने सरकारी धन के दुरपयोग की डीएम से की थी शिकायत
* डीएम के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी ने की कार्रवाई, मची खलबली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




अल्पसंख्यक बाहुल्य ग्राम पंचायत शेरपुरकलां में प्रधान के अस्पताल में भर्ती होने का फायदा उठाकर ग्राम पंचायत अधिकारी ने बड़े पैमाने पर सरकारी धन का दुरपयोग कर डाला। आरोप है कि करीब 20 लाख रुपए का फर्जी तरीके से भुगतान किया गया। ग्राम पंचायत सदस्यों ने मामले की शिकायत डीएम से कर कार्रवाई की मांग की। डीएम के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी को हटा दिया है। उनके स्थान पर एक अन्य ग्राम पंचायत अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। कार्रवाई होने से ग्रापं अधिकारी व उनके चहेतों में खलबली मच गई है। पूरनपुर विकासखंड की अधिकांश ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर जमकर सरकारी धन ठिकाने लगाया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी तक शिकायतें भी पहुंचती हैं लेकिन मिलीभगत के चलते जांच में खानापूरी कर मामले को रफा दफा कर दिया था। कई शिकायतों की तो जांच भी नहीं कराई जाती। ग्राम पंचायत शेरपुरकलां में भी जमकर सरकारी धन का दुरपयोग किया गया। यह आरोप ग्राम पंचायत सदस्य जावेद खां, जुनैद खां, हसमुद्दीन खान, सकील खान, हनीफ खान ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में लगाया था। उनका कहना था ग्राम पंचायत अधिकारी ने मोहम्मद रिजवान ने करीब 20 लाख रुपए का फर्जी भुगतान किया। जबकि ग्राम प्रधान अंजुम बेगम आईसीयू में भर्ती है। मामले को डीएम ने संज्ञान लेकर शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई का भरोसा दिया था। उन्होंने इस संबंध में सीडीओ को भी जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए था। इधर डीएम के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी धमेंद्र प्रताप ने मोहम्मद रिजवान को शेरपुरकलां क्लस्टर से हटा दिया है। उनकी जगह पर ग्राम विकास अधिकारी सुरेशचंद्र को तैनाती दी गई थी। सीडीओ ने तत्काल प्रभाव से उनको जार्च हस्तांतरित करने का आदेश किया है। कार्रवाई होने से ग्राम पंचायत अधिकारी व उनके चहेतों में खलबली मच गई है। हालांकि शिकायतकर्ताओं में खुशी देखी जा रही है।

### क्लस्टर के भी ग्राम पंचायत अधिकारी पर हुई कार्रवाई

डीएम के आदेश पर पूरनपुर विकासखंड के क्लस्टर शेरपुरकलां के ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद रिजवान को हटाने के साथ टंडोला के ग्राम पंचायत अधिकारी मंजुल मिश्रा पर भी कार्रवाई की गई है। उन्हें भी टंडोला क्लस्टर से हटा दिया गया है। इस क्लस्टर में जटपुरा, लाह, पिपरिया जयभद्र, रूद्रपुर और टंडोला ग्राम पंचायत शामिल है। चर्चा है कि टंडोला क्लस्टर में भी विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर सरकारी धन का दुरपयोग किया गया। इस क्लस्टर की भी जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेशचंद्र वर्मा को दी गई है।



# गभिया सहराई क्षेत्र के प्रधानों ने कालेज में शिक्षकों की तैनाती की उठाई मांग

* राज्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज गुरूवार को आज जनसहायोग कार्यालय पर जन समस्यायें सुनी और सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होनें पूरनपुर क्षेत्र के आये कई ग्राम प्रधानों की राजकीय इण्टर कालेज में शिक्षकों की कमी की समस्याओं को सुनते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर कार्यवाही के लिए कहा है, वही जिला विधालय निरीक्षक को फोन पर वार्ता कर वेकल्पिक व्यवस्था करने के भी करने के भी निर्देश दिये है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने जनता दर्शन के दौरान जनसमस्याओं को सुनने के दौरान अधिकारियों से कहा की आमजनों की समस्याओं/शिकायतों के निस्तारण त्वरित गति से किये जाये ताकि जनसमान्य को उसका लाभ मिल सके। पूरनपुर क्षेत्र के गभिया सहराई के ग्राम प्रधान अर्जुन मण्डल, ग्राम पंचायत महाराजपुर के प्रधान सहित भाजपा मण्डल महामंत्री कलीनगर असीम मृधा, मृणाल राय, विक्की आदि ने राज्यमंत्री श्री गंगवार को बताया की गभिया सहराई में राजकीय इण्टर कालेज है जहा लगभग 1500 विधार्थी पंजीकृत है लेकिन इनको पढ़ाने के लिए मात्र 3 सहायक अध्यापक कार्यरत है ऐसे में विधालय के शिक्षण कार्य प्रभावी ढंग से नही चल पा रहा है। उन्होनें बताया की तराई क्षेत्र का उक्त एक मात्र विधालय है जहा दूर दराज क्षेत्रों से विधार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते है। ग्राम प्रधानों ने उक्त कालेज में शिक्षकों की संख्या बढ़ाये जाने की मांग की है। इस पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री का पत्र लिखकर शिक्षकों की तैनाती करने को कहा है वही जिला विधालय निरीक्षक को वेकल्पिक व्यवस्था के लिए शिक्षकों की तैनाती के निर्देश दिये है। इसके अलावा कई अन्य फरियादियों ने पुलिस,राजस्व, वन विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागो की समस्यायें रखी जिनपर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये।

# नल के हत्ते से महिला की हत्या करने पर गुस्साए परिजनों ने आरोपियों के घर में बरसाए पत्थर

* पानी की निकासी जमीन विवाद को लेकर आए दिन होता रहता था विवाद, एक आरोपी गिरफ्तार
* अपर पुलिस अधीक्षक सीओ सिटी कोतवाल सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा, पीएसी तैनात

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला देश नगर में एक महिला की नल के हात्थे से सिर पर बार करके उसकी हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि पानी की निकासी और जमीन के विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस पूरी घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है और परिवार के लोगों ने घर के ही सामने रह रहे कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। जिस पर गुस्साए महिला के परिजनों ने आरोपियों के घर पर पत्थर से पुलिस के सामने ही हल्ला बोल दिया इस पर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें बमुश्किल समझा-बुझाकर शांत कराया। इतना ही नहीं परिजनों का आक्रोश को देखते हुए वहां पुलिस और पीएसी को तैनात कर दिया गया है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला देश नगर की रहने वाली जमुना देवी 45 वर्ष अपने पति से अलग होने के बाद अपने पिता प्रेमराज के घर में रहती थी उन्हीं के घर के पास तुलाराम, अजय तथा सुनील, और उनके भांजे विवेक पक्ष के लोगों से विवाद रहता था। पानी की निकासी और जमीन के विवाद को लेकर ही आए दिन झगड़ा भी होता रहता था। बताते चलें बुधवार रात भी जमुना देवी का सुनील और अजय के साथ झगड़ा हुआ था। जब मृतक जमुना देवी के पिता प्रेमराज आज सुबह लगभग 5~00 बजे के आसपास सो कर उठे तो उन्होंने अपनी बेटी को मौजूद नहीं पाया जिसके बाद घर के गेट को देखा तो ताला पड़ा था जब चाबी लेकर ताला खोलने के लिए आगे बढ़े तो उन्होंने अपनी बेटी का खून से लथपथ शव गेट के पास ही पड़ा देखा जिससे वह दंग रह गए इतना ही नहीं नल का हत्ता भी गायब था और उनकी बेटी के मृतक पड़े शरीर के पास दो चाकू भी मिले। और उन्होंने दो आरोपियों को घर से भागते हुए भी देखा। इसके बाद पिता ने आस-पड़ोस के लोगों को पूरे मामले की सूचना दी और यह बात आग की तरह पूरे मोहल्ले भर में फैल गई इसी बीच घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव सीओ सिटी अंजू जैन शहर कोतवाल नरेश त्यागी मैं फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। साथ ही पुलिस ने फील्ड यूनिट की टीम को भी मौके पर बुला कर जांच पड़ताल कराई।महिला के शव के पास से सब्जी काटने वाले दो चाकू ,नल का हैंडल मिला है।जिससे आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या नल के हैंडल और चाकू से की गई है। मृतका के घर के आसपास काफी भीड़ जमा थी और उसके परिजन काफी गुस्से में थें। और उनका कहना था आरोपी आए दिन मारपीट और हमला करते रहते थे और इस घटना को देखकर मौके से फरार हो गए हैं।

हालांकि पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ के साथ सभी को शांत कराया लेकिन इस वारदात से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वहीं पुलिस ने इस घटना में शामिल आरोपी विवेक को हिरासत में ले लिया है उससे पूछताछ की जा रही है शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं वहीं पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात हुई महिला की हत्या में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# किशोर पर तेंदुए ने किया हमला, घायल

* आनन-फानन में प्राइवेट चिकित्सक के यहां कराया उपचार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** खेत से घर लौट रहे किशोर पर गन्ने में छिपे तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने पर तेंदुआ किशोर को छोड़कर गन्ने के खेत में छुप गया। घायल किशोर का प्राइवेट चिकित्सक के उपचार कराया गया। इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के सीमावर्ती गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज निवासी कृष्ण सिंह(15) गांव से बाहर अपने खेत पर गया था।शाम को साईकिल से खेत से वापस आते समय गन्ने में पहले से छुपकर बैठा तेंदुए ने अचानक किशोर पर झपट्टा मार दिया। बमुश्किल घायल किशोर भागते हुए घर पहुंचा।परिजनो ने गांव में ही उपचार कराया।प्रधान पति सतनाम सिंह ने बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव बाबू सरोज को सूचना देकर इलाज हेतु आर्थिक मदद दिलवाने की मांग की है। बता दें कि बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के अंतर्गत कबीरगंज व हजारा वन चौकी एवं अशोकनगर जंगल व मुरैना गांधीनगर से अशोकनगर जाने वाले पीडब्ल्यूडी मार्ग एवं आसपास के खेतों में भी तेंदुए की चहलकदमी बढ़ जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इतना ही नहीं आए दिन कभी मुरैना गांधीनगर तो कभी अशोकनगर की तरफ तेंदुआ झपट्टा मारकर पालतू पशुओं का शिकार कर लेता है।

## पूना जाने से किया मना, मना करने पर प्रेमी ने प्रेमिका की कर दी थी हत्या

# प्रेमिका का हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

इश्क में प्रेमी प्रेमिकाओं के धोखा खाने के बाद लोगों अपना दुखड़ा सुनाते अक्सर देखा जाता है लेकिन अत्याधिक प्रेम के कारण प्रेमी को अन्य प्रदेश जाने से रोकने की जिद ने प्रेमिका की जान ले ली। वहीं प्रेमिका का हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका प्रेमी ही निकला। जानकारी के अनुसार वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के शिवरामपुर ग्राम निवासिनी सलवरी 18 वर्ष पुत्री जान मोहम्मद उर्फ बोंदे का उसकी बड़ी बहन जमीला के देवर मुबारक उर्फ सहनवाज शेख 22 वर्ष पुत्र वकील शेख निवासी मड़ियाहू बिजुरगा से लगभग पांच वर्ष पूर्व प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। दोनों का प्रेम परवान चढ़ा तो आपस में मिलना जुलना भी शुरू हो गया। बीते सोमवार को मुबारक ने सलवरी को उसके गांव में स्थित बगीचे में मिलने के लिए बुलाया। पिता को भोजन देने के बाद सलवरी बताए गए स्थान पर मिलने पहुंची। जहां मुबारक खुद को नौकरी के सिलसिले में पुना जाने की बात कहने लगा जिस पर सलवरी शादी के बाद पूना जाने की बात कही। छोटी सी बात ने दोनों के बीच मनमुटाव पैदा कर दिया और मुबारक के भीतर के हैवान ने सलवरी के दुपट्टे से ही उसकी गला घोट कर हत्या कर दी। लाश छुपाने के लिए उसने पहले दुपट्टे के सहारे जनवरी को कुएं में लटकाया उसके बाद ब्लेड से दुपट्टे को काटकर लाश को कुएं में गिरा मौके से भाग निकला। आवेश में आकर उसने सलवरी के पिता जान मोहम्मद को फोन करके कहा कि उसने सलवरी की हत्या कर दी है और खुद भी मरने जा रहा है। पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे परिजनों को कुये में सलवरी की लाश मिली। बुधवार शाम मुखबिर की सूचना पर चोलापुर प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने आरोपी मुबारक उर्फ सहनवाज शेख 22वर्ष पुत्र वकील शेख निवासी मड़ियाहू जनपद जौनपुर को महमूदपुर चौराहे के समीप से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त किए गए ब्लेड, दुपट्टे का टुकड़ा मृतका का मोबाइल भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 201 व 404 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजेश त्रिपाठी, हेका. जगजीवन राम, हेका. रामजी यादव शामिल रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गड्ढे में तब्दील हो चुकी सड़क पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

जन एक्सप्रेस/पिंडरा/वाराणसी। वाराणसी पिंडराई मार्ग बड़े बड़े बने गड्ढे व कीचड़ होने से आये दिन होने वाले दुर्घटना से त्रस्त ग्रामीणों ने गुरुवार को उक्त मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस के साथ ब्लॉक के अधिकारी मौके पर पहुच ग्रामीणों को शांत कराया। इस दौरान उक्त मार्ग 2 घण्टे तक जाम रहा। बताते है कि पिंडरा बाजार से सीधे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय पिंडराई तथा एक डिग्री कॉलेज को जोड़ने वाली उक्त सड़क पर नाला न होने से बारिश का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे उक्त सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई। जिससे आये दिन छात्र व छात्राओ के अलावा अभिभावक गिर रहे है। आज सुबह एक छात्र के उस सड़क पर बने गड्ढे में गिरने से आक्रोशित ग्रामीणों ने दोपहर एक बजे चक्का जाम कर दिया। जिससे तीनो स्कूल के दर्जनों शिक्षक को भी ग्रामीणों ने रोक लिया। घण्टे भर जाम के बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर सिंह , एडीओ पंचायत अशोक चौबे, एडीओ सहकारिता प्रियंका मिश्रा व ग्राम प्रधान पति राजेन्द्र पटेल व फूलपुर पुलिस भी मौके पर पहुच गई। उसके बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा तुरन्त नाले को सही कर पाइप लाइन डालने के निर्देश पर ग्रामीण शांत हुए और चक्का जाम खत्म हुआ। इस दौरान ज्योति सिंह, रिशु सिंह, संग्राम सिंह, राजाराम, धनुषधारी, राकेश, मुन्ना, व चन्द्रजीत यादव समेत दर्ज़नो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फरार चल रहे बैंक के बकाएदार का घर कुर्क मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस/सेवापुरी/वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के लोहराडिह गांव में गुरुवार की दोपहर पहुंची राजस्व एवं पुलिस तथा एक प्राइवेट बैंक से संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों ने 8 लाख रुपए के बकाएदार फरार चल रहे व्यक्ति के मकान पर ताला लगाकर उसे सील करते हुए मकान की सुपुर्दगी बैंक के अधिकारियों को दे दी जिससे गांव में हड़कंप मच गया है ।।बताया जाता है कि गांव के सुजीत यादव पुत्र राजपत यादव हिंदूजा फाइनेंस कंपनी से 2019 में होम लोन लिया था जो 8लाख हो गया था बैंक द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी बकाए की अदाएगी नहीं कर रहा था इसके खिलाफ बैंक कर्मचारियों ने अपर जिला अधिकारी के न्यायालय में बाद दाखिल किया था जिनके आदेश पर राजा तालाब की नायब तहसीलदार प्राची केसरवानी एवं राजस्व निरीक्षक संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में बैंक कर्मचारी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच मकान को सीज कर दिया।

### किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/पिंडरा/वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के निमाईच गांव में गुरुवार को दोपहर बाद 16 वर्षीय किशोर ने मानसिक तनाव में फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे घर मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बताते है संजय तिवारी का 16 वर्ष पुत्र आर्यन तिवारी दोपहर डेढ़ बजे कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर चौकी प्रभारी नंदलाल कुशवाहा मौके पर पहुचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया। घटना के बाद परिवार का रो रो कर बुरा हाल था। वह दो भाइयों में छोटा था। सूत्रों के मुताबिक पिछले वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी और पास भी हुआ। लेकिन इधर बीच वह मानसिक तनाव में चल रहा था । जिसके कारण उक्त घटना हुई। वही परिवार के लोग कुछ भी बताने की स्थिति में नही थे।

### पुलिस के छापामारी में चार युवक समेत तीन युवती गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। वाराणसी पुलिस के छापामारी चार युवक तीन युवती पकड़े गये पुलिस पुलिस कर रही पूछताछ। बताया जाता है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के गायघाट इलाके में गुरूवार को पुलिस को सूचना मिली की वहाँ सेक्स रैकेट का धंधा जोरो से चल रहा जिसपर महिला दरोगा सुमन यादव समेत कोतवाली इस्पेक्टर मौके पर पहुंच एक मकान से तीन युवती चार युवकों को रंगे हाथ पकड़ा सभी को कोतवाली लाकर पूछताछ किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों की माने तो वहा से आपत्तिजनक वस्तुओ के साथ आपतजनिक स्थिति में पकड़े गये।



# कांवड़ियों की यात्रा शिव भक्ति का सशक्त माध्यम

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

**यमुनानगर।** ज्योतिष विद्वान और भाजपा नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल ने शिवजी को जल चढ़ाने जा रहे कांवड़ियों के साथ संगम नगरी से झूंसी मार्ग पर तीन किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए उनका हाल चाल पूछा। इस दौरान उन्होंने सकुशल यात्रा की कामना करते हुए कहा कि कांवड़ियों की गंगाजल समेत शिवधाम की पदयात्रा शिव भक्ति का सशक्त माध्यम है। गणवेश में बोल-बम का नारा लगाते कांवड़ियों से प्रकृति से प्रेम और विश्वास का सबसे बड़ा संकल्प व संदेश मिलता है।

### प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जल स्तर बढ़ रहा

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** गंगा और यमुना नदी के जल स्तर में तेज़ी से वृद्धि हो रही है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है।फिलहाल, अभी खतरे के निशान से दोनो नदियां नीचे हैं पर जलस्तर तेजी से बढ़ा है। गंगा नदी का जलस्तर इस प्रकार है। फाफामऊ में एक दिन में 15 सेंटीमीटर बढ़कर 77.73 मीटर पहुंच गया। छतनाग में 12 सेंटीमीटर बढ़कर 74.28 मीटर पर पहुंच गया। इसी प्रकार यमुना नदी में नैनी में 09 सेंटीमीटर बढ़कर 74.68 मीटर जलस्तर पहुंच गया। दोनो नदियों के ख़तरे का जल स्तर 84.73 मीटर बताया गया है।

# करछना में इलेक्ट्रानिक शॉप में सेंधमारी कर लाखों की चोरी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

**यमुनानगर।** करछना क्षेत्र के कौवा बाजार में बीती रात चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप के पीछे की दीवार काटकर नकदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया। बृहस्पतिवार सुबह पता चलने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अभी चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया। करछना के कौवा बाजार में एक महीने के भीतर चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। हैरानी की बात यह है कि इससे पहले हुई घटना में भी पुलिस एफआईआर तक ही सिमट कर रह गई थी। कौवा गांव निवासी शैलेश कुमार पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल की कोहड़ार घाट मार्ग पर कौवा बाजार में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान है। उनकी दुकान पिछले तीन दिनों से बंद थी। 13 जुलाई को जब वह सुबह दुकान खोलने पहुंचा। दुकान का शटर उठाया तो देखा कि पीछे की दीवार में सेंधमारी की गई है। चोरों ने कैश बॉक्स में रखे 15 हजार रुपए नकद के अलावा विभिन्न आकारों में नयी एलईडी टीवी, सीलिंग एवं टेबल फैन, इलेक्ट्रिक चूल्हा, छह बंडल तार, माड्यूलर स्विच सॉकेट, इंडिकेटर समेत तकरीबन तीन लाख के सामान पर हाथ फेर दिया। यह देखकर शैलेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। तहरीर लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

### पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त

बता दें कि चोरी की घटना करछना क्षेत्र में आम बात हो गई है। कौवा बाजार में पिछले दिनों में यह दूसरी चोरी हुई है। इसके पहले फोन की दुकान में लाखों की चोरी हुई थी। लेकिन पुलिस आज तक घटना का खुलासा नहीं कर पाई। ऐसे में लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं कोरांव पुलिस का कहना है कि मौका मुआयना के बाद एफआईआर दर्ज कर चोरों का पता लगाया जा रहा है।

# भूजल सप्ताह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर की गई समीक्षा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



विकास भवन के सरस सभागार में आयोजित बैठक में भूजल सप्ताह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में जन जागरूकता पर जोर दिया गया। जिले में 16 से 22 जुलाई तक ''यह संकल्प निभाना है-हर एक बूँद बचाना है'' विषयक बिन्दु पर 'भूजल सप्ताह' का आयोजन किया गया है। गुरुवार को हुई तैयारी समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने भूजल सप्ताह के आयोजन के सम्बन्ध भू-जल संरक्षण से सम्बन्धित कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने भूजल सप्ताह से सम्बन्धित कार्ययोजना अविलम्ब उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश दिए। साफ तौर पर कहा गया कि सभी विभाग और स्वयं सेवी संस्थाएं मिलकर भूजल सप्ताह कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करें, जिससे भूगर्भ जल के संचयन के लिए आमजन को जागरूक किया जा सके। वर्षा जल संचयन के लिए भी गाँव और नगर में भी लोगों को जागरूक करें। परियोजना अधिकारी अशोक कुमार मौर्या द्वारा समस्त विभागों को दिनांक 16 से 22 जुलाई तक प्रत्येक दिवस पर कृत जागरूकता कार्यों की प्रगति फोटो सहित कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज एवं भूगर्भ जल विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिए। भूगर्भ जल विभाग के हाइड्रोलाजिस्ट रवि शंकर पटेल ने विभागीय कार्ययोजना से अवगत कराया। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियन्ता नलकूप विभाग, एसडीओ वन विभाग, सचिव आईईआरटी, सूचना अधिकारी, क्षेत्रीय निदेशक, प्रदूषण बोर्ड, सहायक अभियन्ता-सिंचाई विभाग, चिकित्साधिकारी-मुख्य चिकित्सा कार्यालय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पीड़ित बेघर परिवारों को मुहैया कराए जाएं पट्टे और आवास

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा

* पूरनुपर ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक को दिया
* वर्ष 2016-17 में शारदा नदी ने मचाई थी तबाही, करीब 80 परिवार हुए थे बेघर

**पूरनपुर।** शारदा नदी में आई बाढ़ की विभीषिका के बाद से बेघर हुए परिवारों को जमीन आवास जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पाई। रमनगरा क्षेत्र के बेघर परिवारों ने आवास और पट्टे की भूमि की मांग की। इस संबंध में ब्लाक प्रमुख कमलेश्वरी दीक्षित ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक बाबूराम पासवान को दिया है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के शारदा नदी किनारे बसे गांव रमनगरा के कई परिवारों को गुजर बसर करने के लिए दो-दो एकड़ जमीन और इंद्रा आवास मिले थे। बताते हैं वर्ष 2016-2017 में शारदा नदी ने तबाही मचाई थी। उस वक्त करीब 80 परिवारों के पक्के आवास और जमीन नदी की भेंट चढ़ गई थी। लोग जान बचाकर पलायन करने लगे। प्रशासन द्वारा सर्वे कराकर शारदा सागर डैम के सीपेज एरिया में इन परिवारों को अस्थाई रूप से बसा दिया था। जल्द ही दूसरी जगह जमीन आवंटित करने का भरोसा दिया था जो अब तक पूरा नहीं किया गया है। यह परिवार मजदूरी कर जैसे-तैसे परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। बाढ़ पीड़ित परिवारों की समस्या के बारे में क्षेत्र पंचायत सदस्य के पति सुरेश राहा ने ब्लाक प्रमुख को अवगत कराया। ब्लाक प्रमुख के पुत्र आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शारदा नदी के कटान पीड़ित परिवारों की समस्या के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री तक विधायक के माध्यम से पत्र भेजा गया है। इसमें उच्च स्तरीय जांच व सर्वे कराकर प्रभावित बाढ़ पीड़ित परिवारों को दूसरी जगह पट्टे और आवास मुहैया कराने की मांग की गई है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इसका संज्ञान लेंगे और बाढ़ पीड़ित परिवारों की समस्या हल कराएंगे।

### शारदा का जलस्तर बढ़ने से घरों में नहीं जल पाते चूल्हे

शारदा सागर डैम की तलहटी में बसे परिवारों के लिए बरसात किसी आफत से कम नहीं है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में होने वाली बरसात के बाद शारदा नदी का जलस्तर बढ़ जाता है। जल स्तर बढ़ने के बाद शारदा सागर डैम और शारदा नदी के बीच बसे इन परिवारों के घरों में बाढ़ जैसे हालात हो जाते हैं। अधिकांश घरों में जलभराव होने से चूल्हे भी नहीं जल पाते। ग्रामीण लंबे समय से समस्या से निजात की मांग कर रहे हैं।

# पांचवी पास सीमा हैदर कैसे दे रही पत्रकारों को अंग्रेजी-हिंदी में खटाखट जवाब: साक्षी महाराज

## सीमा हैदर प्रकरण पर बोले सांसद, कहा जांच एजेंसियां इसे गंभीरता से लें



सांसद साक्षी महाराज।


जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला

**उन्नाव।** चार बच्चों की मां इस उम्र में एक हिंदू के लिए देश छोड़ दे ऐसा संभव नहीं है। यह प्यार कहीं जासूसी का मोहरा तो नहीं। जांच एजेंसियों को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। यह बात सांसद साक्षी महाराज शहर के गदनखेड़ा बाईपास स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों के सीमा हैदर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कही। साक्षी महाराज ने कहा कि सीमा बलूचिस्तान के रहने वाली हैं। कहने को तो वह पांचवीं पास बताई जा रही है लेकिन पत्रकारों से वह जिस तरह से इंग्लिश और हिंदी में बात कर रही है ऐसा अच्छे अच्छे नेता नहीं कर पाते।

उन्होंने के कहा कि चार बच्चों की मां का इस उम्र में परदेश के हिंदू से प्यार! मुझे लगता है कि जांच एजेंसियों को इस मामले की गंभीरता से जांच एजेंसियों को इस मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रेम है या जासूसी का मोहरा कुछ कहा नहीं जा सकता। सांसद ने कहा कि मैं सन्यासी हूं मेरे लिए सारे राष्ट्र के लोग एक समान हैं। क्योंकि यह मामला जांच एजेंसियों के पास है लिहाजा इस संदर्भ में इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

सांसद ने यूसीसी पर छिड़ी बहस को लेकर भी इसका विरोध करने वालों को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में यूसीसी लाना बहुत आवश्यक है। ओवैसी क्या कहते हैं फारूक अब्दुल्ला क्या कहते हैं देवबंद क्या कहते हैं प्रश्न यह नहीं है बल्कि मुख्य प्रश्न यह है कि भारत का संविधान क्या कहता है। भारत के संवैधानिक ढांचे को मजबूत करने के लिए यूसीसी लाना बहुत जरूरी है। उन्होंने मौलाना मदनी के बयान पर कहा कि भारत शरीयत से नहीं चलेगा, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से चलेगा।

## विद्यालयों में पौधरोपण व प्रतियोगिताओं के लिए डीएम ने की ऑनलाइन बैठक



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीते दिन डीएम ने जनपद के सभी माध्यमिक व परिषदीय विद्यालयों में 19 जुलाई को पौधरोपण व पर्यावरण की थीम पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों, समस्त प्रधनाध्यापकों, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ गूगल मीट के जरिए वार्ता की ।

डीएम द्वारा गूगल मीट के माध्यम से सभी सम्बन्धित अधिकारी गण व प्रधानाध्यपकों को निर्देश दिए गए कि 19 जुलाई को प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता तथा प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में आयोजित की जाने वाली स्लोगन प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों का प्रतिभाग कराना सुनिश्चित कराया जाए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरों ने नगर पंचायत के सेंटर को बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में बीती रात चोरों ने नगर पंचायत के एमआरएफ सेंटर को निशाना बनाते हुए दो कमरों की कुंडियां तोड़कर इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरे व पंखे पार कर दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष की ओर से घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गयी है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के पाली रोड पर आजाद नगर मोहल्ले में नगर पंचायत का एमआरएफ सेंटर है। सुबह जब वहां सफाई नायद दिनेश भारतीय अन्य कर्मियों के साथ पहुंचा तो दो कमरों की कुंडियां टूटी मिली। कर्मियों ने इसकी जानकारी लिपिक रोहन राय को दी। उन्होंने पूरे मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार व ईओ अंकिता पटेल को अवगत कराया। चोरों ने सेंटर में लगे चार सीसीटीवी कैमरे, एक इनवर्टर, दो पंखे पार कर दिए। चेयरमैन सुनील कुमार ने बताया कि कोतवाली में सूचना पत्रक भेजा गया है। कोतवाल बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### उन्नाव में नकली नोट वाला गैंग सक्रिय, दो युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बारासगवर पुलिस ने कुंभी गांव के पास दो युवकों को 29700 रुपये की जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बारा सगवर थाना क्षेत्र के धानीखेड़ा-पाटन मार्ग पर गुरूवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कुम्भी गांव के पास खड़े दो युवकों को गिरफ्तार किया। तलाशी में पुलिस को उनके पास से सौ सौ रुपये जाली नोटे बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गयी करेंसी 29700 रुपये की है। पकड़े गए युवकों में एक बिहार थाना क्षेत्र के मोहकमपुर गांव निवासी प्रियांशु (22) पुत्र सूरज सविता जबकि दूसरा उमेश उर्फ अंकित (19) पुत्र विक्रम सिंह कुशवाहा अहिरौला थाना मोहम्मदाबाद जिला गाजीपुर है। एसओ राजपाल ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई मोपेड, महिला घायल

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ग्राम आलमऊ सराय के निकट तेज रफ्तार मोपेड डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में उस पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने अस्पतला में भर्ती कराया है।
जनपद सीतापुर के थाना रामपुर कलां के मधवापुर गांव निवासी संजय अपनी पत्नी निर्मला कुमारी (23) व एक वर्षीय बच्चे को लेकर मोपेड से अपनी साली से मिलने गाजियाबाद गया था। गुरुवार वापस लौटते समय आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ग्राम आलमऊ सराय के निकट अचानक मोपेड अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गयी। हादसे में पीछे बैठी पत्नी निर्मला कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि महिला की गोद में अबोध बच्चा और विक्री चालक दोनों बाल बाल बच गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायल महिला को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### उपजिलाधिकारी से खेत पर कब्जे की शिकायत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव/पुरवा। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुक्तेमऊ निवासी हरि नारायण ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कालूखेड़ा – कांथा मार्ग पर उसकी दो बीघा पैतृक भूमि है। जिसकी गाटा संख्या 496मि है। उक्त भूमि पर गांव के कुछ लोग कब्जा कर खेती कर रहे है।जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से लेकर जिलाधिकारी तक कई बार की गई।कोई सुनवाई ना होने पर राज्य मंत्री अजीत पाल से शिकायत की गई थी।जिसके बाद तहसील प्रशासन ने उक्त भूमि पर फसल खड़ी होने की आख्या लगाकर फसल कटने के बाद भूमि पर कब्जा दिलाए जाने की बात कही थी।लेकिन फसल कट जाने के बाद भी अबतक कब्जा नहीं दिलाया गया है।जबकि उक्त कब्जेदारों द्वारा भूमि पर दोबारा धान की फसल की रोपाई कराई जा रही है। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है जांच कराई जा रही है।

### भीषण जाम देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने खुलवाया जाम

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गुरूवार सुबह करीब पौने दस बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गई। इसी बीच कानपुर की ओर से एक के बाद एक ई बसें आ गई। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। भीषण जाम देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत की और आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास गुरूवार को आरओबी का कार्य होने के कारण दिन में कई बार रूक रूक कर जाम लगा। जिससे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं शाम के समय भी नवीन पुल और बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही।

### अवैध गांजे संग शातिर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि गुरूवार उ.नि. सुशील कुमार, का. गिरीश कुमार, यशवीर एसपी के निर्देश पर संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस ने पुराने यातायात पुल के पहले गंगाघाट रेलवे क्रासिंग के पास मनोहर नगर निवासी शानू को रोका और उसकी तलाशी ली। जहां पुलिस ने उसके पास से झोला बरामद किया और तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर किशोर झुलसा, दो मवेशियों की मौत

जन एक्सप्रेस। हसनगंज, उन्नाव




क्षेत्र के ही तीन गांवो में गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर गंभीर रूप से झुलस गया व दो मवेशियों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य स्थान पर बिजली के तारों पर आकाशीय बिजली गिरने से घरों के उपकरण फुंक गए।
कोतवाली क्षेत्र के भगवंतखेड़ा गांव निवासी दीपक (15) पुत्र रामखेलावन गुरुवार सुबह करीब पांच बजे नित्य क्रिया को जा रहा था तभी अचानक से बिजली की तड़ तड़ाहट सुनकर पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। उसी पेड़ आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। नींदेमऊ ग्राम प्रधान नितिन बाजपेई ने लखनऊ में अस्पताल पहुंच कर पीड़ित का हालचाल लिया।
दूसरी घटना ग्राम पंचायत नसरतपुर जंगलेमऊ के मजरा मुर्लीगढ़ी की है। यहां राजू अवस्थी के घर के बाहर बंधे मवेशियों पर बिजली गिर गई जिससे दो मवेशियों की मौत हो गई। समदपुर भावा गांव में जितेन्द्र यादव उर्फ जीतू के घर पर बिजली गिरने से दिवारे क्षतिग्रस्त हो गई। एसडीएम नवीन चंद्र ने बताया कि जो भी जनहानि हुई है लेखपालों को भेजकर नुकसान का आंकलन कराते हुए रिपोर्ट तैयार कर जिला मुख्यालय भेजी जाएगी।

## कर्मचारी नेता की शिकायत पर जांच करने पहुंचे ए.डी. लखनऊ मंडल

### अस्पताल कर्मी के प्राइवेट लैब संचालित करने की हुई थी शिकायत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

कर्मचारी नेता द्वारा जिला अस्पताल में तैनात एक्सरे टेक्नीशियन की पत्नी के नाम पर नियम विरूद्ध प्राइवेट लैब संचालित होने की शिकायत पर अपर निदेशक लखनऊ मंडल गुरुवार को जांच करने पहुंचे। उन्होंने टैक्नीशियन के बयान दर्ज किए। एक्सरे टेक्नीशियन ने बताया संचालित लैब बंद करा दिया गया है। सीएमओ कार्यालय से इसकी पुष्टि भी एडी ने कराई। बता दें कि कर्मचारी नेता ने शिकायत में आरोप लगाया था कि जिला अस्पताल में तैनात एक्सरे टेक्नीशियन वीरेंद्र की पत्नी के नाम से अस्पताल के सामने एक निजी पैथालाजी संचालित हो रही है जोकि यह नियम विरुद्ध है।
आरोप था कि एक्सरे टेक्नीशियन इसकी जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी गई थी। गुरुवार को अपर निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. सुनील भारती गुरुवार को इस प्रकरण की जांच करने जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एक्सरे टेक्नीशियन को बुलाकर उनका बयान लिया। इसके अलावा उन्होंने सीएमओ कार्यालय से इस बात की जानकारी भी ली की संबंधित पैथालाजी संचालित है अथवा नहीं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक एक माह पूर्व ही उक्त लैब बंद करा दिया गया था। इसके अलावा एडी ने दो एक्सरे टेक्नीशियन के बीच चल रहे विवाद के प्रकरण में संबंधित से पूछताछ की।

## एसडीएम ने किया कटान क्षेत्रों का निरीक्षण, फटे मिले अधिकांश जिओ बैग

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव




गुरुवार को डीएम अपूर्वा दुबे के निर्देश पर एसडीएम नरेन्द्र सिंह,व एसडीएम नम्रता सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता एस के सिंह, दीपक यादव, लेखपाल मनोज यादव के साथ कटान स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने कटान स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकांश जिओ बैग फटे मिले। जिस पर उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मंत्रणा की और कम समय में कैसे फटे जिओ बैग की मरम्मत होगी। इस पर चर्चा की। काफी देर तक कटान स्थल का निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने फटे जिओ बैग की मरम्मत करने के निर्देश दिये। यह सुन सिंचाई विभाग के होश उड़ गये, क्योंकि गंगा में बाढ़ आ चुकी है ऐसे में कम समय में इतनी जल्दी फटे जिओ बैग की मरम्मत नहीं हो सकती हे। ऐसे में बस्ती में रहने वाले लोगों को इस बार भी कटान का डर समाने लगा है और उन्हें अपने आशियाने उजड़ने का भी डर सता रहा है।

# पैदल जा रहे बच्चे को लोडर ने मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

## माता पिता की इकलौती संतान था मृतक, हादसे के बाद भाग रहे लोडर चालक को गंगाघाट पुलिस ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



मृतक यश का फाइल फोटो व जिला अस्पताल में बदहवास बैठे बच्चे के पिता व बाबा।

तेज रफ्तार लोडर ने पैदल जा रहे बच्चे को टक्कर मार दी अेर भीग निकला। परिजन आनन फानन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे चालक को गंगाघाट पुलिस ने लोडर समेत पकड़ लिया है।
माखी थाना क्षेत्र के ऐरा भदियार जंगेनगर चौराहा निवासी सत्यवान गौतम का नौ वर्षीय बेटा यश गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। गुरुवार को स्कूल से आने के बाद दोपहर करीब तीन बजे वह बाबा सीताराम के साथ मवेशी चराने निकला था। बाबा खेतों ने मवेशी चरा रहे थे इसी दौरान यश ने कीचड़ होने की बात कहते हुए घर जाने को निकला। गांव के पास ही परियर-सरोसी मार्ग पर चकलवंशी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने बच्चे को टक्कर मार दी। परिजन आनन फानन घायल बच्चें को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे चालक को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने गाड़ी समेत पकड़ लिया। इकलौते बेटे की मौत पर मां शिवप्यारी समेत अन्य परिजन रो रोकर बेहाल है। एसओ माखी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद ट्रक खंती में पलटा, एक की मौत, साथी घायल



जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित ग्राम भठिया पुर के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गड़रियन खेड़ा निवासी संजय (28) पुत्र पप्पू गुरुवार को मुस्तफाबाद निवासी बुआ गया था। वह मुस्तफाबाद निवासी उमेश (28) पुत्र धनीराम के साथ बाइक से देर शाम बांगरमऊ आ रहा था। रास्ते में भठियापुर के पास आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय विपरीत दिशा से तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और खंती में पलट गया। हादसे में उमेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक पलटने के बाद चालक और परिचालक भाग निकले। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को आनन-फानन यहां के सीएचसी पहुंचाया जहां गंभीर हालत देखकर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

## खंड शिक्षा अधिकारी और बाबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों ने बीते दिन गुरुवार को जिलाधिकारी के कार्यालय पर जाकर ककवन ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता के विरुद्ध ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान छेदी खोटे ने जानकारी देते हुए बताया कि ककवन ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता द्वारा शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है। बताया कि शोषण शिक्षक अशोक यादव के कहने पर हो रहा है। यह भी बताया कि जबरन खंड शिक्षा अधिकारी शोषण करने की नियत से कईयों का वेतन रोक देते हैं। एक वायरल वीडियो का हवाला देते हुए बताया कि इस वीडियो के बाद में अध्यापक अशोक यादव को निलंबित किया गया लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता और बाबू राजेंद्र शुक्ला पर बेसिक शिक्षा अधिकारी मेहरबान हैं और कोई भी कार्यवाही करने की स्थिति में नहीं है। सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में कमलेश गुप्ता और बाबू राजेंद्र शुक्ला पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। यूपीसीडा द्वारा ट्रांस गंगा सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण स्थल से कुछ दूरी पर दो परिवार के लोगों ने दो पक्के मकान और कच्चा निर्माण कराकर कब्जा कर रखा था। यूपीसीडा ने उन्हें नोटिस देने के साथ ही मकानों में नोटिस भी चस्पा की। इसके बावजूद इन लोगों ने अपने निर्माण नहीं हटवाये। जिस पर यूपीसीडा के प्रबंधक ने उन्नाव जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिस पर डीएम ने बुधवार को अतिक्रमण हटाने के लिये नायब तहसीलदार तनवीर हसन को निर्देश दिये थे लेकिन वह बुधवार को किसी काम के चलते आ नहीं सके। गुरूवार को वह लेखपाल सत्यम शर्मा, मुकेश शर्मा भारी पुलिस फोर्स के साथ ट्रांस गंगा सिटी पहुंचे। जहां उन्होंने बुलडोजर से दो मकान और एक कच्चे निर्माण को ध्वस्त करा दिया। भारी पुलिस फोर्स मौजूद होने के कारण कोई भी विरोध तक नहीं दर्ज करा सका। वहीं दो मकान ध्वस्त होने से उसमें रहने वाले परिवार बेघर हो गये।

### बीसीपीएम ने एएसनएम और आशा बहुओं को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस/पुरवा, उन्नाव। गुरुवार को स्थानीय सीएचसी में बीसीपीएम इशहाक अली ने समस्त एएनएम और आशाओं के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि अपने कार्य क्षेत्र में घर-घर जाकर भ्रमण करें और परिवार के सदस्यों को वातावरण स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, शौचालय के प्रयोग, हाथ धोने का महत्व, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, कुपोषण के कारण, मच्छरों से बचाव के उपाय, चूहा छछूंदर आदि पर नियंत्रण सहित कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, कालाजार रोगों के बारे में बताकर परिवार के लोगों को जागरूक करें। साथ ये भी निर्देश दिए की घर-घर जाकर रोगियों की सूचियों को लाइनलिस्टिंग कर ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान एएनएम कृष्ण कांति, कुसुम द्विवेदी, प्रियंका, अलका, रेनू, रेखा, आशाओं में रंजना देवी, अनिता देवी, सुधा, सर्वेश कुमारी सहित आदि मौजूद रहीं।

# लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष पं रवीन्द्र शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शताब्दी गेट पर दिया धरना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीते दिन बुधवार को अधिवक्ताओं ने शताब्दी गेट पर अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन पंडित रवीन्द्र शर्मा संयोजक बिल्हौर घाटमपुर संघर्ष समिति के नेतृत्व में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार धरना दिया। धरने में रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि बिल्हौर घाटमपुर के न्याय क्षेत्र वापसी के वर्ष 2013 से चले हमारे संघर्ष को जनहित में पाते हुए प्रदेश सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल ने गजट 14 जून 2019 जारी कर दोनों तहसीलों के न्यायिक क्षेत्राधिकार को वापस कानपुर नगर में जोड़ दिया था किंतु गजट का क्रियान्वयन नही हुआ। हमारे गजट के क्रियान्वयन के प्रतिवेदनों पर राज्यपाल के निर्देश पर पहले उप सचिव न्याय विभाग के अरुण कुमार राय फिर विशेष सचिव शासन संजय कुमार वर्मा ने गजट क्रियान्वन के लिए महानिबंधक उच्च न्यायालय इलाहाबाद को पत्र भेजे गए किंतु अभी तक क्रियान्वन नही हुआ है। प्रमुख रूप से पी के चतुर्वेदी अश्वनी आनंद मो कादिर राम शंकर मिश्र अशोक श्रीवास्तव संजीव कपूर कांत मिश्र मो. तौहीद श्याम श्रीवास्तव रामेंद्र कटियार प्रमोद द्विवेदी राम जी दुबे देवेंद्र शर्मा पवन तिवारी सुशील सिंह रतन अग्रवाल राकेश सिद्धार्थ विवेक हिंदू शिवम गंगवार इंद्रेश मिश्रा प्रतीक शुक्ला अंकुर गोयल ओ पी दुबे आदि रहे।



## जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस/पुरवा। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के द्वारा ब्लाक मुख्यालय पर जल जीवन मिशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य प्रशिक्षक रामप्रकाश ने जल की गुणवत्ता और दूषित जल से होने वाली बीमारियों तथा जल स्तर को कैसे बचाया जा सके उसके विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा चलायी जा रही जल जीवन मिशन तभी सफल हो सकता है जब ब्लाक और ग्राम पंचायत स्तर से सभी का सहयोग इन टीमों को मिलेगा और जल को बचाने के लिए यह जागरूकता अभियान में सहभागिता निभाएंगे। पीसीए मेराज और कोऑर्डिनेटर सूरज तिवारी, आशीष कुमार, आनंद अवस्थी उत्तम तिवारी आदि लोगो ने कहा कि जल बनाया नही जा सकता है सिर्फ बचाया जा सकता है। इस दौरान एडीओ पंचायत रवींद्र प्रसाद, सीडीपीओ संगीता सिंह, आगनवाड़ी कार्यकत्री रेखा सिंह, ज्योति, रानी, अंजू उर्मिला, विजय सिंह, तरन्नुम खान, सतीश आदि मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूल शासन के आदेशों के उड़ा रहे धज्जियां

## चौबेपुर का वीवीआइपी स्कूल नौनिहालों की जिंदगी से कर रहा खिलवाड़







जन एक्सप्रेस। चौबेपुर

**जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP**

उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जारी निर्देशों की धज्जियां उड़ाते प्राइवेट स्कूल नजर आ रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों की बसों में भूसे की तरह भरे जा रहे बच्चों की खबर चलने के बाद खुद को बचाने के लिए स्कूल के जिम्मेदार अब दूसरों पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं।
चौबेपुर क्षेत्र में सिर्फ एक नहीं बल्कि कई स्कूल पैसों के लालच में नोनीहालो के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हैं जिसे स्कूलों की छुट्टी और खुलने के समय आसानी से सड़को पर दौड़ रहे स्कूल वाहनों में देखा जा सकता हैं जिसमे बच्चों को भूसे की तरह भर कर स्कूल छोड़ा व लाया जा सकता हैं फिर चाहे बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़े या कुछ भी हो उन्हें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनके आंखों पर तो सिर्फ पैसो की पट्टी बंधी हैं। वही ज़ब जन एक्सप्रेस टीम वायरल फोटो के बाद इस प्रकरण के बारे में बात करने वीवीआईपी स्कूल पहुँचे तो जिम्मेदार स्कूल के डाइरेक्टर पुरुषोत्तम बाजपाई ने अपनी जिम्मेदारी से पलड़ा चढ़ते हुए पूरा जिम्मेदार स्कूल के ट्रांसपोर्ट को बताया बोले कि हम फोटो लेने के बाद बच्चों को छोड़ते व लाते हैं लेकिन ट्रांसपोर्ट मैनेजर संदीप कुमार की गलती की वजह से यह घटना सामने आई हैं अब सवाल यह उठता हैं कि क्या सिर्फ यह कह देने मात्र से वह अपनी जिम्मेदारी से कैसे पीछे हट सकते हैं क्या इसका जिम्मेदार सिर्फ ट्रांसपोर्ट विभाग हैं और यदि हैं भी तो क्यों मुख्य जिम्मेदार लोगो ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया।

### जन एक्सप्रेस की अभिभावकों से निवेदन

जन एक्सप्रेस टीम की तरफ से हर अभिभावकों से अपील हैं कि आप लोग अपने जिगर के टुकड़े को किसी लायक बनाने के लिए स्कूल तो भेजते हैं लेकिन सिर्फ यही आपकी जिम्मेदारी ख़त्म नहीं हो जाती आपको ध्यान रखना देना हैं कि जिस किसी साधन से आप अपने नोनीहालो को भेज रहे हैं उसकी जांच जरूर करें और देखे कि आपके पैसे देने के बाद भी कही आपके नोनिहाल को स्कूल तक पहुंचने में कोई परेशानी तो नहीं आ रही और यदि कोई कोई परेशानी हो तो तुरंत इसकी शिकायत स्कूल व थाने में दर्ज कराये क्योंकि ये आने वाला भविष्य हैं जिसे सुरक्षित रखना आपकी भी जिम्मेदारी हैं।

## सूचना

मैने अपने पुत्रवधू श्रीमती रमा मिश्रा पत्नी स्व. वीरेंद्र कु. मिश्रा, पोती अल्पना शुक्ला पत्नी गोपाल शुक्ला, दामाद गोपाल शुक्ला, पोती कल्पना तिवारी पत्नी अनिल तिवारी, पौत्री पूजा मिश्रा, पौत्रगण आस्तिक मिश्रा व शिवम् मिश्रा पुत्रगण वीरेंद्र कु. मिश्रा से संबंध विच्छेद करके इन्हे अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**श्रीमती सरला मिश्रा**
**पत्नी स्व. अवधेश कु. मिश्रा**
**निवासिनी - 106/59 गांधी नगर, कानपुर नगर।**

# भाजपा के विधानसभा मार्च के दौरान लाठीचार्ज, जहानाबाद के नेता की मौत

## पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, आंसू गैस के गोले भी दागे, पुलिस ने कहा, चोट के निशान नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा के विधानसभा मार्च के दौरान पटना पुलिस पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में दर्जनों विधायक और सांसद घायल हो गए। इसमें एक भाजपा नेता की मौत हो गई है। राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने दावा किया है कि लाठीचार्ज के दौरान जहानाबाद के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह के सिर में चोट लग गई। गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। वहीं पटना जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि जहानाबाद के विजय सिंह छज्जू बाग में सड़क किनारे अचेतावस्था में पाए गए थे। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है। उन्हें पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। विस्तृत विवरण प्राप्त किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मामले की जांच करवाई जा रही है।



### सांसद रामकृपाल यादव बोले, बिहार सरकार भाजपा के आंदोलन से बौखला गई

इधर, डाकबंगला चौराहा पूरी तरह से रणक्षेत्र में तब्दील हो गया है। सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात हैं। भाजपा नेताओं को जब आगे नहीं बढ़ने नहीं दिया गया तो प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत दर्जनों नेता बीच रोड पर बैठ गए। भाजपा सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि हमलोग शांतिपूर्ण तरीके से मार्च पर निकले थे। अचानक पटना पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। नीतीश सरकार भाजपा के आंदोलन से बौखला गई है। इसलिए ऐसा तानाशाही रवैया अपना रही है। इधर, इस आंदोलन के कारण गांधी मैदान और डाकबंगला चौराहा इलाके में यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप है। आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

### नेताओं और कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

बता दें कि भाजपा के वरीय नेता और कार्यकर्ता नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मा का दर्जा देने की मांग विधानसभा मार्च पर निकले थे। डाकबंगला चौराहा पर तैनात पटना पुलिस ने पहले भाजपा नेताओं को पीछे हटने कहा। लेकिन, भाजपा नेता नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस नेताओं और कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। इतना ही नहीं आंसू गैस के गोले भी दागे गए। पुलिस वाटर कैनन का प्रयोग कर रही है। इसी दौरान भाजपा के नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा समेत कई नेता चोटिल हो गए।

### लोकतंत्र की हत्या की जा रही है: सुशील मोदी

भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि सरकार आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रही है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यह अन्याय है। पुलिस के लाठीचार्ज में भाजपा के जहानाबाद के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह की मौत हो गई है। वहीं पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पटना पुलिस ने महिलाओं को भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया है। हमलोग शांतिपूर्व तरीके से आगे बढ़ रहे थे इतने में पुलिसकर्मी लाठी बरसाने लगे। भाजपा के आंदोलन से बिहार सरकार डर गई है।

### टैलेंट पर सवाल

मोदी ने आगे कहा कि शिक्षकों को गाली देने का काम सरकार के मंत्री कर रहे हैं। बिहार के शिक्षा मंत्री बच्चों के टैलेंट पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में कहीं चले जाइए बिहार के लोग पढ़ाते नजर आएंगे। आज बिहार की अस्मिता का सवाल है। बिहार को अपमानित करने का काम बिहार के नीतीश कुमार की सरकार ने किया है।

### सिर में लगी थी चोट, अस्पताल में मौत

पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने बताया कि जहानाबाद के महामंत्री विजय कुमार सिंह को पुलिस ने बुरी तरह से पीटा। उनको नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सिर में गंभीर चोट थी। उन्हें वहां से गंभीर हालत में पीएमसीएच ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। सुशील मोदी ने कहा कि हमारी महिला कार्यकर्ताओं को भी पीटा गया। इधर, इस मामले पर पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि छज्जूबाग में विजय कुमार सिंह बेहोश मिले थे। उनके शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं है। मौत की पुष्टि अभी नहीं की जा सकती है।

### बीजेपी ने 10 लाख नौकरी का मांगा हिसाब

बिहार बीजेपी ने इस कार्यक्रम को लेकर एक प्रेस रिलीज भी जारी किया है। इसमें सरकार से 10 लाख लोगों को नौकरी देने का हिसाब मांगा गया है। प्रेस नोट के जरिए सरकार से सवाल किया गया है कि अभी तक कितनी नियुक्तियां हुई और कितनी प्रोसेस में है। प्रेस नोट के जरिए पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने कहा कि विपक्ष सरकार से लगातार सवाल कर रहा है, लेकिन पिछले तीन दिनों से विधानसभा में सरकार जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि उल्टे सरकार नियोजित शिक्षकों से परीक्षा देने को कह रही है, जिन्हें 42 हजार रुपए मिल रहे हैं।



### देश में हिंदू देवी देवताओं के नाम से ढाबा चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग


जन एक्सप्रेस। मुंबई। भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर मांग किया है कि पूरे देश में पिछले कुछ वर्षों से हाईवे एवम चौकों पर हिंदू देवी देवताओं के नाम पर मुस्लिमों द्वारा ढाबा चलाने की शिकायत मिल रही है। इनके ढाबों पर घी के नाम पर गौमांस की चर्बी परोसने की भी शिकायत मिल रही है। यह किसके इशारे पर हो रहा है? इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर में लगभग 60 ढाबों को बंद करवा कर जांच करने का आदेश देकर बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है। भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि मेरे इस पत्र को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करें।

# चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के लिए काउंटडाउन शुरू

## बाहुबली रॉकेट से आज दोपहर 2:35 बजे भेजा जाएगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्टेशन में चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के लिए 25:30 घंटे का काउंटडाउन गुरुवार को दोपहर 1.05 बजे शुरू हो गया। लॉन्चिंग शुक्रवार दोपहर 2:35 बजे सतीश धवन स्पेस सेंटर से होगी। चंद्रयान-3 को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए अपग्रेडेड बाहुबली रॉकेट यानी लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (एमवी-3) तैयार है। एमवी-3 का लॉन्चिंग सक्सेस रेट 100 प्रतिशत है। मिशन की सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिक तिरूपति वेंकटचलापति मंदिर पहुंचे। पूजा के लिए वैज्ञानिक चंद्रयान-3 का मिनिएचर मॉडल भी अपने साथ ले गए। चंद्रयान 24-25 अगस्त को चांद पर उतरेगा। अगले 14 दिन रोवर लैंडर के चारों ओर 360 डिग्री में घूमेगा और कई परीक्षण करेगा। रोवर के चलने से पहिए के जो निशान चंद्रमा की सतह पर बनेंगे, उनकी तस्वीर भी लैंडर भेजेगा।




### इतना अहम है चांद

- चांद के गुरुत्व बल से पृथ्वी धीमी गति से घूमती है। चांद न हो तो पृथ्वी तेजी से घूमेगी, दिन जल्दी बीतेगा। दिन महज छह घंटे का होगा।
- चांद न हो तो हम न चंद्र ग्रहण देख पाएंगे, न ही सूर्य ग्रहण।
- जब पृथ्वी पर चंद्र ग्रहण होता है, तब चांद पर सूर्य ग्रहण होता है।
- धरती से सूर्य-चंद्रमा एक आकार के दिखते हैं। सूर्य की तुलना में पृथ्वी से 400 गुना करीब होने से चंद्रमा सूर्य के बराबर दिखता है।
- धरती से चांद का सिर्फ 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत हिस्सा ही दिखाई देता है।
- चांद पर अब तक 12 मानव जा चुके हैं। हालांकि, 1972 के बाद पिछले 51 साल से कोई मानव चांद की सतह पर नहीं उतरा।

### चांद पर राष्ट्रध्वज लगाने वाला चौथा देश बनेगा भारत

भारत चंद्रमा पर राष्ट्रध्वज पहुंचाने वाला चौथा देश बनेगा ही, चांद के दक्षिणी ध्रुव के करीब पहुंचने वाला पहला देश भी होगा। यह वही इलाका है जहां चंद्रयान-1 के दौरान मून इंपैक्ट प्रोब छोड़ा था और इसरो ने पानी होने का पता लगाया था।

### इस बार लैंडर में चार ही इंजन, पांचवां हटाया

इस बार लैंडर में चारों कोनों पर लगे चार इंजन (थ्रस्टर) तो होंगे, लेकिन पिछली बार बीचोंबीच लगा पांचवां इंजन हटा दिया गया है। इसके अलावा फाइनल लैंडिंग केवल दो इंजन की मदद से ही होगी, ताकि दो इंजन आपातकालीन स्थिति में काम कर सकें। इसी तरह इस बार ऑर्बिटर नहीं है, लेकिन प्रोपल्शन मॉड्यूल होगा जो लैंडर और रोवर से अलग होने के बाद भी चंद्रमा की परिक्रमा में घूमेगा और चंद्रमा से धरती पर जीवन के लक्षण पहचानने की कोशिश करेगा। भविष्य में इस डेटा का इस्तेमाल अन्य ग्रहों, उपग्रहों और तारों पर जीवन की खोज में हो सकेगा। 2019 में चंद्रयान-2 की आंशिक सफलता के बाद 4 साल में इसरो ने लगातार ऐसे परीक्षण किए, जिनसे चंद्रयान-3 की हर संभावित खामी से निपटा जा सके। मसलन, फेल होने पर क्या होगा और हल या विकल्प क्या हो सकते हैं। यह जानकारी इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने शेयर की। उन्होंने बताया कि 2019 में हम सॉफ्ट लैंडिंग में असफल रहे थे।

# एक से ज्यादा शादी पर लगेगी रोक

## असम के मुख्यमंत्री बोले, इसे तुरंत बैन करना चाहता हूं, अगले सत्र में विधेयक लाएंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा, राज्य सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। अगले विधानसभा सत्र में इससे जुड़ा विधेयक पेश किया जाएगा। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हम राज्य में बहुविवाह पर तुरंत बैन लगाना चाहते हैं। सितंबर में होने वाले विधानसभा सत्र में इसे बैन करने का विधेयक पेश करेंगे। अगर किसी वजह से इस सत्र में बिल नहीं ला पाए तो इसे जनवरी में सदन में पेश किया जाएगा। ये बातें उन्होंने गुवाहाटी में मीडिया से बात करते हुए कहीं। सीएम का यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश में समान नागरिक संहिता पर बहस चल रही है। इस दौरान उन्होंने यूसीसी का भी करने समर्थन करने की बात कही।

### यूसीसी पर फैसला संसद में होगा: हिमंत बिस्वा सरमा

सीएम बोले कि लॉ कमीशन ने इसके लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं, संसद में इसे लागू करने के बारे में फैसला लिया जाएगा। राज्यों का भी इसमें योगदान होगा। अगर यूसीसी आ गया तो यह हमें कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून यूसीसी में विलय हो जाएगा। इस दौरान मीडिया ने सरमा से यूसीसी पर कांग्रेस के रुख पर सवाल किया। जवाब में असम के मुख्यमंत्री ने कहा, क्या कोई कांग्रेस का नेता अपनी बेटी ऐसे पुरुष को देगा जिसकी पहले से ही 2 पत्नियां हों? कांग्रेस मुस्लिम महिलाओं का दुख नहीं समझ रही है, सिर्फ मुस्लिम पुरुषों के लिए काम कर रही है।



### 2026 तक बाल विवाह पर नया कानून लाने पर विचार

सीएम सरमा ने फरवरी 2023 में कहा था कि हमारा रुख स्पष्ट है, असम में बाल विवाह को रुकना चाहिए। बाल विवाह के खिलाफ हम नया कानून लाने के बारे में चर्चा कर रहे हैं। 2026 तक हम बाल विवाह के खिलाफ नए कानून लाने पर विचार कर रहे हैं, जहां जेल की अवधि दो साल से बढ़ाकर 10 साल की जाएगी।

### सीएम ने लिया था बाल विवाह पर कार्रवाई का फैसला

अगर असम में बहुविवाह से जुड़ा विधेयक सदन में आता है तो राज्य सरकार का शादियों से जुड़े मामलों में यह सालभर में दूसरा बड़ा कदम होगा। इससे पहले 23 जनवरी 2023 में असम सरकार ने 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वाले पुरुषों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करने का फैसला किया था। सीएम के इस फैसले के एक महीने के भीतर असम पुलिस ने राज्य में 3000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से ज्यादातर नाबालिग दुल्हनों के पति और उनके परिवार के पुरुष सदस्य थे। जब इन गिरफ्तारियों का विरोध शुरू हुआ तो सीएम ने यहां तक कह दिया- आपके पास दो विकल्प है, या तो मुझे यहां से हटा दो या बाल विवाह बंद करो, तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अपराधियों को हर छह महीने में गिरफ्तार किया जाएगा।

### यूसीसी पर सुझाव भेजने की आखिरी तारीख आज

लॉ कमीशन ने 14 जून 2023 को यूसीसी पर सार्वजनिक रूप से लोगों और संगठनों के सुझाव मांगे थे। आयोग का मानना है कि यह मुद्दा देश के हर नागरिक से जुड़ा है, ऐसे में कोई फैसला लेने से पहले उनकी राय जानना जरूरी है। यूसीसीपर सुझाव देने की आखिरी तारीख 14 जुलाई है। 10 जुलाई की शाम तक कमीशन को यूसीसी पर 46 लाख सुझाव मिल चुके हैं। इनमें से कुछ लोगों और संगठनों के सुझावों पर बात करने के लिए आयोग ने उन्हें निजी तौर पर बुलाया है। कुछ लोगों को इसके लिए न्योता भी भेजा जा चुका है।

# देश के 75 जिलों बाढ़ का खतरा सबसे ज्यादा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में करीब 72 फीसदी जिले अत्यधिक बाढ़ की घटनाओं के संपर्क में आते हैं लेकिन उनमें से केवल 25 फीसदी में ही स्तर के बाढ़ पूर्वानुमान केंद्र या पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। स्वतंत्र नीति अनुसंधान थिंक टैंक 'द काउंसिल ऑन एनर्जी एनवायरनमेंट एंड वाटर' की रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ के उच्च जोखिम के बावजूद बाढ़ की प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) के मामले में असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि हिमाचल प्रदेश ईडब्ल्यूएस की सबसे कम उपलब्धता वाले राज्यों में से एक है। दूसरी ओर, उत्तराखंड अत्यधिक बाढ़ की घटनाओं के संपर्क में है, लेकिन बाढ़ ईडब्ल्यूएस की उच्च उपलब्धता है। हिमाचल अभी बड़े पैमाने पर बाढ़ से जूझ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यमुना के उफान पर आने से दिल्ली भीषण बाढ़ की चपेट में है। यह अत्यधिक बाढ़ के संपर्क में है और ईडब्ल्यूएस के जरिए इसमें मध्यम स्तर का लचीलापन है। भारत में 66 फीसदी व्यक्ति अत्यधिक बाढ़ की घटनाओं के संपर्क में हैं। हालांकि, उनमें से केवल 33 फीसदी ही बाढ़ की प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली द्वारा कवर किए गए हैं। इसके अलावा 25 फीसदी भारतीय आबादी चक्रवातों और उनके प्रभावों के संपर्क में है। हालांकि, चक्रवात की चेतावनी 100 फीसदी आबादी के लिए उपलब्ध है। रिपोर्ट में कहा गया है, जिला स्तर के विश्लेषण से पता चला है कि भारत के 72 फीसदी जिले अत्यधिक बाढ़ की घटनाओं के संपर्क में हैं, लेकिन इन जिलों में से केवल 25 फीसदी में स्तर के बाढ़ पूर्वानुमान केंद्र हैं।

### प्रोफेसर का हाथ काटने के मामले में 3 को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केरल की एनआईए कोर्ट ने प्रोफेसर का हाथ काटने के मामले में 3 लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। मामले में बुधवार को 6 लोगों को दोषी करार दिया गया था। विशेष एनआईए कोर्ट के जस्टिस अनिल के भास्कर ने साजिल, नसर और नजीब को कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे आतंकी वारदात करार दिया। कोर्ट ने प्रोफेसर जोसेफ पर हमले के मामले में 11 में से पांच आरोपियों को बरी कर दिया था। यह मामला साल 2010 का है आरोपी प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के सदस्य हैं। हमले के पीड़ित प्रोफेसर टीजे जोसेफ ने कहा कि उनके मन में हमलावरों के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)